विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 72 ▸▸ अंक 127 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 04 फरवरी, 2025
माघ शुक्ल पक्ष 06/07, विक्रम संवत् 2081
नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com

"भक्ति एक भावना के रूप में शुरू होती है, लेकिन वहीं पर खत्म नहीं होती। आखिरकार, भक्ति का परिणाम विसर्जन होता है।
- 'सद्गुरु जग्गी वासुदेव'



महाकुंभः आखिरी अमृत स्नान

# वसंत पंचमी पर ढाई करोड़ श्रद्धालुओं का 'अमृत' पान

प्रयागराज, जेएनएन।

वसंत पंचमी के अमृत स्नान पर त्रिवेणी संगम में आस्था का जनसैलाब उमड़ा है। महाकुंभ के तीसरे व आखिरी अमृत स्नान पर नागा संन्यासियों के साथ देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु भी साक्षी बने। भोर में साढ़े चार बजे सबसे पहले महानिर्वाणी संतों ने त्रिवेणी में स्नान किया। पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी, श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़े, किन्नर अखाड़ा के साथ त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक लखनऊ पहुंचे। भूटान नरेश ने मंगलवार को कुंभ में डुबकी लगाएंगे।

### संगम नोज पर सर्वाधिक भीड़

संगम नोज पर श्रद्धालुओं की सर्वाधिक भीड़ है। तीसरे और अंतिम अमृत स्नान पर्व पर संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए लोगों का रेला उमड़ा है। लाल मार्ग हो या काली मार्ग या फिर त्रिवेणी मार्ग, हर तरफ श्रद्धालुओं का सैलाब संगम में मिलने के लिए उमड़ रहा है।

### सुरक्षा चाक-चौबंद

विश्व के सबसे बड़े समागम में संगम जाने वाली सड़कों पर हर तरफ आस्था, उत्साह उल्लास छाया है। रेलवे स्टेशनों पर लोगों की भीड़ रही। पार्किंग के अलावा खाली स्थानों और पटरियों पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने डेरा जमा लिया। एहतियातन प्रशासन ने चुस्त-दुरुस्त इंतजाम किए हैं।

### 12 किमी की परिधि में गगनभेदी जयघोष की गूंज

करीब 12 किमी की परिधि में फैले संगम के घाटों पर स्नानार्थी ही नजर आ रहे हैं। कोई दंड-कमंडल लेकर तो कोई सिर पर गठरी और कंधे पर झोला-बोरा लिए संगम की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। रास्ते भर जय गंगा मैया, हर-हर महादेव और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष गूंज रहे हैं। मेले में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है।

### तलवार, गदा और डमरू लेकर पहुंचे साधु-संत

हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख। शरीर पर भभूत। आंखों पर काला चश्मा। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए साधु-संत स्नान के लिए संगम पहुंचे। सबसे पहले पंचायती निरंजनी अखाड़े के संतों ने संगम में अमृत स्नान किया। फिर सबसे बड़े जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने डुबकी लगाई। शाम 5 बजे तक सभी 13 अखाड़ों ने स्नान किया। संतों का आशीर्वाद लेने लाखों श्रद्धालु संगम पर थे। लोग नागा साधुओं की चरण रज माथे पर लगाते नजर आए। 30 से ज्यादा देशों के लोग भी अमृत स्नान देखने के लिए संगम पहुंचे। हेलिकॉप्टर से संगम पर 20 क्विंटल फूल बरसाए गए। महाकुंभ का मंगलवार को 22वां दिन है। 6 बजे तक 2.33 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 34.97 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगा चुके हैं।

### अखाड़ों के लिए सेफ कॉरिडोर

मौनी अमावस्या स्नान पर्व हादसे से सबक लेते हुए इस बार अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के लिए सेफ कॉरिडोर बनाया गया है, ताकि शाही सवारियां निकलने के दौरान उस रास्ते पर कोई आम श्रद्धालु प्रवेश न कर सकें।




# भाजपा विधायक के भाई ने 'हिस्सा' मांगने पर अपने ही बेटे को मारी गोली

## निर्दयी पिता, जान बचाने छत पर भागा तो सीढ़ियों पर ही किया ढेर

जागरण, उज्जैन

उज्जैन जिले में भाजपा विधायक के बड़े भाई ने जमीन और पैसों के विवाद में बड़े बेटे को गोलियां से भून दिया। आरोपी मंगल मालवीय घट्टिया से भाजपा विधायक सतीश मालवीय के भाई हैं। दुकान और जमीन के पैसों को लेकर पिता इतना नाराज हो गया कि अपनी लाइसेंसी 12 बोर बंदूक से बेटे पर तीन फायर किए। सिर और छाती पर गोलियां लगने से बेटे की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना माकड़ौन तहसील के सुचाई गांव की है। मंगल मालवीय का बेटे अरविंद मालवीय (30) से जमीन और किराना दुकान के पैसे को लेकर विवाद हुआ था। सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे कहासुनी इतनी बढ़ी कि गुस्से में मंगल ने लाइसेंसी बंदूक से बेटे अरविंद पर तीन फायर किए। पहली गोली चलने के बाद वो छत की तरफ भागा तो पिता भी पीछे दौड़ पड़ा। भागते हुए ही उसने बेटे पर दो और फायर किए। एक गोली उसके सिर और दूसरी सीने पर लगी। गोलियां लगने से अरविंद सीढ़ियों पर ही गिर गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पहुंची पुलिस ने मंगल को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ की जा रही है।



मृतक अरविंद

मां के हिस्से की जमीन के बदले मामा से मिले दस लाख रुपए में हिस्सा मांग रहा था बेटा



पिता मंगल

### 7 बीघा जमीन को लेकर भी विवाद

पुलिस के मुताबिक, आरोपी मंगल मालवीय के दो बेटे और दो बेटियां हैं। परिवार के पास माकड़ौन में करीब सात बीघा जमीन है। अरविंद बड़ा बेटा था, उसका एक बेटा भी है। पिता-बेटे के बीच देवास के सुनवानी गांव में भी पैतृक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मंगल लंबे समय तक घर जमाई बनकर रह रहा था। बाद में उसने अलग घर बना लिया। कुछ दिन पहले ही मंगल के साले ने जमीन बेची थी। जमीन पर पत्नी का हक होने की बात को लेकर मंगल ने इस जमीन की बिक्री पर आपत्ति लगा दी थी। बाद में साले और मंगल के बीच समझौता हुआ और साले ने करीब 10 लाख रुपए मंगल को दिए थे। बेटा अरविंद जमीन की इस राशि में अपना हिस्सा मांग रहा था और इसी बात को लेकर पिता-पुत्र में विवाद इतना बढ़ा कि मंगल ने घर में ही अपने बेटे को मौत के घाट उतार दिया।

# अब राजधानी में भी भीख लेना-देना, दोनों अपराध

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी को भिक्षावृत्ति मुक्त करने को लेकर जिला प्रशासन ने सोमवार से कार्रवाई शुरू कर दी। महिला एवं बाल विकास एवं सामाजिक न्याय विभाग के सवा महीने पहले तैयार प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके मुताबिक अब राजधानी में भीख लेना, देना दोनों अपराध होगा। मामले में शिकायत होने पर पुलिस एफआईआर भी दर्ज करेगी। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने फिलहाल एडीएम सिद्धार्थ जैन को भीख लेने और देने के मामले में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। भिक्षावृत्ति रोकने चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जाएगी। एसडीएम स्तर पर फ्लाइंगं स्क्वॉड के जरिए भिखारियों के पुनर्वास, उत्थान का कार्य किया जाएगा। स्क्वॉड चौराहों की निगरानी भी करेगी। इसके पहले इंदौर में भिक्षावृत्ति रोकने कदम उठाए गए हैं।

**कोलार में पहला भिक्षुगृहः** आदेश के तहत कोलार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद आश्रय स्थल को भिक्षुक गृह के तौर पर संचालित किया जाएगा। देर शाम आदेश भी जारी कर दिए गए। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के अनुसार भिक्षुओं के पुनर्वास एवं उत्थान के लिए कार्यक्रम तैयार करेंगे। इसके बाद योजना पर अमल होगा।

# राहुल ने कहा, पीएम ने पहल अच्छी की, पर प्रयास विफल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने चीन का नाम लेकर मेक इन इंडिया के जरिए मोदी सरकार पर तंज




कसा। राहुल ने कहा, प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया की पहल की, यह अच्छा विचार था, प्रधानमंत्री ने प्रयास किया, लेकिन यह प्रयास विफल रहा। राहुल ने कहा, एक देश के रूप में हम विनिर्माण में विफल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि चीजों को निर्मित करने का काम चीन की कंपनियों को दे दिया गया है। राहुल ने मोबाइल फोन दिखाते हुए कहा, यह मेड इन इंडिया नहीं, बल्कि असेंबल्ड इन इंडिया है। उन्होंने कहा, देश को चीजों को बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया को लेकर प्रयास किया, लेकिन यह विचार विफल रहा, क्योंकि उत्पादन दर घट गई। भारत को अब निर्माण पर जोर देना होगा। 60 वर्षों में विनिर्माण का सबसे कम हिस्सा है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## अमेरिका जाएंगे मोदी, 13 को होगी ट्रंप से मुलाकात!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 13 फरवरी को मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड



ट्रंप की मुलाकात हो सकती है। इस यात्रा के दौरान ट्रंप, पीएम मोदी के लिए डिनर भी होस्ट कर सकते हैं। मोदी फ्रांस की यात्रा समाप्त करने के बाद 12 फरवरी की शाम वॉशिंगटन डीसी पहुंचेंगे। 14 फरवरी तक वॉशिंगटन में रहेंगे। पीएम अमेरिकी बिसजेसमैन भारतवंशी समुदाय से भी मुलाकात कर सकते हैं। मोदी और ट्रंप के बीच 27 जनवरी को बातचीत हुई थी।

## भंडारे का बासी खाना खाने से 200 बीमार, 60 गंभीर

**जागरण, शिवपुरी।** प्रदेश के शिवपुरी जिले के मामोनीकलां पंचायत में भंडारे का खाना खाने से तीन गांव के करीब 200 लोग बीमार हो गए। इनमें से 60 लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में ही कैंप लगाकर मरीजों की जांच कर रही है। मरीजों की संख्या ज्यादा होने से स्कूल और आंगनवाड़ी को अस्थायी अस्पताल बनाकर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर्स का कहना है कि हर घर में एक से दो मरीज हैं। अभी मरीजों की संख्या बढ़ सकती है। जानकारी के अनुसार गांव में शनिवार को हनुमान की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भंडारे का आयोजन हुआ था। भंडारे का प्रसाद और बचा खाना ग्रामीण घर ले गए। रविवार को सभी ने यही खाना खाया। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**3 गांवों में पहुंची डॉक्टरों की टीम, स्कूल-आंगनबाड़ी में किया भर्ती**

## इंद्रा नूई की बहन चंद्रिका टंडन ने जीता ग्रैमी अवॉर्ड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय-अमेरिकी म्यूजिशियन चंद्रिका टंडन ने एल्बम 'त्रिवेणी' के लिए बेस्ट न्यू एज, एम्बिएंट या चैंट एल्बम श्रेणी में ग्रैमी



पुरस्कार जीता। उन्होंने रिकी केज और अनुष्का शंकर को पछाड़कर यह सम्मान जीता। चंद्रिका पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंद्रा नूई की बहन हैं। 67वें ग्रैमी का आयोजन लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना में हुआ। चंद्रिका ने सहयोगियों, दक्षिण अफ्रीकी बांसुरी वादक वाउटर केलरमैन और जापानी सेलिस्ट इरु मात्सुमोतो के साथ यह पुरस्कार जीता।

**प्रजनन चक्र** | अन्य प्राणियों को लेकर किए गए जीव विज्ञानियों के शोध में खुलासा

# मनुष्यों की तरह कुछ जीवों में भी मेनोपॉज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रजोनिवृत्ति को अक्सर एक विशिष्ट मानवीय अनुभव माना जाता है, लेकिन जीव विज्ञानियों के शोध में यह पता चला है कि कई अन्य प्राणी प्रजातियां भी इस महत्वपूर्ण जीवन संक्रमण से गुजरती हैं। इस घटना के पीछे विकासवादी कारण वैज्ञानिकों को लगातार आकर्षित करते रहते हैं कि यह विशेषता इन पशु समुदायों की सामाजिक संरचनाओं और पारिवारिक संबंधों को कैसे लाभ पहुंचाता है। मनुष्यों में मेनोपॉज सामान्य है, लेकिन जानवरों और खासकर जलचरों में इसका पाया जाना दुर्लभ है। कुछ जानवरों और पानी में रहने वाले जीवों में प्रजनन क्षमता के निष्क्रिय होने की अवधि तय होती है। स्त्रियों के प्रजनन चक्र में एक उम्र के बाद एक अवस्था आती है, ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### किलर व्हेल (ऑर्कास)

किलर व्हेल रजोनिवृत्ति के संबंध में सबसे अधिक अध्ययन की



जाने वाली प्रजातियों में से एक है। मादा ऑर्कस अपने प्रजनन वर्षों के बाद दशकों तक जीवित रह सकती हैं, अक्सर अपने पोते-पोतियों को पालने में मदद करती हैं। यह विस्तारित जीवनकाल उनके समूहों की सामाजिक संरचना और अस्तित्व बनाने में योगदान देता है।

### शॉर्ट-फिन्ड पायलट व्हेल

मादा शॉर्ट-फिन्ड पायलट व्हेल भी रजोनिवृत्ति का अनुभव करती हैं। वे अपने प्रजनन वर्षों की तुलना में मेनोपॉज के बाद अधिक समय तक जीवित रहती हैं। मेनोपॉज के बाद ये युवा पीढ़ियों की देखभाल करने में सहायता करती है।

### चिंपांजी



मादा चिंपांजी भी रजोनिवृत्ति से गुजरती है। प्रजनन बंद करने के बाद भी कई वर्षों तक जीवित रहती है। इस दौरान ये समुदायों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, युवा चिम्पांजी के साथ ज्ञान और संसाधन साझा करती है।



अभिषेक टी-20 के सितारे बनकर उभरे, शमी ने साबित की फिटनेस... (पेज 11)



## प्रधानमंत्री से उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने की शिष्टाचार भेंट



**ऐतिहासिक, सर्वसमावेशी एवं लोक कल्याणकारी बजट के लिये व्यक्त किया आभार**

**जागरण, रीवा।** प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी से उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संसद भवन नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ऐतिहासिक, सर्वसमावेशी एवं लोक कल्याणकारी बजट के लिये आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी से राज्य के विकास के विभिन्न विषयों में मार्गदर्शन प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायक होता है। जनहित के कार्यों में समर्पण के भाव और नव ऊर्जा का संचार करता है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी से मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की और मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश निरंतर कार्य कर रहा है। उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण के लिये प्रतिबद्ध है।

## श्रीमद् भागवत कथा का समापन 7 फरवरी को

**जागरण, रीवा।** शिव दुर्गा मंदिर के पूर्व में नालंदा विवि के सामने अनंतपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन गत 1 फरवरी से आयोजक सम्पति कुमार दुबे द्वारा किया जा रहा है। भागवत कथा के श्रोता नितिन कुमार दुबे हैं। श्रीमद्भागवत कथा का श्रीश्री 108 श्री नागेन्द्रमणि त्रिपाठी गुरू महाराज रसास्वादन करा रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा में डॉ. रामसुन्दर, कैलाश प्रसाद, बसंत कुमार, शशिकान्त, शैलेन्द्र कुमार, सतीश कुमार, दिनेश कुमार, संदेश कुमार, प्रियांशु कुमार, आयुष, शिविन कुमार, शिवम कुमार सहित समस्त दुबे (समदरिया) परिवार का सहयोग प्राप्त हो रहा है। श्रीमद् भावगत कथा का समापन आगामी 7 फरीवरी को किया जाएगा। 8 फरवरी को प्रीतिभोज का आयोजन किया जाएगा।

### महापौर के पत्र से रेमकी के एक और बढ़े घोटाले का खुलासा

# निगम में अनुबंध की उड़ाई गई धज्जियां 42.95 करोड़ का किया अतिरिक्त भुगतान

**अधिकारी और ठेकेदार को उपकृत करने में जुटे, मेयर ने अड़ा दिया पेच**

**शासन को भी पत्र लिखा गया लेकिन मौन साधे बैठे वरिष्ठ अधिकारी**

जागरण,रीवा

नगर निगम में काम करने वाले ठेकेदारों को उपकृत करने के मामले आम हैं, समय-समय पर इनके खुलासे भी होते हैं लेकिन इन पर कार्यवाही नहीं होने से अफसरों के हौसले और बुलंद हो जाते हैं और वह ठेकेदारों को उपकृत करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। नगर निगम की अब तक की सबसे चहेती रेमकी कंपनी का एक और घोटाला सामने आया है। महापौर अजय मिश्रा बाबा के पत्र ने इस घोटाले का खुलासा किया है। इस बार रेमकी को 42.95 करोड़ के अतिरिक्त भुगतान का खुलासा महापौर ने किया है। हैरानी इस बात की है कि महापौर ने इस अतिरिक्त भुगतान का खुलासा करते हुए पूर्व निगमायुक्त सहित वर्तमान निगमायुक्त को जानकारी भी दी लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। मामले से महापौर ने शासन को भी अवगत कराया लेकिन इस गंभीर मामले को लेकर ध्यान नहीं दिया गया। हालांकि नगर निगम सहित 28 नगरीय निकायों के कचरा उठाव का कार्य कर रही रेमकी कंपनी के घोटालो की लंबी फेहरिस्त है, कई बार घोटाले सामने भी आएं लेकिन अफसर पत्राचार तक ही सीमित रह गए। ननि रीवा से लेकर राजधानी तक बैठे विभागीय अफसर इस कंपनी पर पूरी तरह से मेहरबानी बनाए हुए हैं।

**क्या है मामला...** बता दें कि महापौर अजय मिश्रा बाबा ने अपने पत्र में खुलासा किया है कि रीवा एमएस डब्ल्यू होल्डिंग(रेमकी) के साथ जो अनुबंध एकीकृत ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन हेतु किया गया था, वह यह था कि कंपनी द्वारा 158.67 करोड़ में पहड़िया स्थित आवंटित स्थल में वेस्ट टू कंपोस्ट एवं वेस्ट टू एनर्जी का संयंत्र स्थापित कर संचालन करना है। वेस्ट टू कंपोस्ट प्लांट में कचरे का प्रोसेसिंग कर खाद बनाकर गांव बनानी थी व कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कर वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में कचरा जलाकर बिजली बनाने का प्रवधान था। यह कार्य पूरा करने के बाद कंपनी को 1746 रुपए प्रति टन के हिसाब से भुगतान करना था और जब तक कचरे से बिजली नहीं बनती है तब तक कंपनी को परिवहन हेतु ट्रिपिंग फीस का 40 प्रतिशत यानि 698 रुपए प्रति टन भुगतान करना था, लेकिन कंपनी को वर्ष 2021 से लेकर 2024 तक में अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करते हुए जिम्मेदार अफसरों ने 42.95 करोड़ का फर्जी भुगतान कर डाला। नियमतः कंपनी को 41 हजार एमटी का 28.63 करोड़ 698 रुपए प्रति टन के हिसाब से करना चाहिए था लेकिन निगम प्रशासन द्वारा 1746 रुपए प्रति टन के हिसाब से 71.56 करोड़ रुपए का भुगतान कर डाला। इस मामले से महापौर ने पूर्व में भी पत्र लिखकर निगमायुक्त और शासन को अवगत कराया लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्यवाही अब तक नहीं की गई।



### निगमायुक्त ने शासन को लिखा पत्र

रेमकी कंपनी ने निगम प्रशासन से 14.78 करोड़ के भुगतान की मांग की है, जिस पर नगर निगम आयुक्त डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने शासन को पत्र लिखा है कि रीवा नगर निगम में योजना से संबंधित वरिष्ठ अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, इसलिए भुगतान के लिए परीक्षण संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों से कराया जाए। इस पर भी महापौर अजय मिश्रा बाबा ने पत्र लिखा है कि जो वरिष्ठ इंजीनियर सेवानिवृत्त हुए हैं, वह इलेक्ट्रीकल इंजीनियर थे, लेकिन उनको इस योजना की जिम्मेदारी दी गई। योजना के आने के बाद से कई अधिकारी इस योजना में शामिल रहे। इसलिए जिस प्रकार से निगमायुक्त ने भुगतान के लिए पहल करते हुए शासन को पत्र लिखा है, वैसे ही वह एक निष्पक्ष समिति गठित कर पूर्व में किए गए और वर्तमान में किए जा रहे भुगतान की जांच कराएं और जांच के बाद ही किसी प्रकार का कोई भुगतान किया जाए।

### कचरे से पटा प्लांट अफसर मौन

बता दें कि रेमकी कंपनी ने वर्ष 2017 से नगर निगम सहित नगरीय निकायों में कचरा उठाव की जिम्मेदारी है लेकिन इसके कार्य से सभी निकाय असंतुष्ट हैं। वजह, कंपनी द्वारा कचरे का उठाव ठीक तरीके से नहीं किया जाता। इतना ही नहीं, बिल जरूर अफसरों की मेहरबानी से कंपनी द्वारा बनवा लिया जाता है। महापौर ने पत्र में लिखा है कि कंपनी द्वारा प्रयागराज, बलिया, जौनपुर सहित अन्य राज्यों से कचरा लाकर जलाया जा रहा है और उसके एवज में यहां के निर्धारित रेट से अधिक रुपए लेकर आर्थिक लाभ कंपनी ले रही है। जबकि पहड़िया कचरा प्लांट में कचरा पटा हुआ है, मृत जानवरों तक को निस्तारित नहीं किया जा रहा है। जिससे यहां आस-पास के गांव दुर्गंध से प्रभावित हैं और कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन अफसरों ने इस मामले में भी मौन साध रखा है।

> कचरा उठाव कर रही कंपनी रेमकी को अनुबंध की शर्तों के विपरीत अधिकारियों ने भुगतान किया है, इस संबंध में निगमायुक्त सहित शासन को पत्राचार किया गया लेकिन हैरानी इस बात की है कि इस गंभीर मामले में अब तक निगमायुक्त सहित शासन स्तर से अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की, उल्टा भुगतान के लिए पत्र लिखा जा रहा है। यदि कार्यवाही नहीं होती है तो एमआईसी में प्रकरण को रख लोकायुक्त एवं आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो शाखा से जांच कराए जाने की अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी।
>
> **अजय मिश्रा बाबा, महापौर ननि।**

> भुगतान नियमतः ही किए जाते हैं, भुगतान के पहले हर तरह से परीक्षण कराया जाता है। महापौर का पत्र मिला है, उसमें परीक्षण कराया जा रहा है।
>
> **डॉ.सौरभ संजय सोनवणे, निगमायुक्त ननि।**

### उठाव से ज्यादा का बिल बनाती है कंपनी

रेमकी के इस प्रकार के घोटाले पूर्व में भी सामने आ चुके हैं, कंपनी द्वारा कचरा उठाव से वजन बताकर अधिक भुगतान लिए जाने का खुलासा कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी के जांच में आया था, जिसके बाद तत्कालीन निगमायुक्त ने शासन को इस संबंध में पत्र भी लिखा था लेकिन कुछ दिन मामले को लेकर निगम कार्यालय में हड़कंप मचा रहा, बाद में अफसरों से मौन साध लिया। शासन स्तर से भी बड़ी कार्यवाही की बात की जा रही थी लेकिन अफसरों ने ध्यान ही नहीं दिया और रेमकी को उपकृत कर दिया गया।

## अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ निगमायुक्त सख्त, दर्ज होगी एफआईआर



**अधिकारी कर रहे मनमानी, जमकर लगाई फटकार**

**जागरण,रीवा।** लगातार निगमायुक्त के निर्देश के बाद भी अधिकारी अवैध कॉलोनियों व अवैध कॉलोनाइजरों पर कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। निगमायुक्त ने सोमवार को संबंधित सभी अफसरों को जमकर फटकार लगाई और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। निगम सभागार में विभागीय टीएल बैठक निगायुक्त ने ली। इस दौरान निर्माण, राजस्व, स्वच्छता से संबंधित टीएल प्रकरणों एवं सोशल मीडिया से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध कॉलोनी पर सख्त रुख अपनाते हुये अवैध रूप से निर्मित कॉलोनी एवं अवैध प्लाटिंग करने वाले कॉलोनाइजरों पर तीन दिवस के भीतर वैधानिक कार्यवाही करते हुये एफआईआर कराने के निर्देश दिए। नाली निर्माण कार्य में कांक्रीट के दौरान लकड़ी का उपयोग किया जाता है एवं बाद में उसे नहीं निकाला जाता, जिससे नाली चोक होने की शिकायतें प्राप्त होती हैं। इस समस्या से बचने के लिये कांक्रीट के दौरान अच्छी शटरिंग प्लाई का उपयोग किये जाने के निर्देश दिए गये। वार्ड क्र. 25 में गुणवत्ताहीन नाली निर्माण की शिकायत पर जॉच करते हुये संविदाकार को ब्लैक लिस्टेड करने एवं पुनः नाली निर्माण कार्य कराये जाने के निर्देश दिए। वार्ड 1 में नाली निर्माण में खराब क्वालिटी का मटेरियल उपयोग करने एवं गुणवत्ताहीन नाली निर्माण कार्य करने पर टेण्डर निरस्त कर संविदाकार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के बगल से जाने वाली गली में स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश दिए।

### विज्ञापन पर नहीं चलेगी मनमानी

निगमायुक्त ने न्यू मीडिया रूल को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं, कहा कि चौराहे की रोटरी पर पोस्टर बैनर न लगाया जाय एवं किसी के द्वारा लगाया जाता है तो सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर कार्यवाही की जाए। नगर में बने व्यावसायिक भवनों में बेसमेंट की पार्किंग की जॉच की जाए, मानकों के अनुरूप न पाये जाने पर नोटिस जारी करें एवं सुधार कराने के निर्देश दिए। उड़नदस्ता टीम के कर्मचारियों को समय- समय पर जोनवार स्थानांतरण के निर्देश दिये।

### बैठक में यह रहे मौजूद

बैठक में कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह, एचके त्रिपाठी, उपायुक्त दीपक पटेल, एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रूपाली द्विवेदी, रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक यंत्री एसके गर्ग, पीएन शुक्ला, अम्बरीश सिंह, संतोष पाण्डेय, अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द चतुर्वेदी, मुरारी कुमार, सहायक विधि अधिकारी अभिषेक सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह, नीलेश चतुर्वेदी सहायक अतिक्रमण प्रभारी, सहायक फायर ऑफिसर, उपयंत्री के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## 25 को रीवा से जाएगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

**द्वारका, सोमनाथ एवं शिर्डी की करायेगी यात्रा, आईआरसीटीसी ने जारी की सूचना**




**जागरण, रीवा।** रीवा रेलवे स्टेशन से 25 मार्च को भारत गौरव पर्यटक ट्रेन रवाना होगी। यह ट्रेन यात्रियों को पश्चिम भारत का दर्शन करायेगी। ट्रेन का सफर 25 मार्च से शुरू होकर 4 अप्रैल को समाप्त होगा। इस बाबत आईआरसीटीसी ने पहले ही सूचना जारी कर दी है। सूचना के मुताबिक 11 दिन तक स्पेशल पर्यटक ट्रेन में सफर का आनंद लेने प्रति यात्री 20 हजार 700 रूपये खर्च करने होंगे। दो अलग स्टेंडर्ड श्रेणी की सीट भी ट्रेन में बुकिंग के लिए उपलब्ध है। इस ट्रेन में बुकिंग भी आईआरसीटीसी द्वारा शुरू कर दी गई है। यात्रीगण आईआरसीटीसी के भोपाल, इंदौर व जबलपुर स्थित कार्यालय से सम्पर्क कर बर्थ बुक कर सकेंगे। ऑनलाइन सीट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। ट्रेन के सभी स्लीपर कोच में बुकिंग के लिए यात्रियों को पहचान पत्र देना अनिवार्य होगा।

बताया गया कि यह ट्रेन रीवा, इंदौर होते हुए द्वारका, सोमनाथ, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी, भीमाशंकर एवं घृष्णेश्वर का भ्रमण यात्रियों को करायेगी। उक्त सभी स्थलों का भ्रमण कराने में 10 रात व 11 दिन व्यतीत होंगे। इस यात्रा में मुसाफिरों को बजट होटल में ठहराने की व्यवस्था आईआरसीटीसी द्वारा की जायेगी। इसके अलावा नाश्ता, दोपहर व रात का भोजन तथा नॉन एसी बस की व्यवस्था भ्रमण के लिए रेलवे करेगा।

## मां बीहर गंगा पंचमठ धाम में हुआ शाही स्नान



**जागरण, रीवा।** बसंतोत्सव के शुभ अवसर पर धर्म जागरण विभाग द्वारा भव्य शाही स्नान मां बीहर गंगा पंचमठ धाम में समस्त राम काज के साथियों के साथ विश्व कल्याण प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ। इसके उपरांत मां बीहर गंगा जल से भगवान शिव का अभिषेक हुआ। इस अवसर पर पंचमठ धाम महंत रामसिया पांडे, सुधीर तिवारी, सोमिल, दादू, धीरू, विनय, श्री त्रिपाठी, वरुण, आरती, प्रियंका, गीता, प्राची, निशा सहित संख्या में युवा एवं मातृ शक्तियां उपस्थिति रहीं।

## बोर्ड परीक्षा: शिक्षकों को नहीं मिलेगा अवकाश

**जागरण,रीवा।** बोर्ड परीक्षा के लिए अब कम समय बचा हुआ है। शिक्षा विभाग जहां प्रत्येक केन्द्रों में परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है वहीं राज्य सरकार ने भी परीक्षा को लेकर एस्मा लगा दिया है। एसेंशियल सर्विस एंड मेंटनेंस 15 फरवरी से 15 मई के बीच लागू रहेगा। इस दौरान प्रत्येक शिक्षकों को हर हाल में अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहना पड़ेगा, जिससे कि परीक्षा का कार्य प्रभावित न होने पाए। परीक्षा के लिए अब कम समय बचा हुआ है। 20 दिन बाद सभी परीक्षा केन्द्रों में विधिवत रुप से परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस संबंध में डीईओ ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित हायर सेकेंडरी एवं हाईस्कूल परीक्षा की तिथि निर्धारित कर ली गई है जिसके अनुसार ई माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेंडरी परीक्षा 25 फरवरी एवं हाईस्कूल परीक्षा 27 फरवरी से होगी। बोर्ड परीक्षा के समय किसी भी छात्र को प्रायोगिक परीक्षा से वंचित न होना पड़े इसके लिए समय का निर्धारण कर दिया गया है। 10 फरवरी से 15 मार्च के बीच प्रायोगिक परीक्षा आयोजित होगी। जिसमें परीक्षार्थियों से कहा गया है कि वे विधिवत रूप से केन्द्राध्यक्षों और शिक्षकों से संपर्क में बने रहें, ताकि परीक्षा से कोई भी छात्र वंचित न हो।

## साइबर क्राइम विषय पर हुई परिचर्चा



**रीवा।** महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय थाना प्रभारी मिथिलेश यादव, राज किशोर एएसआई, साइना बानो, महाविद्यालय सहायक संचालक ऋषि मिश्रा, प्राचार्य डॉ अर्चना पटेल, कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल सईद खान, अनीशा शर्मा के द्वारा छात्रों को सेफ क्लिक के बारे में जानकारी दी गई एवं साइबर क्राइम विषय पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय सहायक संचालक ऋषि मिश्रा, प्राचार्य डॉ अर्चना पटेल, कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल सईद खान, अनीशा शर्मा सहित महाविद्यालय के छात्र एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## एकाध दिन कार्रवाई कर लेते हैं इतिश्री

**अगले दिन से फिर पुराने ढर्रे पर चलने लगते हैं वाहन चालक**



**जागरण, रीवा।** शहर के बेतरतीब यातायात को सुव्यवस्थित करने के नाम पर यातायात विभाग द्वारा यदाकदा शहर के प्रमुख चौराहों पर वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करके इतिश्री कर ली जाती है। लगातार कार्रवाई नहीं की जाती। एकाध दिन कार्रवाई होने के कारण अगले दिन पुनः शहर में पुराना ढर्रा बहाल हो जाता है। दिन-प्रतिदिन दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है, लेकिन इसे रोकने के प्रयास नहीं किए जा रहे। खुलेआम वाहन चालक नियमों की धज्जियां उड़ाते देखे जा सकते हैं, जिन पर कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हो रहा।

**व्यस्ततम मार्ग पर दिखाते हैं करतब :** शहर में कई दोपहिया वाहन चालक व्यस्ततम मार्ग पर करतब करते देखे जा सकते हैं। सड़क पर सीधे बाइक न चलाकर आड़ी-टेढ़ी करके बाइक चलाते हैं, कई बार इस प्रयास में अन्य वाहन चालक को टक्कर भी मार देते हैं, जिससे खुद तो चोटिल होते हैं साथ ही सामने वाली की जान भी सांसत में आ जाती है। पिछले सप्ताह कई दिनों बाद कॉलेज चौराहे पर वाहन चालकों की जांच देखने को मिली थी, जिस समय यातायात अमला यहां कार्रवई कर रहा था उस समय भी कई दोपहिया वाहन चालक सिग्नल तोड़कर पुलिस के सामने ही अपना वाहन भगा ले गए। कुछेक वाहन चालक ने पीछा भी किया, लेकिन वे पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े। शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाई करने उनका उपयोग नहीं किया जा रहा।

## 50 दिन से अधिक के आवेदन प्राथमिकता से निराकृत करें : कलेक्टर

**सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की**



**जागरण, रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में जनवरी माह में प्राप्त आवेदनों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सभी आवेदनों का दो दिवस में निराकरण कराएं। सभी एसडीएम अपने अनुभाग में राजस्व प्रकरणों सहित सभी विभागों के सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, गृह विभाग, खाद्य विभाग, नगरीय निकाय, वित्त विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा श्रम विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं। संबंधित अधिकारी इनका निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने लोकसेवा गारंटी योजना के समय सीमा से बाहर के प्रकरणों में सभी संबंधित अधिकारियों पर जुर्माने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम अपने अनुभाग में जनपद पंचायत के सहयोग से प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर 70 साल से अधिक आयु के शेष बचे व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस कार्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लें। धरती आबा अभियान की समीक्षा बैठक इसी सप्ताह आयोजित की जाएगी। इस योजना से जुड़े अधिकारी निर्धारित बिन्दुओं की जानकारी आज ही जिला संयोजक ट्राईबल कार्यालय को उपलब्ध कराएं। जिला प्रबंधक जल निगम कंदैला समूह नलजल योजना के सभी गांवों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कर इससे जुड़े लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई पूर्ण एकल नलजल योजनाओं को जनपद पंचायत के सहयोग से ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करें। जल कर की नियमित वसूली भी सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला प्रबंधक नाबार्ड ने वर्ष 2025-26 के लिए रीवा जिले के संभाव्यतायुक्त ऋण योजना की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में कलेक्टर तथा अन्य अधिकारियों ने जिले के क्रेडिट प्लान की पुस्तिका का विमोचन किया। बैठक में कलेक्टर ने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम तथा महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक को धान उपार्जन के शेष बचे किसानों को तीन दिवस में लंबित राशि के भुगतान के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को उनके अनुभाग में पशु चिकित्सकों की उपस्थिति के संबंध में जाँच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिरमौर चौराहे पर बनाया ऑटो स्टैंड




**रीवा।** शहर के सिरमौर चौराहे पर सोमवार को यातायात विभाग ने ओव्हर ब्रीज के बगल से ऑटो स्टैंड निर्धारित कर यहां खड़े रहने वाले ऑटो को निर्धारित किए गए ऑटो स्टैंड में खड़ा करवाया। ज्ञातव्य है कि यहां खड़े होने वाले ऑटो के चालक आधी से अधिक सड़क घेरकर दिनभर में कई बार रास्ता जाम कर रहे थे। हालांकि ऑटो स्टैंड निर्धारित होने के बाद भी सोमवार शाम को ऑटो सड़क पर ही खड़े नजर आए। चौराहे पर उपस्थित पुलिस कर्मी ने सड़क पर खड़े ऑटो को हटवाकर स्टैंड में खड़ा करवाया। शहर के अन्य चौराहों पर ऑटो स्टैंड निर्धारित किए गए हैं। ऑटो चालक कितने दिनों तक इस नियम का पालन कर पाते हैं, ये तो आने वाला समय ही तय करेगा।

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
आयुष्मान एवं कैशलेस द्वारा मुफ्त इलाज
कम खर्च दर्द निशान रक्तस्त्राव

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• गॉलब्लॉडर • अपेंडिक्स • सभी प्रकार के हार्निया • ओवेरियन सिस्ट
• डायग्नोस्टिक लैप्रोस्कोपी • हिस्ट्रैक्टमी • रेक्टप्रोलैप्स
• सुडोपेन कियाटिक सिस्ट • पेट संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन
संपर्क करें जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
07662-356125, 8435896118

# तत्कालीन डीईओ और वर्तमान डाइट प्राचार्य पर गिरी गाज, दो वेतनवृद्धि रोकी गई

### आयुक्त लोक शिक्षण ने कार्यों के भुगतान में लापरवाही पर की कार्रवाई




**जागरण, रीवा।** स्मार्ट क्लास के लिए क्रय सामग्री के भुगतान मामले में तत्कालीन गंगा प्रसाद उपाध्याय के खिलाफ आयुक्त लोक शिक्षण ने दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्रवाई की गई है। गंगा प्रसाद उपाध्याय तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी वर्तमान में प्राचार्य डाइट के विरुद्ध मप्र सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 16 अंतर्गत कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। नोटिस जारी करने के बाद तत्कालीन डीईओ ने अपना स्पष्टीकरण दिया था। शास्ति आरोप को विलोपित करने की मांग की थी। डीईओ के स्पष्टीकरण को आयुक्त लोक शिक्षण ने सिरे से खारिज कर कार्रवाई की गई है।

आदेश में कहा है कि गंगा प्रसाद उपाध्याय ने प्रस्तुत प्रतिवाद का परीक्षण किया गया। परीक्षणोपरांत पाया गया है कि दिनांक 19 मार्च 2022 को सामग्री का सत्यापन संबंधी कार्यवाही पूर्ण हो चुकी थी। इसके बाद भुगतान के लिए बजट जारी किया जाना था जो कि गंगा प्रसाद उपाध्याय तत्कालीन प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी रीवा के द्वारा कार्यवाही नहीं की गई तथा भुगतान को लंबित रखा गया। भुगतान संबंधी कार्यवाही प्राचार्य द्वारा नहीं की गई। यह औचित्यहीन है। संचालनालय ने जारी पत्र दिनांक 4 जनवरी 2022 के द्वारा संबंधित विद्यालय को राशि उपलब्ध कराई जाकर जिला स्तर से भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भी गंगा प्रसाद उपाध्याय ने संचालनालय से जारी निर्देशों का पालन नहीं किया। उपरोक्त तथ्यों के प्रकाश में प्रकरण के समग्र रूप से परीक्षण एवं परिशीलन उपरांत गंगा प्रसाद उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत प्रतिवाद संतोषजनक एवं समाधानकारक नहीं पाया गया है। आयुक्त लोक शिक्षण ने इस मामले में गंगा प्रसाद उपाध्याय पर जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर दो वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने की शास्ति अधिरोपित की है। इसके साथ ही प्रकरण को भी समाप्त कर दिया गया है।

### तत्कालीन डीईओ ने यह रखा था पक्ष

नोटिस के जवाब में तत्कालीन डीईओ गंगा प्रसाद उपाध्याय ने पक्ष रखते हुए कहा था कि शासकीय उमावि पहाड़ी रीवा में प्राचार्य पद पर रामचरण प्रजापति 31 मई2021 से 29 अप्रैल 2022 तक पदस्थ थे। इनके द्वारा स्मार्ट क्लास उपकरण सामग्री क्रय की गई थी। प्राचार्य ने देयकों में अपनी पदमुद्रा अंकित की थी। साथ ही क्रय सामग्री का एमआईएस को आर्डिनेटर ई गवर्नेंस प्रभारी तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी हनुमना के हस्ताक्षर प्राप्त कर क्रय सामग्रियों का दिनांक 19 मार्च 2022 को सत्यापन कराया गया। प्राचार्य शासकीय उमावि पहाड़ी हनुमना को देयकों के भुगतान के पूर्व आवश्यक प्रतिपूर्ति करने का निर्देश दिया गया था। प्राचार्य द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। इससे स्मार्ट क्लास अंतर्गत क्रय देयकों का भुगतान नहीं हुआ। विलम्बता की स्थिति निर्मित हुई। संचालय के संदर्भित पत्र में वर्णित निर्धारित मापदंडों की पूर्ति प्राचार्य शाउमावि पहाड़ी जिला रीवा ने नहीं किया। इसके कारण स्मार्ट क्लास अंतर्गत प्राचार्य द्वारा क्रय सामग्री के देयकों का भुगतान नहीं हो पाया। भुगतान न होने में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कोई लापरवाही, विलम्बता नहीं की गई। कोई भी कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण नियमि 1965 के नियम 3 एवं अपने पदीय दायित्वों के विपरीत नहीं है और न ही स्वैच्छाचारित एवं लापरवाही की परिधि में है।

# खुशखबरी: रीवा स्टेशन में बढ़ेंगी सुविधाएं

### अमृत स्टेशन योजना में जुड़ा रीवा रेलवे स्टेशन का नाम नाम




**जागरण, रीवा।** रीवा रेलवे स्टेशन आने वाले समय में बड़े शहरों के रेलवे स्टेशनों को टक्कर देगा। रेलवे के नए बजट में रीवा स्टेशन को अमृत स्टेशन में जोड़ा गया है। अमृत स्टेशन में नाम शामिल होने के बाद यहां काम और तेजी से आगे बढ़ेगा। रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जाएगा। सुविधाओं के इजाफा होगा। मप्र को रेल बजट में कई सौगातें मिली हैं। इससे रीवा भी अछूता नहीं रह गया है। रीवा रेलवे स्टेशन के दिन भी तेजी से बदलेंगे। रीवा रेलवे स्टेशन में वैसे भी तेजी से निर्माण कार्य चल रहे हैं। यहां कई सुविधाओं में इजाफा किया जा रहा है लेकिन अब रीवा का नाम अमृत स्टेशन में जुड़ गया है। मप्र के 80 स्टेशनों के नामों में रीवा का नाम भी शामिल हैं। अमृत स्टेशनों पर 2 हजार 708 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इससे स्टेशन आने वाले समय में नए रूप में नजर आएगा। यहां सुविधाओं का विस्तार भी होगा। यात्रियों को सुविधाएं तो मिलेंगी ही साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ने के आसार हैं।

### यह सारी सुविधाएं यात्रियों को मिलेंगी

अमृत भारत स्टेशन योजना में रीवा के शामिल होने से यात्रियों को काफी सुविधाएं मिलेंगी। यहां से यात्रा शुरू करने वाले यात्रियों को स्टेशन में मुफ्त वाईफाई की सुविधा मिलेगी। स्टेशन मे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। खानपान की व्यवस्था और सुविधों में इजाफा किया जाएगा। स्टेशन से आसपास के शहरी क्षेत्रों को सीधे तौर पर जोड़ने का काम किया जाएगा। स्टेशन में प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी।

# मेडिकल कॉलेज के नए भवन में पानी का संकट, छात्र और शिक्षक परेशान



### भवन हैंडओव्हर नहीं होने से कोई खराब मोटर सुधारने को नहीं है तैयार

**जागरण, रीवा।** श्याम शाह मेडिकल कॉलेज के नए भवन में पानी का संकट खड़ा हो गया है। मोटर खराब है लेकिन कोई विभाग इसे सुधारने को तैयार नहीं है। पीआईयू सुधार नहीं रहा और दूसरे विभाग हैंडओवहर का रोना हो रहे हैं। छात्र और शिक्षक इस अव्यवस्था से परेशान हो रहे हैं। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही।

ज्ञात हो कि करोड़ों रुपए की लागत से श्याम शाह मेडिकल कॉलेज परिसर में दो अकादमिक भवन बन कर तैयार हुए हैं। अकादमिक भवन बन कर तैयार हो चुके हैं। एक भवन का लोकार्पण भी मप्र के राज्यपाल कर चुके हैं। दूसरा भवन भी बन कर लगभग तैयार हो चुका है। इस भवन में मेडिकल कॉलेज के कई विभाग भी शिफ्ट कर दिए गए हैं। कक्षाओं का संचालन भी हो रहा है। लाइब्रेरी से लेकर लेक्चर हाल तक शुरू कर दिए गए हैं। पीएसएम विभाग भी शिफ्ट हो गया है। इसके अलावा भी कई और विभागों को शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। मेडिकल कॉलेज ने नए अकादमिक भवन को उपयोग में लेना तो शुरू कर दिया है लेकिन हैंडओव्हर की प्रक्रिया पूरी नहीं की है। पीआईयू ने प्रस्ताव भी भेजा लेकिन इस पर अमल नहीं हुआ। हैंडओव्हर की प्रक्रिया अटकनें के कारण नए भवन में मूलभूत सुविधाओं से भी कर्मचारियों और छात्रों को परेशानियां होनी शुरू हो गई हैं। नए भवन में पीडब्लूडी ओएंडएम और पीडब्लूडी ओएंडई विभाग कुछ भी काम करने को तैयार नहीं है। वर्तमान समय में सबसे बड़ी समस्या नए अकादमिक भवन में पानी की है। नए भवन में शौचालय आदि सब तैयार है। पेयजल के लिए वाटर कूलर लगा हुआ है लेकिन पानी नहीं होने से सब बेकार है। नए अकादमिक भवन के लिए मोटर लगाया गया है, वह खराब पड़ा है। मोटर खराब होने से टंकी तक पानी ही नहीं पहुंच रहे। पानी के कारण छात्र से लेकर चिकित्सा शिक्षक और स्टाफ परेशानी में पड़ गए हैं। पूरा परिसर शौचालय की साफ सफाई के अभाव के कारण बदबू मारने लगा है। इसके अलावा छात्रों और शिक्षकों को भी शौचालय के लिए परेशान होना पड़ता है। पीने के पानी के लिए पुराने अकादमिक भवन तक की दौड़ लगानी पड़ती है। इन नए अकादमिक भवन में बिजली का लोड भी नहीं बढ़ पा रहा है। इसके कारण कई इक्यूपमेंट भी नहीं चल पा रहे हैं। नए भवन में शिफ्ट होने वाले विभाग और उनके स्टाफ परेशान हैं। समस्याओं का निराकरण करने वाला कोई नहीं है।

## पशु चिकित्सकों को मिलेगा उन्नत डायेग्नोस्टिक प्रशिक्षण

**जागरण, रीवा।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में 7 फरवरी तक पाँच दिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विभिन्न जिले में कार्यरत पशु चिकित्सा अधिकारियों की संक्रामक पशु रोगों के निदान के लिए पारंपरिक और आधुनिक तकनीकों की बारीकियों से अवगत कराना है।

### नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रमांक 1 और 2 के एलटी लाइन के कार्यों में बड़ा गोलमाल

# 3 करोड़ की एलटी लाइन छोड़ दी फिर तैयार कर दिया 6 करोड़ का स्टीमेट, शासन को लगा 3 करोड़ का झटका

**132 केवी मनगवां स्टेशन से पम्प हाउस तक खींचनी थी एलटी लाइन, इसी में किया गया हेरफेर**



### नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रमांक 1 के एलटी लाइन का काम जपं सदस्य को देने का लगा आरोप

**जागरण, रीवा**

नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना में एलटी लाइन के कार्यों में बड़ा हेरफेर हुआ है। परियोजना क्रमांक 2 में करोड़ों की चपत शासन को पहुंचाई गई है। करीब 3 करोड़ की शासन को क्षति पहुंचाई गई है। वहीं परियोजना क्रमांक 1 में जनपद पंचायत सदस्य को काम देने के लिए टेंडर की जगह क्रय समिति से काम कराया जा रहा है। क्रय समिति से सीधे तौर पर जपं के एक सदस्य को काम सौंप दिया गया है। एलटी लाइन के कार्य में नियम और शर्तों की अनदेखी का आरोप लगाया गया है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से लेकर मुख्य सचिव मप्र शास, मंत्री जल संसाधन विभाग, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग, मंत्री ऊर्जा विभाग, सचिव ऊर्जा विभाग से की गई है।

ज्ञात हो कि रीवा में करोड़ों रुपए की लागत से नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का काम किया जा रहा है। यह काम जेपी एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड कर रहा है। इन परियोजना में पम्प हाउस भी बनाया जाना है। इसके लिए एलटी लाइन का भी कार्य किया जाना है। इसी एलटी लाइन के कार्य में नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के अधिकारियों ने बढ़ा गोलमाल किया है। इसकी शिकायत रीवा के ही अभिषेक शुक्ला ने सीएम से लेकर मंत्री और सचिव तक से की है। इस शिकायत के बाद विद्युत विभाग से लेकर जल संसाधन विभाग तक में हड़कंप मचा हुआ है। नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना पूरी होने के साथ ही विवादों में आ गई है। परियोजना कमांक 1 और 2 के लिए खींची जाने वाली एलटी लाइन की निविदा में बड़ा गोलमाल हुआ। पहले निविदाकार से 3 करोड़ का काम कराया गया। बाद में नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के कार्यपालन यंत्री ने नया प्राक्कलन तैयार कर काम क्रय समिति को सौंप दिया। पूर्व में निविदाकार ने जो 3 करोड़ का काम किया था। उसे भी नहीं कम किया गया। शासन को इस लापरवाही से करीब 3 करोड़ से अधिक की क्षति हुई है।

### नियमों की हुई अनदेखी क्रय समिति से कराया जा रहा काम

नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रमांक 2 में 33 केवी एलटी लाइन का कार्य निविदा पद्धति से न कराते हुए जिला क्रय समिति से कराए जाने की शिकायत की गई है। सूक्ष्म सिंचाई परियोजना में एलटी और एलटी लाइन के कार्य जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के सुपरिवजन में कराए जाने के निर्देश प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग ने प्रसारित किए हैं। नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रमांक 2 में 8 हजार केवीए के विद्युत भार के लिए 33 केवी एलटी लाइन का निर्माण कार्य कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना संभाग रीवा द्वारा उक्त निर्देशों की अवहेलना करते हुए सीधे जिला क्रय समिति रीवा द्वारा कराया गया है।

### विशेष लाभ पहुंचाने के लिए क्रय समिति से कराया गया काम

इतना ही नहीं, नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रमांक 2 के सब स्टेशन एवं मोटर पम्प के इरेक्शन का कार्य आज दिनांक तक नहीं हुआ है। 33 केवी लाइन के निर्माण कार्य की तत्काल आवश्यकता भी नहीं थी। इससे यह अभिमत भी विलोपित होता है कि निविदा में लगने वाले समय को बचाए जाने के लिए कार्य जिला क्रय समिति के माध्यम से किया गया है। कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना संभाग रीवा द्वारा राशि को सीधे जमा करने से पूर्व में इस कार्यालय उनका संदर्भित पत्र क्रमांक 2 के माध्यम से उक्त कार्य को निविदा के माध्यम से ही कराए जाने का स्पष्ट अभिमत दिया गया था ताकि पूर्व में किए गए सभी कार्यों का समावेश करते हुए स्थल पर वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बीओक्यू फाइनल कर के ही कार्य किया जा सके। वित्तीय बचत अधिक से अधिक हो लेकिन अभिमत को दरकिनार कर शासन को क्षति पहुंचाई गई।

### ठेकेदार ने 2.90 करोड़ का काम किया था उसे छोड़ दिया गया

नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रमांक 1 और 2 का कार्य मेसर्स जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड नोएडा द्वारा कराया जा रहा है। इन दोनों परियोजनाओं के मुख्य पम्प हाउस में विद्युत लाइन खींचे जाने का कार्य निविदिाकार द्वारा ही कराया जाना है। इसमें वास्तविक खर्च का भुगतान प्रतिपूर्ति देयकों के माध्यम से पृथक से निविदाकार को किया जाना है। नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रमांक 1 के लिए विद्युत लाइन खींचे जाने की स्वीकृति मप्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा 132 केवी मनगवां स्टेशन से पम्प हाउस तक पूर्व में प्रदान की गई थी। जिसकी लागत 8.30 करोड़ थी। उक्त कार्य में करीब 2.90 करोड़ का कार्य निविदाकार द्वारा करा दिया गया था। इसके बाद कार्य रुक गया। इसी बीच नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रमांक 1 के लिए पास में ही एक अन्य 132 केवी खैरा सब स्टेशन बन जाने के कारण कनेक्शन की कार्यवाही इस शर्त पर की गई कि पूर्व में किए गए कार्य की उपयोगिता नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रमांक 2 के लाइन निर्माण में कर ली जाएगी। इसके बाद नईगढ़ी सूक्ष्म परियोजना क्रमांक 2 में विद्युत कनेक्शन के लिए कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी द्वारा मप्र विद्युत मंडल को पूर्व में नईगढ़ी फेज 1 में कराए गए कार्यों को उपयोग में लेने का अनुरोध करते हुए आवेदन किया गया था। मप्र विद्युत वितरण कंपनी ने पूर्व में कराए गए कार्यों को उपयोग में नहीं लिया। उसे छोड़ते हुए 5.85 करोड़ का प्राक्कलन प्रोजेक्ट क्रमांक 845872 के माध्यम से अनुमोदित किया गया। इसके बाद कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना संभाग रीवा ने यह जानते हुए कि उक्त प्राक्कलन में पूर्व में कराए गए कार्यों को घटाया नहीं गया है। सम्पूर्ण प्राक्कलित राशि रूपए 5.85 करोड़ सीधे जिला क्रय समिति जिला रीवा को जिला क्रय समिति के माध्यम से कराए जाने के लिए जमा करा दी गई। जमा की गई राशि को सीधे जमा करने से निविदाकार द्वारा पूर्व में कराए गए करीब 2.90 करोड़ के कार्य को उपयोग में नहीं लिए जाने से उक्त राशि की वित्तीय क्षति हुई। यदि कार्य निविदा के माध्यम से सम्पादित किया गया होता तो सर्वप्रथम प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त होती। साथ ही वास्तविक माप विभाग द्वारा लिए जाने पर वास्तविक खर्च का बोझ ही शासन के खजाने पर पड़ता। सम्पूर्ण राशि बिना किसी प्रतिस्पर्धा के सीधे क्रय समिति को जमा किए जाने के कारण वित्तीय क्षति हुई है। कार्य प्रणाली भी पारदर्शिता से न होने के कारण पीडब्ल्यूडी मैनुअल डीएस सेक्शन-14 टेंडर्स 2-075 ई की अवहेलना भी हुई है।

### जनपद पंचायत के सदस्य को लाभ पहुंचाने का आरोप

समान प्रकार से नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना क्रमांक 1 के बूस्टर पम्प हाउस ढेरा में 33 केवी विद्युत कनेक्शन प्राप्त किए जाने के लिए जिला क्रय समिति को ही कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना संभाग रीवा द्वारा भुगतान करते हुए 33 केवी लाइन के निर्माण की कार्यवाही की गई है। इस कार्य में नईगढ़ी परियोजना के आवेदित प्राक्कलन क्रमांक 480794 वर्क आर्डर नंबर 279783 कार्यपालन यंत्री विद्युत मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मऊगंज के द्वारा तैयार किया गया। इस कार्य को जिला क्रय समिति द्वारा कराया जा रहा है। यह कार्य एक जनपद पंचायत सदस्य के द्वारा किये जाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की गई है।

# डीपीसी ने मऊगंज बीआरसीसी को फिर जारी किया नोटिस, मांगा तीन दिन में जवाब

### पहले भी जारी हुआ था नोटिस लेकिन जवाब से संतुष्ट नहीं हुए

**जागरण, रीवा।** मऊगंज बीआरसीसी के खिलाफ डीपीसी ने कार्रवाई की तैयारी कर ली है। यह वही मऊगंज बीआरसीसी हैं जिनका रुपए लेने का वीडियो वायरल हुआ था। इन्हें इसके पहले भी कई मामलों में कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। बीआरसीसी के जवाब से डीपीसी असंतुष्ट हैं। उन्होंने फिर से नोटिस जारी कर तीन दिन में प्रमाणित साक्ष्य और अभिलेखों के साथ जवाब मांगा है। इसके बाद भी यदि जवाब संतोषजनक नहीं रहा तो उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञात हो कि मऊगंज बीआरसीसी के रूप में शिवकुमार रजक पदस्थ हैं। शिव कुमार रजक का कुछ दिन पहले एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह किसी काम के बदले रुपए लेते हुए देखे व सुने गए थे। इस मासमले में डीपीसी ने नोटिस जारी किया कर जवाब मांगा था। हालांकि बीआरसीसी ने जवाब में इन आरोपों से अनभिज्ञता जाहिर की थी। इस पर डीपीसी ने फिर से नोटिस जारी करते हुए कहा है कि रिश्वत लेते हुए आप ही दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद भी यह लेख करना कि रिश्वत लेने की फोटो नहीं है, पूर्णतः मनगढ़ंत उत्तर है। इसके अलावा नोटिस में शिकायती पत्र का भी उल्लेख किया गया है। शिववती नंदन पयासी ग्राम बमुरिहा समाजसेवी ने आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि बीआरसीसी मऊगंज पैसे की मांग करते हैं। कार्यालय में नहीं रहते हैं। अन्य जगहों पर बैठकर सौदेबाजी करते हैं। इसके अलावा अपार आईडी जनरेशन में लापरवाही की गई। इसके कारण दिसंबर 2024 को वेतन भी रोका गया। इसके बाद भी कार्यों में सुधार नहीं किया गया। डीपीसी ने पदीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही माना है। डीपीसी ने बीआरसीसी को तीन बिंदुओं पर नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है।

# किसके इशारे पर राइस मिल में पहुंच रहा पीडीएस का चावल

### जांच हो तो बड़े गोरखधंधे का होगा खुलासा

**जागरण, रीवा।** मऊगंज में पीडीएस की जमकर कालाबाजारी की जा रही है। हितग्राहियों को दिया जाने वाला फाइन क्वालिटी का चावल पीडीएस दुकानों में न पहुंचकर सीधे राइस मिलर तक पहुंच रहा है। इस गोरखधंधा किसके इशारे पर हो रहा है समझ से परे हैं। जांच हो तो कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। सूत्रों की माने तो एक ट्रांसपोर्टर है जो अन्नदूत योजना के तहत कुछ लोगों के नाम पर ट्रक इश्यू कराकर पूरा खेल कर रहा है। बताया तो यह जा रहा है कि उक्त ट्रांसपोर्टर वेयर हाउस गोदाम से फाइन क्वालिटी का चावल उठाकर सीधे जय हनुमान नाम की राइस मिल में पहुंचाता है। यहां इस चावल को नई बोरियों में पैक कर फिर से वेयर हाउस के गोदाम में पहुंचा दिया जाता है और मिल में यूपी बिहार से लाया गया घटिया चावल पीडीएस दुकानों में भेजा जाता है। यह खेल काफी समय से चल रहा है। जाहिर है इसके पीछे नान व वेयर हाउस के ही कुछ अधिकारियों की भूमिका है। बतादें कि मऊगंज के कई मिलरों पर मिलिंग के लिए मिली अच्छे क्वालिटी की धान को बाहर बेचने का मामला सामने आ चुका है। कुछ राइस मिलरों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई और उन्हें ब्लैक लिस्टेड किया गया था। पिछले दिनों पटेहरा, खटखरी,चौहना समिति के पीडीएस दुकानों में आवंटन के लिए भेजे गए चावल की जांच हो तो बड़े रैकेट का पर्दाफाश हो सकता है। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव से मामले को संज्ञान में लेने की मांग की गई है।

## चिकित्सा शिक्षकों की उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य

**भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली ने जारी की अधिसूचना**

**जागरण, रीवा।** कॉलेजों में स्टूडेंट्स के लिए 75 फीसदी की अनिवार्यता की बात अक्सर सुनने में आती है लेकिन अब आयुर्वेद कॉलेजों में डॉक्टरों और चिकित्सा शिक्षकों के लिए यह अनिवार्य हो गया है। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली ने हाल में इस संबंध में अधिसूचना जारी की है जिसमें आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षकों की उपस्थिति भी 75 फीसदी अनिवार्य कर दी है। आयोग ने स्पष्ट कहा है कि प्रत्येक शिक्षक को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग स्नातक आयुर्वेद शिक्षा के न्यूनतम मानक नियम में निर्दिष्ट कार्य दिवसों के कम से कम पचहत्तर प्रतिशत में भाग लेना होगा। लंबे समय तक बीमारी के लिये मातृत्व अवकाश और चिकित्सा अवकाश को छोड़कर शिक्षण से अनुपस्थिति की पच्चीस प्रतिशत की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# घर बैठे बना सकते हैं बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड

**जागरण, रीवा।** आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। इसकी सहायता से एक वर्ष की अवधि में पाँच लाख रुपए तक के उपचार की सहायता दी जाती है। शासन द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके लिए आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आधार माना गया है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले में 70 साल से अधिक आयु के एक लाख 45 हजार व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों, ग्राम पंचायतों तथा सभी अस्पतालों एवं संजीवनी केन्द्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम तथा सीएचओ द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

आयुक्त नगर निगम ने बताया कि घर बैठे भी आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा है। इसके लिए बस एन्ड्रायॅड फोन की आवश्यकता होगी। अपने फोन पर आयुष्मान एप डाउनलोड कर लें। इसमें निर्धारित विवरण दर्ज कर दें। आधार कार्ड और समग्र आईडी की जानकारी दर्ज करने के बाद दर्ज किए गए मोबाइल नम्बर पर ओटीपी आएगा। इसे दर्ज करने पर आयुष्मान कार्ड डाउनलोड हो जाएगा। यदि ओटीपी दर्ज करने के बाद किसी तरह का एरर दिखाई देता है तो पुनः क्लिक करके ओटीपी प्राप्त करें। इसमें पंजीयन होने के बाद आयुष्मान कार्ड जनरेट हो जाएगा। इसे आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

**आवश्यकता है**
प्रतिष्ठित परिवार के लिए प्रतिदिन भोजन बनाने हेतु एक अनुभवी **रसोइया** (महिला) की आवश्यकता है, जो शुद्ध शाकाहारी एवं वेस्टर्न भोजन बनाने में निपुण हो।
वेतन- योग्यतानुसार
इच्छुक महिलाएँ संपर्क करें।
मो.: 9399063374

# गॉड ऑफ ऑनर के साथ किया गया भाजपा के 'अर्जुन' का अंतिम संस्कार





## पार्टी कार्यालय पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा अर्जुन सिंह चौहान का निधन पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति

**जागरण, रीवा।** जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी की यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तथा कई दायित्वों का निर्वाह करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन सिंह चौहान के निधन उपरांत भाजपा कार्यालय अटल कुंज में दर्शनार्थ पार्थिव शरीर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके चरणों में श्रृद्धा सुमन अर्पित कर ईश्वर से अपने चरणों स्थान देने हेतु प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि देने उपरांत उनका पार्थिव शरीर बदरिया मुक्तिधाम ले जाया गया जहां गार्ड ऑफ आर्नर के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। श्रद्धांजलि के दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र पाण्डेय,पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, डॉ अजय सिंह,विधायक नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष व्यंटेश पाण्डेय, वरिष्ठ नेता राम सिंह, महाबली गौतम, रमेश गर्ग, राजेन्द्र ताम्रकार, अंजु मिश्रा, विमलेश मिश्रा,जिला महामंत्री अशोक सिंह गहरवार, जिला उपाध्यक्ष माया सिंह, मनीषा पाठक, जिला मंत्री शरद साहू, मुनिराज पटेल, जय प्रताप सिंह, विवेक पाण्डेय छोटू, क्रान्तिवीर सिंह, मो. इमरान गुलाब, दयानन्द तिवारी, उर्मिला सिंह गोड़, मंडल अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, शिवम द्विवेदी, पार्षद राजीव शर्मा, अम्बुज रजक, शिवदत्त पाण्डेय, आकाश चौरसिया, प्रबोध व्यास, राजगोपाल मिश्रा चारी, कमल सोनी, विवेक गौतम, विवेक पाण्डेय, दीपक मिश्रा, प्रकाश सोनी, शेखर सचदेवा, सी एस तिवारी, वासुदेव ठारवानी, अंजू गुप्ता, नजमा बेगम, निशा साकेत, बृजेन्द्र गौतम, अश्वनी शर्मा, नीरज पटेल, बालेन्द्र गौतम, कल्पना श्रीवास्तव, जीवनलाल साकेत, प्रदुमन सिंह, राजेश प्रताप सिंह, बालानन्द द्विवेदी, संजय मिश्रा लाली, संजय साकेत, प्रीतम सिंह, संजीव गुप्ता, गुलाब साहनी, स्वदीप सिंह सिसोदिया, संजीव शुक्ला, जनेंद्र मिश्रा,महेन्द्र त्रिपाठी, देवेन्द्र पाण्डेय, प्रकाश गुप्ता, आमिर खान, जयलाल साकेत, सहित पार्टी पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किसान सुब्रत ने अर्पित की विनम्र श्रद्धांजलि

अर्जुन सिंह चौहान के निधन पर कृषि उपज मंडी समिति रीवा के पूर्व कृषक सदस्य किसान सुब्रतमणि त्रिपाठी ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते कहा कि अर्जुन सिंह चौहान की उनकी आत्मीयता, स्नेह अविस्मरणीय है। वे कृषि उपज मंडी समिति रीवा के अध्यक्ष थे, हम सभी कृषक सदस्यों के प्रस्तावों को हमेशा गंभीरता से लेते थे। कृषि उपज मंडी रीवा जो लगातार विकसित हो रही है , उसमें उनके कार्यकाल के दौरान किये गये प्रस्ताव क्रियान्वयन का परिणाम है । स्व. चौहान को ईश्वर अपने चरणों में जगह दें ।

### अर्जुन सिंह चौहान के निधन पर व्यक्त किया शोक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अर्जुन सिंह चौहान के निधन पर ऑल इण्डिया फॉरवर्ड ब्लाक के नेता नागेन्द्र सिंह कल्चुरी, मोतीलाल साकेत, राजकुमार कोल, वीरेन्द्र वर्मा, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, रामजी साकेत, गीता कोल, शांती कोल, ममता रावत, सोमवती केवट ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### निधन पर जताया शोक

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं लोकतंत्र सेनानी अर्जुन सिंह चौहान के निधन पर भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी बसंत दुबे उनके निज निवास हेडगेवार नगर में पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को दुःख की घड़ी में ढाढ़स बंधाया। बसंत दुबे ने कहा कि स्व.चौहान गरीबों के शुभचिंतक एवं भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं, उन्होंने भाजपा में रहते हुए कई पदों में रहकर बखूबी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। ईश्वर उनको अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

## बिना परवरिश फेल रहा वृक्षारोपण अभियान : शिव सिंह

**रीवा।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार ने जून 2024 में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत साढ़े पांच करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखकर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री एवं उनके मंत्री विधायकों ने अपने-अपने इलाके में की वहीं इंदौर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्वयं एक वृक्ष मां के नाम लगाकर अभियान की शुरुआत की थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह ने बिना परवरिश पौधारोपण अभियान के फेल होने का आरोप लगाते कहा कि सिर्फ प्रचार प्रसार तक सीमित रहा अभियान सरकार ने परवरिश के कोई इंतजाम नहीं किए जबकि वृक्षों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड तार फेंसिंग एवं पानी अत्यंत जरूरी था लेकिन सरकार ने ट्री गार्ड तार फेंसिंग एवं पानी सिंचाई के नाम पर करोड़ों रुपयों का बंदर बांट कर डाला। नतीजा यह हुआ कि वृक्षों को नहीं बचा सके। यदि हर साल वृक्षारोपण अभियान के दौरान लगाये पौधों में से पचास प्रतिशत पौधे भी जीवित बच जाते तो आज देश में वृक्ष जंगल और जमीन का अनुपात संतुलित रहता। इस सम्बंध में सरकार को स्पष्ट निर्देश जारी करने चाहिये कि पौधे जीवित रहें। इसके लिये जवाबदारी सौंपनी होगी तभी यह अभियान प्रकृति के साथ समन्वय पर्यावरण संतुलन और मानव के लिये उपहार सिद्ध होगा। शिव सिंह ने यह भी कहा कि मोहन सरकार वृक्षारोपण अभियान 2024 का डाटा सार्वजनिक करे।

## कांग्रेस के जाबांज सिपाही थे प्रिंसू



**जागरण, रीवा।** युवक कांग्रेस द्वारा युवक कांग्रेस रीवा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. जुबैर खान प्रिंसू की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन उर्रहट स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में किया गया। जुबैर खान के छायाचित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। युवक कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल ने स्व. खान के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे मेरे बड़े भाई के रूप में सदैव सहयोगी रहे, वे युवक कांग्रेस के जाबांज सिपाही थे। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से वसीम खान, तनवीर अहमद खान, लियाकत अली, मोहसीन खान, नवीन सिंह, नासिर अंसारी, मुस्ताक खान, सद्दाम चौहान, नीरज यादव, मानवेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र पटेल, कुलदीप संगम, अंकित सिंह गहरवार, निशांत सिंह, नरेन्द्र सिंह तिवारी, सुरेश वर्मा, रफीक मंसूरी, आमीर अली खान, आरिफ खान, मजहर खान, मोहम्मद तारिक, आसिम अंसारी, आसिफ खान सहित युवक कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## नगरीय निकायों को वर्ष 2027 तक कचरा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास

**जागरण, रीवा।** प्रदेश में नगरीय निकायों को वर्ष 2027 तक कचरा प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनाने के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। गीले कचरे को कंपोस्टिंग के लिये कटनी और सागर शहर में अत्याधुनिक स्वचालित इकाइयां लगाई गई हैं, जहां 16 शहरों से कचरा लाकर उसे कंपोस्ट में बदला जा रहा है। इंदौर में गीले कचरे से बायो सीएनजी तैयार करने के लिये 550 टन प्रतिदिन क्षमता की गोबरधन इकाई लगाई गई है। रीवा और जबलपुर में कचरे से बिजली बनाने की इकाइयाँ भी संचालित हो रही है। इनमें प्रतिदिन 950 टन कचरे का प्र-संस्करण किया जाकर 18 मेगावॉट बिजली पैदा की जा रही है। प्रदेश के 10 नगरीय निकायों के लिये क्लस्टर आधार पर 1018.85 टन प्रतिदिन क्षमता की इकाइयों के लिये केन्द्र सरकार से स्वीकृति मिल गयी है। इंदौर-उज्जैन में 607 टन कचरे से बिजली बनाने की यूनिट्स का काम प्रस्तावित है। इनके प्रारंभ होने से 12.15 मेगावॉट बिजली प्राप्त होगी।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

### नवाचार तथा मैदानी कर्मचारियों की क्षमतावृद्धि पर ध्यान केन्द्रित करें : लोक निर्माण मंत्री

**रीवा।** लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों की संभाग स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला का समदड़िया गोल्ड में गत दिवस आयोजन किया गया। कार्यशाला का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के सभी इंजीनियरों को आधुनिक निर्माण तकनीकों का ज्ञान होना आवश्यक है। आधुनिक तकनीक का उपयोग करके निर्माण कार्य कराने पर गुणवत्ता में वृद्धि होने के साथ लागत में कमी आएगी। लोक निर्माण विभाग के सभी चीफ इंजीनियर निर्माण कार्यों में नवाचार तथा मैदानी कर्मचारियों की क्षमता वृद्धि पर ध्यान केन्द्रित करें।

**अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-22) फाइनल मैच**

# रीवा को 8 विकेट से पराजित कर सतना बना चैंपियन

### सतना के सागर सिंह रहे मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**जागरण,रीवा।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने निर्देशानुसार रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में खेली जा रही अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर-22) के अंतर्गत मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन मैदान भाटी में रीवा एवं सतना जिले की टीमों के बीच खेले जा रहे 4 दिवसीय फाइनल मैच के चौथे और अंतिम दिन के खेल में सतना की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये रीवा को 8 विकेट से पराजित कर विजेता बनने का गौरव पाया। फाइनल मैच के पहले तीन दिनों का खेल काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा जिसमें रीवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 199 रन बनाये जिसका प्रत्युत्तर देते हुये सतना की टीम ने पहली पारी में 278 रनों का स्कोर बनाया तथा रीवा पर पहली पारी में 79 रनों की लीड लेने में सफलता प्राप्त की थी। रीवा ने दूसरी पारी में 223 रनों का स्कोर बनाते हुये सतना के सामने जीत के लिये 145 रनों का लक्ष्य रखा था। सोमवार को मैच के चौथे व अंतिम दिन के खेल मे अपने कप्तान सागर सिंह की बेहतरीन बल्लेबाजी की मदद से सतना ने जीत के लिये मिले 145 रनों के लक्ष्य को 42वें ओवर में ही 2 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया तथा 8 विकेटों की शानदार जीत दर्ज की। सागर सिंह 12 चौकों एवं 2 छक्कों की मदद से 85 रन बनाकर नॉट आउट रहे। इस प्रकार पूरी प्रतियोगिता में अपराजित रहते हुये सतना ने विजेता बनने का गौरव पाया तथा संभागीय क्रिकेट अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। फाइनल मैच के समाप्त होने के बाद पूर्व रणजी खिलाड़ी आनंद सिंह, पूर्व वरिष्ठ संभागीय खिलाड़ी फरीद खान के आतिथ्य में रीवा टीम को उपविजेता ट्राफी एवं चैंपियन सतना टीम को विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। सतना के कप्तान सागर सिंह को फाइनल मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया । इस अवसर पर फरीद खान ने कहा कि खिलाड़ियों में अंत तक हार नहीं मानने का जज्बा होना चाहिये, क्योंकि ये जज्बा ही उन्हें सफलता देगा वहीं आनंद सिंह ने दोनों टीमों को बधाई देते हुये कहा कि क्रिकेट एक बहुत ही प्रतिस्पर्धा का खेल है जिसमें कमी की कोई गुंजाइश नहीं होती। अगर आप ईमानदारी से खेलेंगे तो ही आगे बढ़ सकते हैं, क्योंकि खेलों में कोई शार्टकट नहीं होता। समापन अवसर पर आरडीसीए के सह सचिव देवेश शुक्ला, पूर्व रणजी खिलाड़ी अनुराग सिंह, जगदीप बावेजा, दोनों अंपायर प्रेमशंकर भार्गव एवं जीतेन्द्र गुप्ता सहित महेन्द्र सिंह, कमलेश शुक्ला, खुदाबख्श, विकास सिंह, शिवम सिंह, सतना टीम के कोच पार्थ सिंह एवं दोनों टीमों के खिलाड़ी तथा खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## कैंसर की समय पर पहचान समुचित उपचार के लिये अहम : उप मुख्यमंत्री

**जागरण, रीवा।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कैंसर जैसे गंभीर रोग की समय पर पहचान समुचित उपचार के लिये अहम है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के स्वस्थ भारत विज़न से प्रेरणा लेते हुए निरंतर प्रयासरत है। हर नागरिक को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ और किफायती रूप से मिल सकें। इसी दिशा में राज्य और केंद्र सरकार ने कैंसर उपचार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट में कैंसर देखभाल के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। कैंसर की दवाओं को सुलभ और सस्ती दर में उपलब्ध कराने के प्रावधान हैं। इसके अलावा, हर जिले में कैंसर देखभाल केंद्र स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना का ऐलान किया गया है, जिससे कैंसर डायग्नोसिस और उपचार की सुविधा ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों को मिल सकेगी। राज्य सरकार भी इन केंद्रों को स्थापित करने के लिए प्राथमिकता दे रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल डिस्पेंसरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पतालों में सर्वाइकल कैंसर की वीआईए जांच निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इस जांच को प्रत्येक पांच वर्ष में कम से कम एक बार करवाना आवश्यक है। जिला अस्पतालों में बायोप्सी सैंपलिंग और मेडिसिन कीमोथेरेपी की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं का विकेंद्रीकरण सुनिश्चित करते हुए कैंसर के इलाज को मेडिकल कॉलेजों और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जैसी संस्थाओं में सुलभ बनाया है। पहले जहां कैंसर का उपचार केवल निजी अस्पतालों में ही उपलब्ध था, अब राज्य के विभिन्न जिलों में, सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में उन्नत कैंसर उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर कैंसर सहित असंचारी रोगों की पहचान के लिए सीबैक फॉर्म भरवाए गए हैं। जिसके आधार पर एनसीडी पोर्टल के माध्यम से मरीजों का उपचार एवं फॉलोअप सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डायबिटीज, हाईपरटेंशन और कैंसर जैसे असंचारी रोगों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, इसलिए इनकी समय पर पहचान और समुचित उपचार आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत कैंसर के उपचार की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क है। अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक भी इस योजना के तहत महंगे इलाज का लाभ बिना किसी वित्तीय बोझ के उठा सकते हैं। जिला अस्पतालों में एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी उन्नत डायग्नोसिस सुविधाएं पात्र हितग्राहियों के लिए निःशुल्क तथा अन्य नागरिकों के लिए रियायती दरों पर उपलब्ध हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी के लिए स्वास्थ्य विज़न को साकार करने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ लड़ाई में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और बजट प्रावधान महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाएं और किसी भी प्रकार के लक्षणों को नजरअंदाज न करें। राज्य सरकार हर नागरिक के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संकल्पित है।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## किराए से देना है

शॉप/ शोरूम- ऑफिस, कोचिंग, लायब्रेरी, डॉक्टर्स चैंबर्स, पैथोलॉजी क्लिनिक हेतु, 5 हाल, स्टोर रूम, वाशरूम उपलब्ध है। तुरंत संपर्क करें: मो. 9892729044

जी.एम. सर (06/2)

## बेचना है

29×35 का प्लाट जिसमें 4 कमरे एवं किचन 3 लैटबाथ, बोर सप्लाई नल कनेक्शन सहित पोर्च मकान शीघ्र बेचना है।

पता-राइस मील के सामने कैलाशपुरी, अनन्तपुर रीवा मो. 8982143608

आर-80817(11/2)

## पथरी, सौन्दर्य, दर्द, गुप्त, सफेद दाग

साफ्टवेयर द्वारा दवा चुनाव शीघ्र इलाज। 28 वर्षों व विरासतीय अनुभव द्वारा रोगों का सस्ता इलाज। गालब्लेडर पथरी, ऐलर्जी, अस्थमा, बात, बबासीर, चेहरे के बाल, बालों का झड़ना, पकना, मुहासे, झाइयाँ, स्त्री रोग-सफेद पानी, अनियमित माहवारी, अविकसित स्तन, पुराना बुखार, हथेली की जलन, शिशु रोग-बार-बार निमोनिया होना, चिडचिडाहट, याददास्त में कमी, गुखरू, मसा, हाइड्राफेशियल, झाइयों का अल्टासोनिक इलाज, ऑटोइम्यून रोग, बी.पी., सुगर, नये पुराने रोगों का होम्योपैथिक इलाज।

डॉ. रोचना डॉ. विकास श्रीवास्तव
9827355156

पता - (1) मुख्य डाक घर के पीछे सुधार न्यास कालोनी। (2) न्यू बस स्टैण्ड, ज्योति स्कूल के सामने समदडिया ब्लाक-सी, गैस एजेंसी के बगल में रीवा।

आर-80809(6/2)

### आपराधिक कृत्य करने वालों पर कार्यवाही हो डॉ. संदीप पटेल

**रीवा।** डॉ. संदीप पटेल ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि सीधी जिला के मिसरगवां गॉव के निवासी आर.एन. पटेल पी.एच.ई विभाग में अपनी सेवाकाल पूर्ण किया। इसके उपरांत उन्हें विभाग द्वारा विदाई देने के बाद उनके परिवारजन गाजे-बाजे के साथ अपने गॉव मिसरगवां ले जा रहे थे तभी रास्ते में इंस्पेक्टर पुष्पेन्द्र मिश्रा द्वारा आर.एन. पटेल के सम्मान में चल रहे आयोजन को रोक कर गाली गलौज की, फिर उनके परिवारजनों के साथ अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट की गई और पकड़कर जबरदस्ती थाने मे बन्द कर दिया गया। ऐसे आपराधिक कृत्य करने वाले और अपने पद का दुरूपयोग करने वाले इंस्पेक्टर सहित अन्य सहयोगी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कानूनी एवं विभागीय कार्यवाही नहीं की गयी, जिन्हें भाजपा सरकार का पूर्ण समर्थन प्राप्त होना साबित होता है। ऐसे आपराधिक कृत्य करने वालों पर कार्यवाही होनी चाहिये।

### निर्दोष छात्रों की गिरफ्तारी तानाशाही : अनुपम तिवारी



**रीवा।** वरिष्ठ समाजसेवी और अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता तथा एन एस यू आई के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुपम तिवारी ने अपने बयान में कहा है कि शांतिपूर्ण तरीके से और संवैधानिक तरीके से अपनी राजनीतिक मांग रख रहे भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कुछ छात्र पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा बलपूर्वक गिरफ्तार करना पूर्ण रूप से तानाशाही का कदम है और अत्यधिक निंदनीय है । रीवा की पुलिस में अपराधी, नशे के व्यापारियों , समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने का दम नहीं है। वह तो मात्र निर्दोष शांतिपूर्वक अपना कार्य कर रहे छात्रों और समाज के निरीह तबकों पर अपनी ताकत दिखाती है।

## बेचना है

4500 वर्ग फुट 90×50 भूमि जिस पर 1700 वर्गफुट में एक पुराना भवन निर्मित है। अमहिया रीवा मुख्य मार्ग से 50 मीटर अंदर, 20 फुट चौड़ी सड़क से लगी हुई। केवल वास्तविक इच्छुक क्रेता ही संपर्क करें।

पता: जे.के. कैंपस, खुटेही मस्जिद के बगल में मो. 9202110190

आर-80864(6/2)

## मोबाइल का सावधानी से उपयोग करें : कलेक्टर

### कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया साइबर अपराध रोकने के लिए जागरुकता कार्यक्रम



**जागरण, रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में साइबर अपराध रोकने के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि हर व्यक्ति मोबाइल फोन का उपयोग कर रहा है। एक-दूसरे से संपर्क के साथ-साथ मोबाइल बैंकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग, गेमिंग तथा अन्य कई कार्यों में मोबाइल का उपयोग हो रहा है। साइबर अपराधों से बचने के लिए मोबाइल का सावधानी से उपयोग करें। अनजाने नम्बरों से आने वाले फोन काल से सावधान रहें। किसी भी तरह के लालच या दबाव में आकर कोई भी वेबसाइट अथवा लिंक डाउनलोड न करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सेफ्टी फीचर ध्यान रखें। हाल ही में सीधी में एक व्यक्ति से एक करोड़ रुपए तथा रीवा में 50 लाख रुपए की साइबर ठगी हो चुकी है। स्वयं सावधानी बरतें तथा अन्य व्यक्तियों को भी साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक करें। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेकलाल ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देश के अनुसार विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में एक फरवरी से 11 फरवरी तक सेफ क्लिक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक थाने तथा शिक्षण संस्थाओं में साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साइबर अपराध इस समय बहुत बड़ी चुनौती है। साइबर अपराधियों का नेटवर्क बहुत बड़ा है। इनमें से अधिकतर नेटवर्क विदेशों से संचालित हैं। राजस्थान और बिहार से भी कई साइबर अपराधियों के गिरोह लगातार सक्रिय हैं। कार्यक्रम में पुलिस साइबर सेल के श्री पटेल ने बताया कि साइबर अपराध लालच में आने और भय से होते हैं। डिजिटल अरेस्ट जैसे मामले भी साइबर अपराध ही हैं। साइबर अपराध से बचने के लिए काम खत्म होने के बाद मोबाइल का इंटरनेट बंद कर दें। रात में भी इंटरनेट बंद रखें। मोबाइल फोन में कोई भी महत्वपूर्ण व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार कार्ड, पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस नम्बर, जन्मतिथि, बैंक खाता नम्बर आदि न रखें। फर्जी वेबसाइट और लिंक के माध्यम से हैकर्स आपकी जानकारी आसानी से प्राप्त कर लेते हैं।

### उच्च शिक्षा मंत्री 7 को रीवा होकर प्रयागराज जायेंगे

**रीवा।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार 6 फरवरी को रेवांचल एक्सप्रेस से रवाना होकर 7 फरवरी को प्रातः 8 बजे रीवा पहुंचेंगे तथा राजनिवास सर्किट हाउस में विश्राम के उपरांत प्रातः 9.30 बजे प्रयागराज रवाना होंगे। मंत्री श्री परमार 8 फरवरी को दोपहर बाद रीवा आकर रात्रि 8 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
(Govt. of M.P. Undertaking)
OFFICE OF THE Addl. CHIEF ENGINEER (THC), SIRMOUR, DISTT. REWA (M.P.) - 486448
E-mail : eehqthc@gmail.com, CIN : U40109MP2001SGC14822

**NOTICE INVITING TENDER (Through e-tendering process only)**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed Contractor/Firm/Service Provider/Joint Venture for the following jobs:-

| Tender No. | Tender Particulars | Estimated cost in Rs. (inclusive of Taxes)/Period/ Tender cost in Rs. | EMD in Rs. | Date and time for closing of online submission | Date & time of e-opening of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_ MPPGC_ 391029_1 | Work contract for engagement of 7 nos. unskilled manpower for assistance in day to day routine operation of units and associated auxiliaries for a period of 24 months at 3x105 MW, THPS-I, MPPGCL, Sirmour | 27.85 Lakh/ 1,000/ 24 months | 55,700/- | 21.02.2025 Up to 16:00 hrs. | 25.02.2025 from 15:30 hrs. onwards |

It is mandatory for prospective bidders to get registration on website **www.mptenders.gov.in** by making online registration fees payment. Further for detailed NIT, eligibility criteria, tender documents etc., please visit website **www.mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/118625/2025 //Save Electricity// Addl. Chief Engineer (THC)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड मऊगंज (म0प्र0)**

निविदा सूचना क्रमांक/ 05 /लेखा/का0यं0/लो0स्वा0यॉ0/2024-25 मऊगंज, दिनांक 30.01.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

01. निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन कार्य से संबंधित दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रकिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 03.02.2025 डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/सेल स्टार्ट डेट दि0 03.02.2025 डाक्यूमेन्ट खरीदी की अंतिम दिनांक 17.02.2025 बिड सबमिशन प्रारम्भ का दि0 03.02.2025 एवं बिड सबमिशन का अंतिम दिनांक 17.02.2025 को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' एवं बिड ओपनिंग दिनांक 19.02.2025 पूर्वान्ह 11.00 बजे निर्धारित है।

02. उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

03. कार्य का विवरण :-

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज अन्तर्गत विकासखण्ड मऊगंज, हनुमना, त्यौंथर एवं नईगढ़ी में स्थापित हैण्डपंपों का नियमित निरीक्षण, संधारण, ग्रीसिंग एवं आवश्यकतानुसार क्लोरीनेशन आदि समस्त कार्य।

| ई-टेण्डर न0 | विकासखण्ड/ हैण्डपंपों की संख्या | कार्य की अनु0 लागत (रू. लाख में) | प्रतिभूति राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_399618_1 | मऊगंज (8280 है.पं.) | 94.52 | 94520.00 | 10000.00 | दो वर्ष |
| 2025_PHED_399619_1 | हनुमना (7870 है.पं.) | 90.05 | 90050.00 | 10000.00 | दो वर्ष |
| 2025_PHED_399620_1 | त्यौंथर (8220 है.पं.) | 94.13 | 94130.00 | 10000.00 | दो वर्ष |
| 2025_PHED_399622_1 | नईगढ़ी (7260 है.पं.) | 83.08 | 83080.00 | 10000.00 | दो वर्ष |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं। विस्तृत निविदा विभागीय वेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

G-22564/24

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खण्ड,
मऊगंज (म0प्र0)

# जिले में छाया मदनोत्सव का उल्लास, जगह-जगह लगे मेले

## बसंती पंचमी को शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जागरण, रीवा

जिले में बसंत पंचमी (मदनोत्सव)का त्योहार उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिले में जगह-जगह मेले लगे, जहां बच्चों, बूढ़ों और महिलाओं ने उल्लासपूर्ण सैर करते हुए खरीददारी की। चूंकि बसंत पंचमी के दिन भगवान शिव की पूजन का विशेष महत्व होता है, इस कारण जिलेभर के तमाम शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तगण भगवान शिव का जलाभिषेक करने कतारबद्ध रहे। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, शमी, धतूरा, दूध, दही, घी, शक्कर, फल-फूल, धूप-दीप नैवेद्य से भगवान शिव का पूजन किया। मंदिरों में हर-हर महादेव, जय शिवशम्भु के जयकारे गूंजते रहे। जिले के किला महामृत्युंजय मंदिर, कोठी कंपाउंड मनकामेश्वर शिवमंदिर, उर्रहट ओंकारेश्वर देवालय, गुढ़ कष्टहरनाथ, देवतालाब शिव मंदिर, बिरसिंहपुर गैवीनाथ धाम, भैरवनाथ मंदिर खामडीह, सोहागी अड़गड़नाथ, गढ़ परासी शिवमंदिर, मऊगंज में हाटा लोढ़ी, गणेशन मंदिर बरांव, खैरा झिरिया सहित अन्य शिवालयों में लोगों ने विधिवत पूजन के साथ जलाभिषेक किया गया। इन मंदिर स्थलों के बाहर भारी मेला भी लगा। ऐसे ही, क्योंटी प्रपात, बहुती प्रपात, पुरवा प्रपात, खंधो माता मंदिर जैसे जिले के अन्य तालाब, पोखरी, जलाशयों में भी मेले सजे रहे। जहां लोग घरेलू उपयोग की सामग्री खरीदने पहुँचे। इन मेलों में चाट-फुल्की के ठेले भी लगे, जिसका आनंद लोगों ने लिया। उक्त स्थानों में अभी अगले दो-तीन दिन मेला लगा रहेगा, जहां लोग जरूरत का सामान खरीदने पहुँचेंगे।

**माँ सरस्वती की हुई पूजा :** गौरतलब है कि बसंत पंचमी के दिन माँ सरस्वती के पूजन का विशेष महत्व है। इस लिहाज से जिले के लगभग सभी शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजन का कार्यक्रम हुआ। जहां छात्रों ने पहले तो माँ सरस्वती की विधिवत पूजा की। तदुपरांत अपने शिक्षकों का भी सम्मान किया। साथ ही, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।



## वनस्थली में गूंजी मां सरस्वती की वंदना



वनस्थली स्कूल में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष पूजा में डायरेक्टर मनोज तिवारी एवं प्राचार्य दीप्ती अग्रवाल के नेतृत्व में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी शिक्षकगण ने पीले वस्त्र धारण कर पूजा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं पूजा मे होने वाले हवन मे समस्त बच्चों से हवन कराया और साथ ही बच्चों ने सरस्वती वंदना के साथ-साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन गीत-संगीत के माध्यम से किया।

## गीतांजलि स्कूल में बिखरे बसंत पंचमी के रंग




गीतांजलि पब्लिक स्कूल सिविल लाइन में बसंत पंचमी का त्योहार हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक वरुण प्रधान एवं रितिका प्रधान के द्वारा परंपरागत तरीके से माँ सरास्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। साथ ही गीतांजलि पब्लिक स्कूल मैदानी में मुख्य अतिथि सी.एस.पी शिवाली चर्तुवेदी एवं कल्पना गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय संचालक ने विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को विद्या व ज्ञान की देवी से ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

## रीठी विद्यालय मनाई गई बसंत पंचमी

शासकीय विद्यालय रीठी में सोमवार को बसंत पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विधिवत माँ सरस्वती का पूजन कार्यक्रम हुआ और फिर शिक्षकों ने छात्रों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक राजेश पटेल, विशाल शुक्ला, राजेंद्र सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

## लिटिल बैम्बिनोज में हर्षोल्लास के साथ मनाया बसंतोत्सव



लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में बसंत पंचमी का त्योहार बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और विद्यालय के आंगन को बसंत के रंगों से सजा दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना से हुई, जिसमें छात्रों ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। प्राचार्य डॉ. गायत्री शुक्ल ने विद्यार्थियों और उपस्थित शिक्षकों को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में, प्रज्ञा श्रीवास्तव, सुधा सोनी,कंचन द्विवेदी, श्वेता मिश्रा,श्वेता सिंह तिवारी, रश्मी मिश्रा, रूपमाला पांडे, स्वाति सोनी, विवेक चतुर्वेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गांधी आदर्श विद्यालय में हुआ आयोजन



रतहरा स्थित गांधी आदर्श विद्यालय में सोमवार को बसंत पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रागंण में प्रातः माँ सरस्वती का पूजन कार्यक्रम हुआ, जिसमें सभी छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। तत्पश्चात छात्रों को बसंत पंचमी और सरस्वती पूजन का महत्व शिक्षकों द्वारा बताया गया। प्राचार्य मनोकामना प्रसाद तिवारी ने छात्रों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभी शिक्षक एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

## केरेला पब्लिक स्कूल में माँ सरस्वती की हुई विशेष पूजा अर्चना



बसंत पंचमी का उत्सव विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में माँ सरस्वती और गणेश भगवान की पूजा अर्चना पंडित सौरभ गौतम के द्वारा विधि विधान के साथ कराई गई, जिसमें सभी छात्रों ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी छात्र और शिक्षक पूजा के लिए विद्यालय में पीले वस्त्रों में आये। पूजा और हवन के बाद सभी छात्रों को हलवा,पूरी,फल और प्रसाद का वितरण विद्यालय द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल संचालक विक्रम प्रताप सिंह, प्राचार्य अफरोज़ बेगम, शिक्षक अवधेश कुमार पटेल, आदर्श सिंह, सुनीता सिंह, अंजली कुशवाहा, लवली पटेल, प्रीति रावत एवं समस्त स्टाफ सहित अविभावक भी उपस्थित रहे।

## एमसीयू में हुआ सरस्वती पूजन



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के रीवा परिसर में सोमवार को बसंत पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर परिसर के पुस्तकालय कक्ष में प्रातः माँ सरस्वती का पूजन कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राजकुमार आचार्य एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ ऋषि कुमार मिश्र रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के अलावा विशिष्ट अतिथि राकेश सोनी और प्रशासनिक अधिकारी डॉ बृजेंद्र शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान शिवानंद तिवारी, समीर शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, सुनील पाण्डेय, डॉ सुनीत तिवारी, प्रदीप शुक्ला, डॉ वंदना तिवारी सहित अन्य शिक्षक एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

## गरीब छात्राओं के साथ मनाया उत्सव



नगर की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक संस्था माँ सेवा समिति द्वारा अर्जुन नगर स्थित आदर्श अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में बसंत पंचमी का उत्सव मनाया गया। समिति के सदस्यों ने छात्रावास की नन्हीं बालिकाओं के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया। बालिकाओं को नये फैन्सी फुल सूट, मोजे, फल, मिष्ठान, डबलरोटी एवं चाकलेट का वितरण समिति द्वारा कराया गया। इससे पहले समिति द्वारा उत्साहपूर्वक छात्रावास में माँ सरस्वती की पूजा का आयोजन भी कराया गया। इस दौरान संजय गांधी अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ सीबी शुक्ला, विन्ध्य चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, सरदार प्रह्लाद सिंह, सोनिया रोशन कोटवानी, सचिन डुडॉनी, सुरेश विश्नोई, स्टेट बॉर कौंसिल के सदस्य एड. अखण्ड प्रताप सिंह, सुरेश वासानी, नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी, राजेश साकेत, कमलेश सचदेवा, संतूलाल आहूजा, रमेश मंसानी, वीरेन्द्र आर्य, कन्हैयालाल मंगलानी, अशोक प्रधान, परसराम कोटवानी, रमेश सोनेता, राजन वर्मा, अशोक रोहडा, नगर विजया दशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रकाश तरानी, पूर्व पार्षद अजय माधवानी, राजेन्द्र निगम, दिलीप आसनानी, सुरेश राय, संजय श्रीवास्तव, प्रहलाज चेलानी, दीपचन्द्र विश्वकर्मा, सुनील बलेचा, दीपक सिंह, मुकेश पाटकर संजय श्रीवास्तव, अजय ताम्रकार, पंकज श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, गौरव उप्पल, प्रमोद गुप्ता, वार्डन किरन चौधरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विश्व के हर मंच पर वाणी पुत्रों का होता है सम्मान-डॉ. खान

### बसंत पंचमी में शांतिधाम में कलम परिवार ने किए काव्य पुष्प अर्पित



बसंत पंचमी पर्व पर विंध्य काव्य साहित्य परिषद कलम परिवार के तत्वावधान में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि एवं हिन्दू धर्म परिषद के संयुक्त तत्वावधान में वाणी पुत्रों ने एकत्रित होकर मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर वंदना की। राजयोगिनी बीके निर्मला के 75 वें जन्म दिवस पर उपस्थित लोगों ने दीर्घजीवी होने की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि रेडक्रॉस के वाइस चेयरमेन डॉ. एके खान ने कहा कि वाणी पुत्रों को विश्व में हर मंच पर सम्मान मिलता है, सरस्वती माता की कृपा के बिना माता लक्ष्मी भी प्रसन्न नहीं होती। अध्यक्षता कर रहे कलम परिवार के नारायण डिगवानी ने कहा कलम परिवार सभी रचनाधर्मियों को दिशा और विशाल मंच देने के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा। विशिष्ट अतिथि इंजी.आरके सिंह, हिन्दू धर्म परिषद के आजीवन सदस्य सुरेश विश्नोई, कवि कमल किशोर ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान कलम परिवार के कार्यकारी अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, डॉ. अरुणा पाठक, अमित द्विवेदी, हशमत रीवानी, जावेद सौदागर, इन्दिरा अग्निहोत्री, प्रचार सचिव रामकृष्ण द्विवेदी, रामसुन्दर द्विवेदी ने काव्य पाठ करके मां वाणी के प्रति कृतज्ञता का प्रदर्शन किया। संचालन भृगुनाथ पाण्डेय व अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा मणी ने किया, स्वागत उद्‌बोधन संयोजक सुमित मॉजवानी ने दिया, आभार बीके प्रकाश ने व्यक्त किया।

## फेस इंस्टीट्यूट में छात्रों ने किया पूजन एवं वंदन



फेस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्स में बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती का पूजन किया गया तथा छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर संस्था की संचालिका डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी तथा सभी प्रशिक्षक एवं अन्य स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम में फेस संस्था के संचालक नीलेश तिवारी एवं अन्य स्टाफ बी.एल. द्विवेदी, दिलीप सिंह, पुष्पेन्द्र चतुर्वेदी, अमित पाण्डेय, जितेन्द्र गर्ग, अजय द्विवेदी, रवि तिवारी, भवुनेश्वर कुमार, नीरज कुमार पाण्डेय पुष्पांजलि विश्वकर्मा, आभा पाण्डेय, बिन्नी सिंह तथा सुखेन्द्र शुक्ला उपस्थित रहे।

## बच्चों ने बैंगलेस डे के तहत किया शैक्षणिक भ्रमण

### पीएमश्री केवी 1 में शिक्षक-पालक बैठक संपन्न



**रीवा।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 1 में प्रावधिक परीक्षाओं के समापन के बाद शिक्षक-पालक बैठक संपन्न हुयी । बैठक के प्रारम्भ में विद्यालय के परीक्षा प्रभारी उमेश कुमार त्रिपाठी ने आगामी मुख्य परीक्षा तथा वृहद जानकारी साझा की। उप प्राचार्य अंकुर तिवारी ने अभिभावकों और छात्रों को संबोधित करते हुए आने वाले मुख्य परीक्षा के दौरान उचित समय प्रबंधन का महत्व बताया। विद्यालय की प्राचार्य महालक्ष्मी पाण्डेय ने अविभावकों एवं छात्रों को संबोधित किया तथा आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाये प्रेषित की। उन्होंने अविभावकों से विद्यालय द्वारा छात्रों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए किये जा रहे विभिन्न प्रयासों और योजनाओं से भी अवगत कराया। मीटिंग के दौरान प्रावधिक परीक्षाओं के नतीजों के बारे में शिक्षकों ने छात्रों एवं अविभावकों से बात की। विद्यालय के माध्यमिक विभाग के बच्चे बैगलेस डे तहत पीएम योजना के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण हेतु मुकुंदपुर टाइगर सफारी एवं चिड़ियाघर गए। कई प्रश्न भी बच्चों ने किए, वहां के चित्र भी बनाएं तथा अपने अनुभव भी साझा किये। इस भ्रमण का मुख्य आकर्षण आइवरी व विभिन्न प्रकार के जानवर थे। भ्रमण का सफलता पूर्वक आयोजन विद्यालय की प्राचार्य महालक्ष्मी पांडे, उप प्राचार्य अंकुर तिवारी एवं रंगबहादुर पटेल के कुशल मार्गदर्शन में हुआ।

## संचार कौशल जीवन को सार्थकता प्रदान करती है: प्रो.कुशवाह

### एपीएसयू के हिंदी विभाग में राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ




**जागरण,रीवा।** छात्रों में कौशल विकास संवर्धन के तहत संचार कौशल में दक्षता प्रदान करने के लिए अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में नवाचार करते हुए राष्ट्रीय साप्ताहिक कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को किया गया। मुख्यअतिथि कुलगुरु प्रो.राजकुमार आचार्य रहे व अध्यक्षता प्रो.दिनेश कुशवाह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलसचिव प्रो.सुरेंद्र सिंह परिहार मौजूद रहे। विशेष आमंत्रित अतिथि प्रो.ओपी द्विवेदी सिरमौर,आईक्यूएसी निदेशक प्रो.अतुल पांडेय एवं कौशल विकास संचालनालय के संचालक प्रो.श्रीकांत मिश्रा मौजूद रहे। साप्ताहिक कार्यशाला का आरंभ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कौशल विकास संवर्धन हेतु सॉफ्ट स्किल एंड लाइफ स्किल अंतर्गत कम्युनिकेशन स्किल पर हुआ। प्रो.आचार्य ने कहा कि मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि रीवा विश्वविद्यालय ने यह अनूठी पहल सबसे पहले की है। कुलसचिव प्रो.परिहार ने कहा कि पीएम ऊषा सॉफ्ट कॉम्पोनेंट के तहत इस कार्यशाला के लिए जब उच्च शिक्षा विभाग में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तो आयुक्त उच्च शिक्षा ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की, क्योंकि एकमात्र रीवा विश्वविद्यालय है जो सॉफ्ट कंपोनेंट के तहत अधिक से अधिक कार्यक्रम का प्रस्ताव शासन के समक्ष प्रस्तुत किया।

प्रो.दिनेश कुशवाह ने कहा कि संचार कौशल जीवन को सार्थकता प्रदान करती है। आईक्यूएसी निदेशक प्रो. अतुल पांडेय ने कार्यशाला के प्रस्ताव एवं उद्देश्य की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत किये तथा संचालक कौशल विकास संचालनालय प्रोफेसर श्रीकांत मिश्रा ने वर्तमान में संचार कौशल की प्रासंगिकता को निरूपित किया। संयोजक डॉ लक्ष्मीकांत चंदेला ने अतिथियों का स्वागत किया व स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का आभार डॉ. चंद्र प्रकाश पटेल ने किया तथा संचालन डॉ. बारेलाल जैन ने किया। कार्यशाला में प्रो.महेश चंद्र श्रीवास्तव, अनुराग मिश्रा, निशा पटेल, नीतू पटेल, अंशुरानी पटेल, मुक्ता त्रिपाठी, डॉ.गोविंद दांगी, डॉ.शोभारानी दुबे, डॉ. रितु सिंह, डॉ.अंशू केसरवानी, डॉ.प्रतीक्षा पांडेय, डॉ.अरुण पांडेय एवं विश्वविद्यालय के प्रतिभागी, छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यशाला के लिए 75 छात्रों ने पंजीयन कराया एवं बढ़ चढ़कर सहभागिता की।


महाकुम्भ मेला 2025

आवश्यक सूचना

रेल यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सहायता हेतु महत्वपूर्ण जानकारी

बसंत पंचमी - 03.02.2025 | माघी पूर्णिमा - 12.02.2025 | महाशिवरात्रि - 26.02.2025

मुख्य स्नान पर्व से एक दिन पूर्व एवं दो दिन बाद तक प्रयागराज जं., सूबेदारगंज, नैनी जं. एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर निकास एवं प्रवेश की व्यवस्था

प्रयागराज जं. से निकास - केवल सिविल लाइन्स की ओर से
प्रयागराज जं. पर प्रवेश - लीडर रोड द्वारा केवल सिटी साइड की ओर से
प्रयागराज जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. एवं रंग | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 लाल रंग | 1 लाल रंग | वाराणसी एवं लखनऊ की ओर | 7 से 10 |
| 2 नीला रंग | 2 नीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 4,5 |
| 3 पीला रंग | 3 पीला रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना की ओर | 1 |
| 4 हरा रंग | 4 हरा रंग | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 2,3 |
| 5 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

नैनी जं. से निकास - केवल माल गोदाम की ओर से
नैनी जं. पर प्रवेश - केवल स्टेशन रोड से
नैनी जं. पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 हरा रंग | कानपुर की ओर | 2 |
| 1 | 2 नीला रंग | मानिकपुर, चित्रकूट, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी की ओर | 3 |
| 1 | 3 लाल रंग | मानिकपुर, सतना, जबलपुर की ओर | 3 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |
| 3,4 | 4 B,A पीला रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1 |

प्रयागराज छिवकी स्टेशन से निकास - केवल GEC रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश - केवल COD रोड से
प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर अलग-अलग दिशाओं हेतु बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. एवं रंग | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1B | 1 हरा रंग | मिर्ज़ापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. (मुगलसराय) की ओर | 1,2 |
| 1A | 2 लाल रंग | मानिकपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, सतना, जबलपुर की ओर | 3,4 |
| 2 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

सूबेदारगंज स्टेशन से निकास - केवल जी.टी. रोड की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर प्रवेश - केवल झलवा की ओर से
सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए गए यात्री आश्रयः-

| प्रवेश द्वार सं. | यात्री आश्रय सं. | दिशा | प्लेटफार्म सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | – | कानपुर, आगरा, दिल्ली की ओर | 1 |
| 3 | – | आरक्षित टिकट यात्रियों के लिए | उद्घोषित प्लेटफार्म से |

कुम्भ रेल सेवा ऐप 2025
QR कोड स्कैन कर डाउनलोड करें

महाकुम्भ के दौरान पाएं रेल संबंधित हर जानकारी और सभी समस्याओं का समाधान

रेलवे के टोल फ्री नंबर 1800 4199 139 पर तुरंत संपर्क करें



214/25 (DG)
उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

॥गीता॥

इंद्रिस्येन्द्रियार्थे रागद्वेषौ व्यवस्थितौ।
तोयार्न वशमागच्छेतौ ह्यस्य परिपन्थिनौ॥

भावार्थ : प्रत्येक इंद्रिय के प्रत्येक विषय में अनुकूलता-प्रतिकूलता की मान्यता से मनुष्य के राग-द्वेष स्थित रहते हैं। मनुष्य को इन दोनों के वश में नहीं होना चाहिए। क्योंकि यह दोनों ही इसके (परमार्थिक मार्ग में विघ्न डालने वाले) शत्रु हैं।

# नकारात्मक असर होगा ट्रंप के व्यापार युद्ध का

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट में टैक्स छूट के तोहफे से मध्य वर्ग को खुश कर दिया। इससे खपत में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है, लेकिन इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी और चीन पर 10 फीसदी आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर जिस तरह के व्यापार युद्ध की शुरुआत की है, उसका असर भारत पर भी हो सकता है, जिससे उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ट्रंप की इन घोषणाओं के बाद इन देशों की ओर से जवाबी कदमों का ऐलान स्वाभाविक है। लेकिन सबसे बड़ी बात है कि ट्रंप इन देशों तक ही रुकने वाले नहीं हैं। यूरोप उनके अजेंडे पर पहले से ही रहा है। इससे अनिश्चितता पैदा हो रही है। देखना होगा कि यह सिलसिला किस तरफ और कितना आगे बढ़ता है। भारत इस मामले में फिलहाल रक्षात्मक रुख अपनाते हुए बढ़ता दिख रहा है। इसकी ठोस वजहें भी हैं। माना जा रहा है कि ट्रंप भारत से ट्रेड सरप्लस कम करने को कह सकते हैं, लेकिन इस मामले में थोड़ी नरमी दिखाकर और अमेरिका से हथियार, तेल, गैस और कृषि उत्पादों की खरीद बढ़ाकर उन्हें शांत किया जा सकता है। यह इसलिए भी संभव दिखता है क्योंकि ट्रंप की प्राथमिकताएं अभी अलग हैं। बावजूद इसके, भारत के लिए नरमी के इस रुख पर कायम रहना आसान नहीं होगा। अगर भारत सिर्फ अमेरिका को आयात शुल्क में रियायत देता है तो वह विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ होगा। लेकिन अगर भारत सभी देशों को आयात शुल्क में छूट देता है तो आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने का लक्ष्य कमजोर होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के चलते जो व्यापार युद्ध शुरू होगा, उसका ग्लोबल इकॉनमी पर नकारात्मक असर होगा। इससे भारत में विदेशी निवेश का फ्लो कम हो सकता है, रुपये में और गिरावट आ सकती है। बजट से उपजा उत्साह अपनी जगह है, लेकिन आने वाली इन चुनौतियों के मद्देनजर अभी से तैयारी करनी होगी। स्वाभाविक ही, इसी हफ्ते रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों पर होने वाली घोषणाओं पर निगाहें टिक गई हैं।

**केंद्रीय बजट से मध्य वर्ग खुश हुआ है, लेकिन ट्रंप की व्यापार युद्ध की घोषणाओं से भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारत को व्यापार संतुलन बनाए रखने और ग्लोबल इकॉनमी पर संभावित नकारात्मक असर के लिए तैयार रहना होगा। भारत इस मामले में फिलहाल रक्षात्मक रुख अपनाते हुए बढ़ता दिख रहा है।**

प्रसंगवश

# आर्थिक नीतियों की कमजोरी है संसाधनों का असमान वितरण

ऑक्सफेम इंटरनेशनल की हालिया रिपोर्ट ब्रिटिश उपनिवेशी शासन के दौरान भारतीय संपत्ति और संसाधनों के दोहन पर केंद्रित रही। ऑक्सफेम के अनुसार, ब्रिटिश साम्राज्य ने भारत की विशाल संपत्ति और संसाधनों का शोषण किया, जिसके कारण भारत के औद्योगिक और कृषि विकास की संभावनाओं पर प्रतिकूल असर पड़ा। कहा जाता है कि भारत से जो धन ब्रिटेन पहुंचा, यदि वह



धन ब्रिटेन में बिछा दिया जाए, तो पूरा ब्रिटेन उससे ढक सकता है। अगर इन संसाधनों का भारत में उपयोग होता तो यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करता, बल्कि भारत समतावादी और समृद्ध राष्ट्र बनने की दिशा में हालांकि, केवल सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि को आर्थिक विकास का सही मापदंड नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह महत्वपूर्ण है कि इस संपत्ति का संचय किन हाथों में हो रहा है। यदि समृद्धि का एकत्रीकरण केवल कुछ वर्गों तक सीमित रहेगा, तो यह सामाजिक समरसता के लिए चुनौती बन सकता है।

**ऑक्सफेम के अध्ययन के अनुसार, आर्थिक विकास का अधिकतर हिस्सा कुछ हाथों में सिमटकर रह गया है, जबकि लाखों भारतीय रियायती गेहूं पर जीवन यापन कर रहे हैं। इस असमान वितरण के चलते भारत की आर्थिक नीतियों पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। विशेषकर जब नया बजट वंचित वर्ग के उत्थान पर केंद्रित है।**

**- सुरेश सेठ -**

भारत में उदारीकरण की शुरुआत 1991 में हुई, जब डॉ. मनमोहन सिंह ने वित्तमंत्री के रूप में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने और कोटा-लाइसेंस राज को समाप्त करने का निर्णय लिया। देश ने तेज़ी से आर्थिक विकास की राह पकड़ी। दुनिया में जहां एक ओर मुट्ठी भर अरबपतियों की संपत्ति तेजी से बढ़ रही है, वहीं करोड़ों साधारण लोग रोटी-रोजी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऑक्सफेम के अनुसार, अरबपतियों की संपत्ति में 2023 के मुकाबले तीन गुना वृद्धि हुई है, जो अब 15 हजार अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुकी है। यह संपत्ति अधिकतर उन हाथों में है जो वैश्विक आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करते हैं। वहीं, गरीबों की स्थिति में 1990 से कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है। ऑक्सफेम इंटरनेशनल के अमिताभ बेहार ने चिंता जताई है कि धनी वर्ग और अधिक समृद्ध हो रहा है, बहुराष्ट्रीय कंपनियां विश्व संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा हड़प रही हैं। अमेरिका में एक अरबपति राष्ट्रपति बने और सबसे अमीर व्यक्ति उनका शीर्ष सलाहकार पद संभाल रहा है, और मंत्रिमंडल में 13 अरबपति शामिल हैं। इससे साफ है कि भविष्य का बजट अमीरों की जरूरतों पर ज्यादा ध्यान देगा। भारत की स्थिति अलग है, जहां बड़ी आबादी, जिसमें गरीब, किसान, मजदूर और बेरोजगार युवा शामिल हैं, उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार उनकी समस्याओं की ओर ध्यान देगी। महंगाई, भ्रष्टाचार का खात्मा और रोजगार जैसी प्रमुख मांगें हैं, जिनका समाधान बजट में होना चाहिए। भारत को अपनी नई आर्थिक नीति में इस विश्वास को संबल देने की कोशिश करनी चाहिए, न केवल बड़े निवेशकों, बल्कि छोटे और कुटीर उद्योगों के निवेशकों को भी इसका फायदा मिल सकेगा। स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से समावेशी आर्थिक नीति की दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता है।

# विपक्ष के लिए एक सबक है यूपी में सियासी विकल्प का अभाव

राष्ट्रीय

**कुंभ में भगदड़ के चलते हुई श्रद्धालुओं की दुखद मौतों के मामले में जवाबदेही तय करने की मांग को लेकर विपक्ष प्रभावी नजर नहीं आया। इंतजामों को लेकर सवाल उठाये लेकिन वे बयानबाजी भर रहे। दरअसल, उत्तर प्रदेश में गंभीर सियासी विकल्प का अभाव है। इसलिए नहीं कि भाजपा हर गांव और शहर में हर वोट के लिए जूझती है, बल्कि इसलिए कि विपक्ष ऐसा नहीं कर पा रहा। जहां तक प्रयागराज में स्थितियों की बात है, यहां विपक्ष के लिए एक सबक भी है।**

**- ज्योति मल्होत्रा -**

जो राख से राख, धूल से धूल। उतनी ही भक्ति, निराशा, हताशा, क्रोध और तो और संतुष्टि तक को भी खुद में समा ले, सबसे बढ़कर है उसकी पिछले कुछ सहस्राब्दियों से जारी तिरस्कार को सहन करने की शक्ति। और इसीलिए, इस सप्ताह की शुरुआत में प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पवित्र मौनी अमावस्या की रात को गंगा ने 31 और शवों को ज़ज्ब कर लिया। बगल के गांव झूसी में भी सात अन्य शवों को। मौनी अमावस्या पर हुई यह भगदड़ हालांकि बहुत छोटी थी। जहां पर कई करोड़ लोग शरीर और आत्मा की शुद्धि के लिए ठीक एक ही समय पर संगम में पवित्र डुबकी लगाएं, वहां 38 जिंदगियां कहां गिनती में आती हैं।

योगी आदित्यनाथ ने अभी भी मृतकों की उस गिनती की पुष्टि नहीं की है जो उनकी पुलिस बता रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने शोक संतप्त परिवारों को दिलासा दिया है। विश्व हिंदू परिषद के वैश्विक प्रमुख आलोक कुमार का कहना है कि इसमें भी 'प्रभु की इच्छा' है। समस्या यह है कि तीर्थयात्रियों की मौत पर भले ही गहरा दुःख पसरा हो, लेकिन कुल मिलाकर यह भावना अभी भी प्रबल है 'चलो, हो गया। था तो भयानक, लेकिन फिर यह कुंभ है। साधारण नहीं, बल्कि महाकुंभ। जब लाखों श्रद्धालु एक साथ छोटी-सी जगह में इकट्ठे प्रार्थना करना चाहते हों, तो सरकार को कैसे दोषी ठहराया जा सकता है?'

मेरे जैसे लोग आस्थावानों के अडिग भाग्यवाद पर प्रश्न कर सकते हैं, आप में कुछ अधिक उद्वेलित हुए अपने पैर पटकते हुए मांग कर सकते हैं कि इस मुख्यमंत्री को बर्खास्त करो, उस डीजीपी का तबादला करो। इसके बजाय, मेरा आपसे अनुरोध है कि गर्माइश भरे अपने घरों से बाहर निकलकर निकटतम रेलवे स्टेशन पर पहुंचें, जहां से प्रयागराज के लिए 'कुंभ स्पेशल' रेलगाड़ियां रवाना हो रही हैं। अपने सिर पर खाने-पीने का सामान लादकर ले जाते श्रद्धालु दिखेंगे। सबसे गरीब तबके के लोग, जिनके पास आलम्बन के तौर पर सर्वशक्तिमान में विश्वास के अलावा कुछ भी नहीं है। यह सोचकर कि शायद, किसी दिन, वह उनकी हालत बहुराएगा। रेल के डिब्बे इंसानों से खचाखच भरे हैं, बेशक, यह तीर्थयात्रा आनंद पाने के लिए भी है।



गंगा पर बने पंटून पुलों से होते हुए संगम की ओर जाते वक्त और वहां से वापसी के दौरान 'जय मां गंगे' का जयकारा गूंजता रहता है! वह रेत, जहां बमुश्किल पांच साल पहले, कोविड के भयानक वर्षों के दौरान शवों को दफनाया गया था। उस रेत को सूंघते-खोदते कुत्तों की तस्वीरें आपको याद होंगी। अब परिवार के परिवार उसी रेत पर विश्राम कर रहे हैं, चॉकलेट के रैपरों से बनी प्लास्टिक की चादरों पर।

गृह मंत्री अमित शाह और उनकी पत्नी, और साथ में योगी भी, संगम में डुबकी लगाने पहुंचे थे। इसलिए शहर को जोड़ते 17 पुलों को पुलिस ने सुरक्षा के नाम पर बंद कर दिया था। असहनीय थकान से चूर, गोद में बच्चा उठाए मांएं और वृद्ध की दृश्यावली है, जो यूपी पुलिस से उन्हें जाने देने की गुहार लगा रहे थे, लेकिन उसने एक न सुनी। अब उनको 4 किमी. आगे जाकर बने 18वें और 19वें पुल तक और घिसटना पड़ा। पुलिस वालों का कहना था : 'ऊपर से आदेश आया है।'

मौनी अमावस्या की भगदड़ से एक छोटा-मोटा राजनीतिक वाकयुद्ध छिड़ गया, जिसमें अखिलेश यादव ने बदइंतजामी का आरोप जड़ा और कहा कि मौतों की बताई जा रही कम संख्या पर उन्हें विश्वास नहीं है, जबकि राहुल गांधी ने 'वीआईपी संस्कृति' के बारे में शिकायत की है, जो आम लोगों के साथ भेदभाव करती है। निश्चित रूप से, अभी भी कई लोग लापता हैं। न्यायिक जांच सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करेगी, लेकिन तथ्य यही रहेगा कि उत्तर प्रदेश की राजनीति के महासागर में हलचल मचाने को विपक्षी नेताओं की कही एक भी बात का बूंद बराबर भी असर नहीं है, क्योंकि उन्हें मौजूदा राजनीतिक स्थिति में गंभीर विकल्प के रूप में नहीं देखा जाता। इसके अलावा, आलोचक यह भी कहेंगे कि यह गुस्सा राजनीतिक चुनौती में तब तक तबदील नहीं हो सकता जब तक कि किसी के द्वारा इसे दिशा नहीं दी जाती। यूपी में चाहे ऊपर देखें या नीचे- आज कोई एक ऐसा नेता नहीं है जिसके पास विश्वसनीयता, राजनीतिक कूवत या टिकने का वह माद्दा हो, जो भाजपा का सामना कर सके। विपक्षी नेताओं को सत्ताधारी पार्टी को उसके निरंकुश व्यवहार के लिए कोसना पसंद है और भगवान जाने, उनमें बहुत से सही कह रहे हैं। यह कोई संयोग नहीं है कि प्रधानमंत्री ने संगम में डुबकी लगाने के लिए उसी दिन को चुना है, इसके मायने हैं कि सभी टीवी चैनल मोदी के कुंभ स्नान को बहुत अधिक महत्व देंगे, जिसका अर्थ यह भी है कि दिल्ली के लिए जीवन-मरण की लड़ाई की कवरेज दूसरे स्थान पर सरक जाने का खतरा है।

जहां तक प्रयागराज में जीवन और मरण की लड़ाई की बात है, यहां विपक्ष के लिए एक सबक भी है। साल 2022 में, भाजपा ने फिर से यूपी जीता था (समाजवादी पार्टी की 111 सीटों के मुकाबले 255 सीटें लेकर) इस तथ्य के बावजूद कि योगी का प्रशासन कोविड से निपटने में विफल रहा और लोग मक्खियों की तरह मरे थे। लेकिन योगी फिर भी जीत गए क्योंकि कोई विकल्प बनकर प्रस्तुत नहीं हो पाया- समाजवादी पार्टी के कई नेता दिल्ली खिसक लिए तो कुछ लंदन चले गए। महामारी के दौरान गंगा के किनारे पर शव यात्राओं और दाह संस्कारों में अर्थी को कंधा देने के लिए वे वहां मौजूद नहीं थे। यही कारण है यूपी में सब राम भरोसे है। इसलिए नहीं कि भाजपा हर गांव और शहर में हर वोट के लिए जूझती है, बल्कि इसलिए कि विपक्ष ऐसा नहीं कर पा रहा।

# कवियों के विचार के बहाने से पूरे शिया पंथ को बनाया निशाना

परंपरावाद

**11 जनवरी 2025 को श्रीनगर के करालपोरा इलाके में एक मुशायरा था। यह मुशायरा शिया पंथ के कुछ युवा अनुयायियों ने आयोजित किया था। किसी युवा कवि ने अपनी कविता में हजरत अली से पूर्व के तीन खलीफाओं के लिए कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग किया जो इस्लाम पंथ के अनुयायियों की दृष्टि में आपत्तिजनक थे। मामला अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से भी जुड़ गया।**

**- कुलदीप चंद अग्निहोत्री -**

पिछले दिनों कश्मीर में शिया पंथ के लोगों को लेकर इस्लाम पंथ के पैरोकारों में एक मामला तूल पकड़ने लगा था। एक मुशायरा का आयोजन हुआ, जो सोशल मीडिया पर भी प्रचारित हुआ। आगा सैयद हादी ने भी उन कवियों की मुज्जमत की जिन्होंने तीन खलीफाओं का गलत तरीके से मूल्यांकन किया था। लेकिन उन्होंने यह भी आगाह किया कि इन एक-दो कवियों के विचार को बहाना बना कर पूरे शिया पंथ को निशाना नहीं बनाना चाहिए। इतना ध्यान तो रखना ही चाहिए कि किसी भी पक्ष की भावनाओं को ना ठेस पहुंचे।

इस विवाद पर चर्चा करने के लिए शिया पंथ और इस्लाम पंथ के मूल विवाद को जान लेना जरूरी है। दरअसल हजरत मोहम्मद (सल्ल) के पैरोकारों के दो अलग-अलग पंथ कर्बला के युद्ध के बाद ही बन गए थे। एक इस्लाम पंथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ, जिसके पैरोकार मुसलमान कहलाए जाने लगे और दूसरा शिया पंथ के नाम से प्रसिद्ध हो गया। इस्लाम पंथ के अनुयायी हजरत मोहम्मद के देहावसान के बाद के चार खलीफाओं यानी अबू बकर, उमर, उस्मान और अली (इन चार खलीफाओं को वे राशिदुन खलीफा कहते हैं) के अस्तित्व को स्वीकारते हैं। लेकिन शिया पंथ के लोग पहले के तीन खलीफाओं को मान्यता नहीं देते। वे हजरत मोहम्मद के बाद हजरत अली को ही मान्यता देते हैं। चौथे खलीफा हजरत अली, हजरत मोहम्मद (सल्ल) के दामाद थे। उनकी किसी मुसलमान ने मस्जिद में नमाज पढ़ते हुए हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं, उनके बेटे हसन को भी कहा जाता है जहर देकर मरवा दिया था। इसके बाद भी बस नहीं, उनके बचे हुए बेटे हुसैन को कर्बला के मैदान में धोखे से बुलाकर परिवार सहित हत्या कर दी गई थी। इस प्रकार पूरा वंश ही समाप्त कर दिया गया ताकि उत्तराधिकार का



मसला ही बंद हो जाए। कर्बला में हुए इस नरसंहार के बाद शिया पंथ के नाम से एक नया पंथ शुरू हो गया।

इस्लाम पंथ को मानने वाले दुनिया के दूसरे देशों में भी बहुत से इस्लाम पंथी बाद में शिया पंथ के अनुयायी हो गए, शिया पंथ के लोग कर्बला की उस घटना को हर साल दुनिया भर में याद करते हैं। उसकी याद में ताजिया निकालते हैं। जाहिर है मुसलमानों को शिया पंथियों का हर साल का यह प्रदर्शन और रुदन चुभता है। कोई भी कौम अपने इतिहास के अंधेरे पक्ष का सामना नहीं करना चाहती। वह यह भी नहीं चाहती की शिया पक्ष बार बार उसका प्रदर्शन करके उसे चिढ़ाए। लेकिन शिया पंथ की तो शुरुआत ही कर्बला के उस मैदान से होती है, अतः वह उसे कैसे भूल सकता है? यही कारण है कि अनेक स्थानों पर कर्बला युद्ध का वह ऐतिहासिक दिन आज भी शिया पंथियों और मुसलमानों के बीच में एक बार फिर कर्बला का मैदान बन जाता है। दोनों पक्षों में दंगा हो जाता है जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली जाती है। पाकिस्तान ने तो सारी हदें तोड़ दी हैं। वहां तो शिया इबादतखानों (शिया पंथी भी अपने इबादतखानों को मस्जिद ही कहते हैं) पर बाकायदा बम विस्फोट किए जाते हैं ताकि शिया पंथी किसी स्थान पर एकत्रित न हो सकें। शिया पंथ के अनुयायियों और मुसलमानों में विवाद का एक दूसरा कारण भी है। शिया पंथ के लोग ताजिए के नीचे से अपने बच्चों को निकालते हैं। ताजिया पर चढ़ावा शीरनी, शर्बत इत्यादि भी चढ़ाते हैं। यही चढ़ावा श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में दिया जाता है। इसलिए मुसलमान, ताजिए की तुलना मूर्तिपूजा से करते हैं। उनके अनुसार ताजिया एक प्रकार से हजरत हुसैन का प्रतीक ही है। मूर्ति भी प्रतीक ही होती है। इस्लाम में न तो प्रतीक रूप में मूर्ति की अनुमति है और न ही मूर्ति पूजा की। लेकिन इस्लाम पंथ को मानने वाले यह नहीं सोचते कि वे इस्लाम का कर्मकांड, शिया पंथ पर कैसे लाद सकते हैं? लेकिन इतना ध्यान तो रखना ही चाहिए कि किसी भी पक्ष की भावनाओं को ठेस पहुंचाने से बचने का प्रयास करना चाहिए। इस मसले को हल करने का एक और रास्ता भी हो सकता है कि सऊदी अरब या कोई दूसरा इस्लामी देश जिसको लगता हो कि वह सभी मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करता है, तो वह मुसलमानों की ओर से कर्बला के उस नरसंहार के बारे में शिया पंथ वालों से क्षमा याचना कर ले। दोनों वर्गों में जो मतभेद हैं, उनसे शांति पर आंच नहीं आनी चाहिए। मिल बैठ कर मसला सुलझाना चाहिए।

## SUDOKU 33

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 5 | | 8 | 7 | | | |
| 2 | | | | | 1 | | | 9 |
| | 7 | | | | 5 | | | 3 |
| 8 | | 4 | | | | | | 5 |
| | | | | 3 | | | | |
| 7 | | | | | | 8 | | 2 |
| 6 | | | 5 | | | | 3 | |
| 9 | | | 6 | | | | | 8 |
| | | | 7 | 9 | | 5 | 2 | 6 |

## SOLUTIONS 32

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 4 |
| 3 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 6 | 9 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 3 | 8 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 9 | 7 | 1 |
| 8 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 8 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 5 | 8 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष** : मन शान्त रहेगा। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खानपान में रुचि रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ** : आत्मविश्वास में कमी आएगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** : आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। निवेश पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**कर्क** : मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी पुराने मित्र से पुनः सम्पर्क हो सकते हैं।

**सिंह** : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। उपहार में वस्त्रों की प्राप्ति हो सकती है।

**कन्या** : मन प्रसन्न रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। माता का साथ मिलेगा। कारोबार में धन की प्राप्ति होगी। बातचीत में संयत रहें।

**तुला** : मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृश्चिक** : वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु मन परेशान हो सकता है। क्रोध से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**धनु** : शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन की सम्भावना भी बन रही है। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर** : पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कुंभ** : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मीन** : पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश जा सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

## आज का पंचांग

**तिथि/संवत** : 4 फरवरी 2025 दिन मंगलवार माघ मास शुक्ल पक्ष षष्ठी एवं सप्तमी तिथि विक्रम संवत 2081 शक संवत 1946।

**सूर्य उदय कालीन ग्रह विचार**

सूर्य मकर राशि में चंद्र मेष राशि में मंगल मिथुन राशि में बुध मकर राशि में गुरु वृषभ राशि में शुक्र मीन राशि में राहु मीन राशि में और केतु कन्या में रहेगा।

**सूर्य उदय कालीन नक्षत्र विचार**

सुबह प्रातः काल मेष राशि का नक्षत्र अश्विनी का द्वितीय चरण प्रारंभ होगा उसका नक्षत्र पाया स्वर्ण में रहेगा, प्रातः 11.00 बजे मेष राशि का नक्षत्र अश्विनी का तृतीय चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा शाम 5.00 बजे मेष राशि का नक्षत्र अश्विनी का चतुर्थ चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा रात्रि 11.00 बजे मेष राशि का नक्षत्र भरणी का प्रथम चरण प्रारंभ होगा और इसका नक्षत्र पाया स्वर्ण रहेगा।

**योग** : शुभ। **करण** : गर।

**चौघड़िया, मंगलवार**

सुबह 6.00 से 7.30 .......... रोग
सुबह 7,30 से 9.00 .......... उद्वेग
सुबह 9.00 से 10.30 .......... चर
सुबह 10.30 से 12.00 .......... लाभ
दोपहर 12.00 से 1.30 .......... अमृत
दोपहर 1.30 से 3.00 .......... काल
दोपहर 3.00 से 4.30 .......... शुभ
शाम 4.30 से 6.00 .......... रोग

**आज जन्मे बच्चों की राशि और नाम**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | अक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रातः 6.00 से | अश्विनी | द्वितीय | स्वर्ण | मेष | चे |
| प्रातः 11.00 | अश्विनी | तृतीय | स्वर्ण | मेष | चो |
| दोपहर 5.00 | अश्विनी | चतुर्थ | स्वर्ण | मेष | ला |
| रात्रि 11.00 | भरण | प्रथम | स्वर्ण | मेष | ली |

**राहुकाल** : दोपहर 3.00 से 4.30 बजे तक रहेगा।
**दिशाशूल** : उत्तर दिशा में रहेगा।
**खरीदारी का उचित समय** : दोपहर 12 से 2 बजे तक रहेगा।
**आराधना का मंत्र** : ऊँ यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धन धान्याधिपतये, धन धान्य समृद्धिं मे देहि दापय स्वाहा।।

पं. अरविंद तिवारी

जीवन दर्शन

# व्रत करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं?

भारतीय परम्परा में प्राचीन समय से व्रत करने का प्रावधान है। हालांकि, व्रत शारीरिक शुद्धि के लिए की जाने वाली एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है लेकिन ज्यादातर लोग इसे धार्मिक अवसरों पर करते हैं। धार्मिक अवसरों पर व्रत करने का मुख्य कारण है कि लोग इसे मनोकामना पूर्ति से जोड़ते हैं। तो, क्या वाकई में व्रत करने से मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं?


व्रत करना भारतीय संस्कृति और धर्म में आध्यात्मिक शुद्धिकरण का एक महत्वपूर्ण साधन है। व्रत करने से व्यक्ति का मनोबल, आत्म-अनुशासन और सकारात्मकता में वृद्धि होती है। आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज के अनुसार, व्रत रखने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। शास्त्रों में एकादशी का व्रत बहुत खास माना गया है, क्योंकि यह मनोकामनाओं की पूर्ति में सहायक होता है। व्रत करते समय भगवान के नामों का जाप करने से व्रत के दौरान होने वाली भूलों को भगवान माफ कर देते हैं।

**व्रत करना भारतीय संस्कृति और धर्म में एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक प्रक्रिया मानी जाती है क्योंकि यह व्यक्ति को धार्मिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।**

व्रत करना भारतीय संस्कृति और धर्म में एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक प्रक्रिया मानी जाती है क्योंकि यह व्यक्ति को धार्मिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। यह आध्यात्मिक शुद्धिकरण का एक तरीका है। व्रत करने से हमारी आध्यात्मिक शक्ति के साथ अंतर की ऊर्जा भी बढ़ती है, जो हमें हमारे लक्ष्य तक पहुंचने को प्रेरित करती है और लक्ष्य को साधने की शक्ति भी देती है। यही वजह है कि जब इसे धार्मिक दृष्टिकोण से जोड़ा जाए, तो यह मनोकामना पूर्ति का एक माध्यम बन जाता है। हालांकि, यह कहना कि केवल व्रत करने से ही मनोकामनाएं पूरी हो जाती है, सही नहीं है। व्रत का महत्व, उद्देश्य और प्रभाव कई कारकों पर निर्भर करता है।

चंदा कुमारी

### “ट्वीट ऑफ द डे”



जगदीप धनखड़
उप राष्ट्रपति

वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को ऊंचा उठाने वाली नीतियों पर हमें एकजुट होकर काम करना होगा। एक जीवंत और कार्यात्मक संसद लोकतंत्र की जीवनरेखा है। 75 साल की इस यात्रा में देश ने अपनी बुद्धिमत्ता और विरासत को त्यागे बिना आधुनिकता को अपनाया है। हम राज्य सभा सांसदों का दायित्व है कि वे इस आह्वान पर दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें। हमारे साझा सपने और महत्वाकांक्षाओं ने अंतरिक्ष अन्वेषण और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में डिजिटल नवोन्मेष और सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद की है।

## संक्षिप्त खबरें

### जागेश्वर नाथ धाम में धक्का-मुक्की में तीन महिलाएं घायल

**जागरण, दमोह।** प्रसिद्ध जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर तीर्थ स्थल में वसंत पंचमी पर सुबह हजारों की संख्या में कावड़ियों और श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई थी। इस दौरान मंदिर का दूसरा गेट खुलते ही उस ओर श्रद्धालुओं की भीड़ अंदर दौड़ी। इस दौरान धक्का-मुक्की में तीन महिलाएं घायल हो गईं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भीड़ की वजह से मंदिर में अफरातफरी का माहौल बन गया था। लगातार बढ़ रही भीड़ के चलते जहां श्रद्धालु एक गेट से ही प्रवेश कर पा रहे थे। इसी बीच पुलिस द्वारा दूसरा गेट खोल देने से अचानक अंदर जाने के लिए भगदड़ मच गई। इसमें तीन महिलाएं घायल हो गईं। इन्हें तत्काल ही एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल दमोह भेजा। तीनों का इलाज किया जा रहा है। हालांकि इस घटना में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। घटना के तुरंत बाद ही पुलिस ने अफरा-तफरी के माहौल को कंट्रोल कर लिया था। घटना की जानकारी लगते ही एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी, एसडीएम एन के चौरसिया सहित एएसपी संदीप मिश्रा भी बांदकपुर पहुंच गए। इस मामले में सुबह स्थानीय सांसद द्वारा भी आपत्ति दर्ज कराई थी।

### महू में एएसआई ने की खुदकुशी, फंदे पर लटका मिला शव

**जागरण, महू।** महू के किशनगंज थाना क्षेत्र में एक एएसआई का शव घर में फांसी के फंदे पर लटकता मिला।



एएसआई अजीत मालवीय धार जिले के सरदारपुर थाने की रिंगनोद चौकी में पदस्थ थे। पत्नी रानी मालवीय ने बताया कि रात करीब 2 बजे तक उन्होंने परिवार के साथ सामान्य बातचीत की और सोने चले गए। सोमवार सुबह 11 बजे तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकले, तो पत्नी ने दरवाजा खोलकर देखा तो वह रोशनदान के एंगल पर दुपट्टे से फांसी पर लटके थे।

# कट ऑफ कम होने से 174 कैंडिडेट को मिलीं सीटें, बनेंगे विशेषज्ञ डॉक्टर

## एमसीसी ने घटाया था कट ऑफ परसेंटाइल, 853 नए उम्मीदवारों ने कराया था रजिस्ट्रेशन

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** नीट पीजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में दूसरे राउंड की सीटों का आवंटन हो गया है। 4 फरवरी तक प्रवेश दिए जाएंगे। इसके बाद मॉप अप राउंड शुरू होगा। दूसरे राउंड में कुल 1067 सीटों का आवंटन किया गया है। इन 1067 सीटों में 174 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्हें कट ऑफ कम होने से फायदा हुआ है। यदि मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने सेकेंड राउंड के दौरान क्वालीफाइंग अंक कम न किए होते तो उक्त 174 उम्मीदवारों को पीजी की सीट नहीं मिलती। आपको बता दें कि काउंसलिंग के पहले राउंड में जनरल कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए क्वालीफाइंग अंक 50 पर्सेंटाइल और ओबीसी, एससी, एसटी के लिए क्वालीफाइंग मार्क्स 40 पर्सेंटाइल था। सेकेंड राउंड में इसे घटाकर क्रमशः 15 और 10 कर दिया गया।

नीट पीजी स्टेट लेवल काउंसलिंग के दूसरे चरण में कुल 414 उम्मीदवार ऐसे थे, जिनके क्वालीफाइंग मार्क्स 10 से लेकर 40 पर्सेंटाइल के बीच हैं। लेकिन इनमें से 174 को ही सीट का आवंटन हो सका है। इस बारे में चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के अधिकारियों का कहना है कि च्वाइस फिलिंग करने वाले सभी उम्मीदवारों को सीट नहीं मिल सकती। क्योंकि अलग अलग सीट के लिए अलग अलग स्कोर चाहिए होता है। कई बार छात्रों की पसंद के अनुसार उन्हें सीट नहीं मिलती।




### सबसे ज्यादा एमडी सीटों का आवंटन

174 उम्मीदवारों में 122 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिनको एमडी कोर्स की सीट आवंटित हुई है। जबकि 52 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिनको एमएस कोर्स की सीट आवंटित हुई है।

### 116 को प्राइवेट और 58 को मिला सरकारी कॉलेज

जिन 174 उम्मीदवारों को सेकेंड राउंड में कट ऑफ कम होने का फायदा मिला है, उनमें से 116 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्हें प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सीट अलॉटमेंट हुआ है। वहीं 58 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्हें सरकारी मेडिकल कॉलेज में सीट का आवंटन हुआ है। इसके अलावा 174 में से 148 उम्मीदवारों को ओपन श्रेणी में सीट आवंटन हुआ है जबकि 26 उम्मीदवारों को इन सर्विस कोटा के तहत सीट मिली है।

### कट ऑफ कम होने बढ़े थे उम्मीदवार

काउंसलिंग के पहले चरण में कुल रजिस्टर्ड छात्रों की संख्या 3183 थी। जो दूसरे राउंड में बढ़कर 4034 हो गई थी। यानी कट ऑफ कम होने से 850 से ज्यादा उम्मीदवारों को काउंसलिंग में शामिल होने का मौका मिला। हालांकि इनमें से सभी को सीटों का आवंटन नहीं हो सका।

### विषयवार सीट

| | | |
|---|---|---|
| जनरल सर्जरी | - | 39 |
| ऑर्थोपेडिक्स | - | 18 |
| पीडियाट्रिक्स | - | 18 |
| फिजियोलॉजी | - | 12 |
| ऑब्स एंड गायनिक | - | 11 |
| पैथोलॉजी | - | 11 |
| कम्युनिटी मेडिसिन | - | 9 |
| एनाटोमी | - | 8 |
| फॉर्माकोलॉजी | - | 8 |
| बॉयोकेमिस्ट्री | - | 7 |
| डर्मिटोलॉजी | - | 6 |
| रेडियो डायग्नोसिस | - | 6 |
| एनेस्थिसियोलॉजी | - | 5 |
| फॉरेंसिक मेडिसिन | - | 5 |
| माइक्रोबॉयोलॉजी | - | 4 |
| इमरजेंसी मेडिसिन | - | 2 |
| ऑप्थेल्मोलॉजी | - | 2 |
| साइकायट्री | - | 2 |
| ब्लड ट्रांसफ्यूजन | - | 1 |

### 230 सीटें अभी भी खाली

डीएमई की वेबसाइट पर उपलब्ध सीट चार्ट के मुताबिक दूसरे राउंड के लिए मप्र के 20 मेडिकल कॉलेजों में कुल रिक्त सीटों की संख्या 1180 थी। इसके अलावा 117 सीटें एनआरआई कोटा की खाली थीं। इस तरह कुल 1297 सीटें खाली थीं, जिनका आवंटन दूसरे राउंड में होना था। इनमें से अभी 1067 सीटों का आवंटन हो सका है। शेष 230 सीटों के लिए मॉप अप राउंड में प्रक्रिया शुरू की जाएगी। डीएमई के अधिकारियों ने बताया कि सीटों की संख्या के मुकाबले योग्य उम्मीदवार नहीं थे, इसलिए सभी सीटों का आवंटन नहीं हो सका।

# आहार नली में फंसे थे नकली दांत, एम्स के डॉक्टरों ने निकाले

## थोरेकोस्कोपिक तकनीक से किया जटिल आपरेशन

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के चिकित्सकों ने एक जटिल सर्जरी कर मरीज की जान बचाने में सफलता हासिल की है। यहां के चिकित्सकों ने एक वृद्ध मरीज की आहार नली में फंसे नकली दांत (डेन्चर) को थोरैकोस्कोपिक (वीएटीएस) तकनीक का उपयोग करके बिना ओपन चेस्ट सर्जरी के निकाला है। सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलाजी और कार्डियोथोरैसिक सर्जरी विभाग की विशेषज्ञ टीम ने यह जटिल सर्जरी की। यह मामला एक 65 वर्षीय मरीज का था, जिसे कुछ समय पहले हृदय संबंधी समस्या के कारण पेसमेकर लगाया गया था। सर्जरी के बाद बेहोशी के कुछ दौरे पड़े, जिसे शुरू में मिर्गी का प्रभाव माना गया। बाद में पता चला कि यह हृदय की गड़बड़ियों के कारण हो रहा था। बेहोशी के एक दौरे के दौरान मरीज के नकली दांत गिर गए और वह अनजाने में उन्हें निगल गया। कुछ समय बाद उसे निगलने में कठिनाई होने लगी। जब जांच की गई, तो पाया गया कि डेन्चर एसोफैगस (खाद्य नली) में गहराई तक फंस गया था। सर्जरी के बाद मरीज को कुछ दिनों तक निगरानी में रखा गया और धीरे-धीरे तरल आहार से ठोस आहार की ओर बढ़ाया गया। आपरेशन के तीसरे दिन मरीज पूरी तरह सामान्य था और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### कई निजी अस्पतालों ने किया मना

समस्या को दूर करने के लिए कई स्वास्थ्य केंद्रों में एंडोस्कोपिक प्रयास किए गए, लेकिन डेन्चर को नहीं निकाला जा सका। आखिरकार, मरीज को एम्स भोपाल रेफर किया गया, जहां विशेषज्ञों की टीम ने उन्नत तकनीकों का उपयोग कर यह सर्जरी करने का निर्णय लिया। इस सर्जरी में एम्स के चिकित्सकों को लगभग 2 घंटे का समय लगा।

### मेडिकल कॉलेजों में आईएएस की नियुक्ति का विरोध

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा 29 जनवरी को निकाले गए आदेश के विरोध में प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर एसोसिएशन ने विरोध शुरू कर दिया है। दरअसल, नए आदेश के तहत अब चिकित्सा शिक्षा और लोक स्वास्थ्य के संचालकों के अलावा मेडिकल कॉलेज की स्वशासी समिति के अध्यक्ष एनएचएम, फूड एवं औषधि, सीईओ जिला पंचायत के प्रशासनिक अधिकारियों को भी बनाया जाएगा। इस विषय पर पीएमटीए ने विरोध जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की हैं। उन्होंने मामले में प्रमुख सचिव को पत्र भी भेजा है। जिसमें कहा गया है कि इस तरह के आदेशों से ना सिर्फ इन संस्थानों की गरिमा कम होती है बल्कि चिकित्सकीय कार्य भी प्रभावित होते हैं। इन अधिकारियों को न तो चिकित्सा शिक्षा या स्वास्थ्य विभाग का कोई ज्ञान होगा, ना ही एनएमसी के नियमों की जानकारी होगी।

# अवैध गतिविधियों पर रोक लगाएं, निष्पक्ष और मिलकर काम करें कलेक्टर-एसपी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने पुलिस व प्रशासन को तालमेल के साथ काम करने के लिए कहा है। सीएस ने सोमवार को मंत्रालय में वीसी के माध्यम से कलेक्टर, कमिश्नर, पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षकों के साथ बैठक करते हुए कहा कि पुलिस व प्रशासन को एक ही सिक्के के दो पहलू की तरह काम करना है और लोगों के जीवन को आसान बनाना हमारा काम है। उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगायी जाए। कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक निष्पक्ष रहकर मिलकर काम करें। उन्होंने निर्देश दिए कि अवैध शराब बिक्री पर रोक के लिए संयुक्त टीम बनाएं। राजस्व प्रकरणों में समय-सीमा एवं ईमानदारी से काम करें। जनता के जीवन को आसान बनाना हमारा दायित्व है। मुख्य सचिव जैन ने कानून व्यवस्था बनाये रखने और अपराध को रोकने के लिए, जुआ व सट्टा, अवैध शराब विक्रय, अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन, अपंजीकृत वाहनों, प्रदूषण के विरुद्ध, खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध और बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत नियम विरुद्ध लाउडस्पीकर बजने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव जैन ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकार्ड सुधार के प्रकरणों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राजस्व महाअभियान में सभी निरस्त होने वाले राजस्व प्रकरणों का पुनः परीक्षण किया जाने एवं त्रुटिपूर्ण नक्शा सुधार का कैम्प लगाकर निराकरण किये जाने के



**मुख्य सचिव जैन ने वीसी के जरिए कमिश्नर, कलेक्टर-आईजी और एसपी को दिए निर्देश**

# सौरभ की रिमांड आज होगी खत्म, 25 रिश्तेदार- सहयोगियों से भी पूछताछ

## नोटिस जारी, छापे के दौरान जब्त प्रॉपर्टी के पेपर्स में मिले नाम

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** जांच एजेंसियों के छापों में करोड़ों की संपत्ति बरामद होने के बाद लोकायुक्त पुलिस की रिमांड के दौरान सौरभ शर्मा, चेतन गौर और शरद जायसवाल अब भी राज उगलने को तैयार नहीं हैं। सौरभ, चेतन और शरद के साथ पूछताछ सोमवार को भी जारी रही। इस दौरान सौरभ शर्मा से हवाला कनेक्शन को लेकर सवाल पूछे गए। सौरभ ने अपने संबंध किसी भी हवाला कारोबारी से होने से साफ इंकार कर दिया। लोकायुक्त डीजी जयदीप प्रसाद के अनुसार मंगलवार दोपहर को सौरभ, चेतन और शरद के बयानों की समीक्षा होगी।



### मां, पत्नी और साले के बाद अब 22 अन्य को नोटिस

सौरभ शर्मा, चेतन और शरद से पूछताछ और लोकायुक्त छापों में दर्ज प्रॉपर्टी के दस्तावेजों की जांच के बाद लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ की मां उमा, पत्नी दिव्या और साले रोहित तिवारी के अलावा 22 अन्य लोगों को भी नोटिस जारी किया है। इनमें से आधा दर्जन सौरभ के रिश्तेदार है। इन सभी को पूछताछ के लिए लोकायुक्त ऑफिस बुलाया गया है। सभी को 4 फरवरी के बाद की तारीख दी गई है। लोकायुक्त पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सौरभ पूछताछ के दौरान पुलिस से सहयोग नहीं कर रहा है, जबकि शरद और चेतन भी सिर्फ हां या ना में जवाब देते हैं। सोमवार को फिर उससे दुबई की संपत्ति के बारे में सवाल किए गए। सौरभ ने इस पर कहा कि अगर प्रॉपर्टी मेरे नाम पर है तो उसके पेपर्स दिखाओ। उधर, लोकायुक्त पुलिस ने अविरल कंस्ट्रक्शन कंपनी के निदेशकों की जानकारी के लिए रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज को भी खत लिख दिया है।

### सीसीटीएनएस पर 50 दिन बाद भी एफआईआर अपलोड नहीं, हुई शिकायत

अदालत में चल रहे सौरभ शर्मा के मामले में हस्तक्षेपकर्ता सिद्धार्थ गुप्ता ने सोमवार को एक शिकायती पत्र लोकायुक्त, लोकायुक्त पुलिस के महानिदेशक और विधि एवं विधायी कार्य विभाग के प्रमुख सचिव को भेजा है. इसमें शिकायत की गई है कि लोकायुक्त पुलिस द्वारा सौरभ शर्मा के मामले में 19 जनवरी को एफआईआर दर्ज की गई थी लेकिन इसे सोमवार तक क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस ) पर अपलोड नहीं किया गया। इसके अलावा इस केस में विवेचना के स्तर पर कई गंभीर लापरवाहियों के आरोप भी पत्र में लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। उधर, ग्वालियर के आरटीआई एक्टिविस्ट संकेत साहू ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, ईडी और आयकर विभाग को पत्र लिखकर सौरभ के जीजा विनय हासवानी की चल अचल संपत्ति की जांच की मांग की है। इस शिकायत के साथ विनय के खातों से हुए बैंक ट्रांजैक्शन की डिटेल भी भेजी गई है। परिवहन विभाग के अवैध नाकों के संचालन के सवाल पर भी सौरभ ने चुप्पी साध रखी है।

# सूदखोर को ऑफिस से बुलाकर 4 गोली मारीं

**जागरण, ग्वालियर।** बदमाशों ने रविवार रात सूदखोर दिनेश श्रीवास को ऑफिस के बाहर बात करने बुलाया और उसके सिर में चार गोलियां मार दीं। दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपियों ने हथियार लहराते हुए दहशत मचाई और फरार हो गए। घटना बंशीपुरा मुरार की है। फायरिंग के बाद व्यापारी दुकानें बंद कर भाग गए। वारदात के बाद एसपी धर्मवीर सिंह ने मौके का मुआयना किया, जिस घर के सामने सूदखोर की हत्या की। वहां सीसीटीवी कैमरा लगा है, लेकिन मकान मालिक का कहना है कि कैमरा बंद पड़ा है। पुलिस को आशंका है कि ब्याज के लेनदेन के चलते हत्या हुई है। वारदात में प्रमोद उर्फ भूरा चौहान, देवेन्द्र उर्फ लल्लू किरार के नाम सामने आए हैं।



**शादी में जाने के पहले ही हो गई हत्याः** भिंड जिले के गोरमी का रहने वाला दिनेश श्रीवास (40) तीन साल पहले ग्वालियर आया था। वह यहां उपनगर मुरार के बंशीपुरा हाथीखाना में किराए पर रह रहा था। उसने ब्याज पर रुपए देना शुरू किया, उसने इसी को धंधा बना लिया था। दिनेश लोगों को मोटे ब्याज पर रुपए देता था, उसने कुछ महीने पहले ही ग्वालियर के डीडी नगर में मकान बना लिया था। बंशीपुरा में किराए के ऑफिस से अपना कारोबार कर रहा था। रविवार रात उसका पूरा परिवार एक शादी समारोह में गया था। दिनेश भी रात को शादी में जाने वाला था। इसके पहले ही आरोपियों ने वारदात को अंजाम दे डाला। दिनेश के साथ ऑफिस पर राहुल किरार नाम का लड़का भी काम करता है। राहुल का काम ऑफिस पर ब्याज के रुपयों के लेनदेन का हिसाब रखना है। राहुल हत्या से कुछ ही देर पहले ऑफिस से एक शादी में जाने के लिए निकला था, उसके निकलते ही हमलावर ऑफिस पहुंच गए।

### विश्व कैंसर दिवस आजः आयोजित होंगे विशेष शिविर

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य संस्थाओं में कैंसर जागरूकता, परामर्श, स्क्रीनिंग एवं उपचार शिविरों का आयोजन किया गया है। शिविरों में 30 साल से 65 साल की आयु वर्ग के लोगों की मुख, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर तथा अन्य कैंसर की जांच की जाएगी। मरीजों की जांच एवं उपचार के उपरांत प्रविष्टि एनसीडी पोर्टल पर की जाएगी। इस वर्ष यह दिवस यूनाइटेड बाय यूनिक की थीम पर मनाया जा रहा है। विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में 4 फरवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों एवं जिला अस्पताल में कॉमन कैंसर जांच शिविर आयोजित होंगे। जिला चिकित्सालय में महिलाओं के लिए विशेष स्क्रीनिंग एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें स्तन कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता एवं परामर्श के साथ वी.आई.ए. जांच की जावेगी। वी.आई.ए. एक एक सामान्य परीक्षण है, जिसके द्वारा असामान्य कोशिकाओं का पता लगाया जाता है। यह जांच प्रशिक्षित स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जाएगी। इसी प्रकार दंत रोग विभाग में मुख कैंसर का परीक्षण किया जायेगा एवं तंबाकू उत्पादों का प्रयोग न करने के लिए हस्ताक्षर कार्यक्रम चलाया जाएगा। शिविर में चिह्नांकित किए गए जटिल रोगियों को आवश्यकता अनुसार सर्जरी एवं रेडियोथैरेपी के लिए टरचरी कैंसर चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज में उपचार करवाया जाएगा।

### 10वीं-12वीं के परीक्षा केंद्र होंगे नो-मोबाइल जोन, लॉकर में जमा होंगे शिक्षकों के फोन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एमपी माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं और 12वीं में 16 लाख 60 हजार 252 विद्यार्थियों की परीक्षाएं लेगा। हाईस्कूल परीक्षा में नौ लाख 53 हजार 777 और हायर सेकेंडरी में सात लाख छह हजार 475 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षा को लेकर शासन प्रशासन सभी गंभरी बने हुए हैं। इसलिए परीक्षाओं को किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचाने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों को नो मोबाइल जोन घोषित किया गया है। विद्यार्थियों के साथ शिक्षक और अधिकारियों को भी मोबाइल प्रतिबंधित किया गया है।

माशिमं ने प्रदेशभर में कुल तीन हजार 887 परीक्षा केंद्र बनाए है। इसमें सरकारी स्कूल तीन हजार 257 और 630 निजी स्कूल शामिल हैं। परीक्षाओं में मोबाइल गड़बडी का माध्यम बन सकता है। इसलिए माशिमं ने सभी परीक्षा केंद्रों को नो मोबाइल जोन घोषित कर दिया है। विद्यार्थियों को हिदायत दी जा चुकी है कि वे मोबाइल लेकर परीक्षा केंद्रों पर नहीं पहुंचे। इसके बाद भी वे मोबाइल लेकर केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा देते हैं, तो उनके खिलाफ यूएफएम क प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा परीक्षा लेने वाले शिक्षकों के लिऐ भी मोबाइल प्रतिबंधित किया गया है। यहां तक केंद्राध्यक्ष तक मोबाइल का उपयोग नहीं कर पाएंगे। परीक्षा केंद्र पर मौजूद सभी शिक्षक और अधिकारी के साथ कर्मचारी भी परीक्षा शुरू होने के आधा घंटे पहले मोबाइल को एकत्रित कर उनका स्विच आफ या साइलेंट मोड पर डालकर स्लिप लगाकर रखा अलमारी में बंद कर रखा जाएगा। यहां तक अलमारी को स्लिप लगाकर कर सील किया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने के बाद और गोपनीय सामग्री रवाना होने के बाद मोबाइल आवंटित किए जाएंगे।

## केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने जारी किया ब्यौरा, 80 अमृत स्टेशन के लिए 2708 करोड़ रुपए

# प्रदेश में 31 रेल प्रोजेक्ट के लिए 14, 745 करोड़ का बजट

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय आम बजट में रेलवे को 2 लाख 65 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि मिली है। इस राशि में से मप्र के हिस्से में 14,745 करोड़ रुपए आवंटित होने का अनुमान है। सोमवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअली प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मप्र में 31 नई रेल परियोजनाएं हैं, जिन पर 108 हजार करोड़ रुपए खर्च होना हैं। इसमें अभी के बजट में 14,745 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। रेल मंत्री ने बताया कि 31 परियोजनाओं के अंतर्गत 5869 किलोमीटर के न्यू ट्रैक्स प्रोजेक्ट्स पर कार्य चल रहा है। मध्य प्रदेश में 100 प्रतिशत रेल लाइनों को विद्युतीकरण हो गया है। अमृत स्टेशन योजना के तहत मध्य प्रदेश के 80 रेलवे स्टेशनों को 2708 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में रेलवे ट्रैक पर 1109 फ्लाईओवर और रोड अण्डर ब्रिज का निर्माण किया गया है। रेलमंत्री ने मध्य प्रदेश में रेल परियोजनाओं को पर्याप्त बजट के माध्यम से लक्षित समय में पूरा करने की बात पर जोर दिया।

### एमपी की 3572 किमी रेल लाइन कवच युक्त होगी




रेलवे सुरक्षा और संरक्षा पर जानकारी देते हुए रेलमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे पर अत्यानुधिक कवच प्रणाली को विभिन्न रेलमार्गों पर स्थापित किये जाने सम्बन्धी कार्य तीव्र गति से किये जा रहे हैं, जिसमें मध्य प्रदेश में 3572 रूट किलोमीटर रेलमार्ग पर कवच प्रणाली कार्य योजना तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि कवच प्रणाली को स्थापित करने में आप्टिकल फाइबर केबल बिछाने, टावर लगाने, डेटा सेन्टर स्थापित करने और आरएफआईडी डिवाइस लगाने जैसे कार्य किए जाते हैं।

### मील का पत्थर साबित होगा रेल बजटः सीएम डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय बजट में मप्र के लिए रेलवे सुविधाओं के लिए 14 हजार 745 करोड़ रुपए के बजट आवंटन के लिए पीएम मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार माना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेल बजट प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास के साथ यात्री सुविधाओं के विस्तार में मील का पत्थर साबित होगा। बजट से न केवल रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा बल्कि राज्य में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। रेलवे के आधुनिकीकरण और यात्री सुविधाओं केविस्तार से मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

### निशातपुरा होगा एनएसजी-3 ग्रेड का स्टेशन

भोपाल में निशातपुरा स्टेशन को लेकर डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने प्रोजेक्ट में देरी के कारणों के बारे में बताया कि इसे एनएसजी-3 कैटेगरी में कर दिया गया है। इसके चलते पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को अपग्रेड किया जा रहा है। साथ ही कवर एरिया को भी बढ़ाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, निशातपुरा स्टेशन को 2017 से पहले सी कैटेगरी में रखा गया था। स्टेशनों के वर्गीकरण के मानदंडों को नवंबर 2017 से संशोधित किया गया है। नए वर्गीकरण के अनुसार, स्टेशनों के वर्गीकरण के लिए वहां आने वाले यात्रियों की संख्या और यात्री आय दोनों को ध्यान में रखा गया है। स्टेशनों को तीन समूहों में बांटा गया है, गैर-उपनगरीय (एनएसजी), उपनगरीय (एसजी), और हाल्ट (एचजी)। इसके अलावा इन समूहों को क्रमशः 1-6, 1-3 और 1-3 ग्रेड में रखा गया है।

## पेज एक की खबरों का शेष

### राहुल ने कहा, पीएम ...

मैं प्रधानमंत्री को दोष नहीं दे रहा हूं, यह कहना उचित नहीं होगा कि उन्होंने प्रयास नहीं किया। मैं कह सकता हूं कि प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे हैं। लोकसभा में राहुल गांधी ने एआई का जिक्र किया। उन्होंने कहा, लोग एआई के बारे में बात करते हैं, लेकिन यहां यह समझना जरूरी है, एआई डेटा के ऊपर काम करता है। डेटा के बिना एआई का मतलब कुछ भी नहीं है और अगर हम आज डेटा को देखते हैं, तो एक बात है जो बहुत स्पष्ट है। प्रत्येक डेटा का एक टुकड़ा जो विश्व में उत्पादन प्रणाली से बाहर आता है। इस डेटा का फोन को बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया, जो इलेक्ट्रिक कारों को बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा, आज धरती पर मूलरूप से सभी इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने के लिए उपयोग किया जाने वाला डेटा चीन के स्वामित्व में है। जबकि, खपत डेटा संयुक्त राज्य अमेरिका के स्वामित्व में है। इस क्षेत्र में चीन, भारत से कम से कम 10 साल आगे है। देश बेरोजगारी की समस्या का समाधान नहीं कर पाया है और इस बारे में युवाओं को कोई स्पष्ट जवाब देने में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दोनों की सरकारें विफल रही हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में कुछ नया नहीं था और यह पिछले कुछ सालों की तरह ही था। राहुल गांधी ने कहा, मैंने राष्ट्रपति का अभिभाषण सुना। मुझे कहना होगा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान जो कहा जा रहा था, उस पर अपना ध्यान बनाए रखने के लिए मुझे संघर्ष करना पड़ा, क्योंकि मैंने लगभग वही अभिभाषण पिछले साल और उससे पहले के साल भी सुना था।

### भंडारे का बासी खाना...

इसके बाद देर रात करीब 2 बजे लोगों को उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम सोमवार सुबह गांव पहुंची और सभी का इलाज शुरू किया। ग्राम पंचायत मामोनी कला के सरपंच पति विनोद मिश्रा ने बताया, अब तक करीब 60 से ज्यादा लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया है, जबकि अन्य का प्राथमिक उपचार गांव में ही किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने मामोनी कला, लड़ाईपुरा और तरपन का पुरबा गांवों में 6 डॉक्टर्स की टीम तैनात की है। इसमें शिवपुरी से मेडिसिन एक्सपर्ट डॉ. एसके पिप्पल और बीएमओ रोहित भदकारिया सहित नर्सिंग स्टाफ को तैनात किया है। सीएमएचओ डॉ. संजय ऋषिश्वर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है।

### मनुष्यों की तरह ...

जिसे मेनोपॉज या रजोनिवृत्ति कहा जाता है। मेनोपॉज, प्रजनन शक्ति लगभग खत्म होने पर होता है। इस दौरान स्त्रियां प्राकृतिक रूप से प्रेगनेंट नहीं हो सकती, क्योंकि ओवरी से जनन शक्ति खत्म होने लगती है। एस्ट्रोजेन हार्मोन बनना बंद हो जाता है। इतना ही नहीं, यह भी सामने आया है कि रजोनिवृत्ति सिर्फ एक मानवीय अनुभव नहीं है, बल्कि विभिन्न प्रजातियों के जानवर भी उम्रदराज होने पर मनुष्यों की तरह ही युवा पीढ़ी की देखभाल और सीख देते हैं।

**बेलुगा व्हेलः** बेलुगा व्हेल भी रजोनिवृत्ति से गुजरती हैं, जिससे उन्हें इस अनूठी विशेषता वाली प्रजातियों की सूची में शामिल किया गया है। प्रजनन आयु से परे जीने की उनकी क्षमता उनके समूहों के भीतर पारिवारिक संरचनाओं को बनाए रखने में मदद कर सकती है।

**नर व्हेलः** नरव्हेल को भी रजोनिवृत्ति का अनुभव करने वाले के रूप में पहचाना गया है। अन्य दांतेदार व्हेल की तरह, नरव्हेल को बड़ी मादा होने से लाभ होता है, जो उनके झुंड के युवा व्हेल्स का मार्गदर्शन और समर्थन कर सकती हैं।

**कुत्ते-बिल्ली में नहीं होता मेनोपॉजः** मादा मनुष्यों की तरह, मादा कुत्तों, बिल्लियों और गोवंश में भी प्रजनन चक्र होता है, जिसका अर्थ है प्रजनन की अवधि तय होना, लेकिन कुत्ते, बिल्लियों और फार्म एनिमल्स में इस चक्र को एस्ट्रस चक्र कहा जाता है।

## आकाशदीप ने किया तंज करीना फुल टाइम ड्राइवर तक नहीं रख पा रहीं!



एक्टर आकाशदीप साबिर और उनकी पत्नी शीबा ने करीना कपूर और सैफ अली खान पर तंज कसा है। आकाशदीप ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में बताया कि टीवी डिबेट में उन्होंने करीना और सैफ का साइड लिया था। आकाशदीप ने करीना की फीस का भी मजाक उड़ाया है। आकाशदीप और शीबा ने इंटरव्यू में सबसे पहले एक्टर और एक्ट्रेसेस को मिलने वाली फीस पर बात करते-करते आकाशदीप ने करीना कपूर पर तंज कस दिया। आकाशदीप ने कहा, यही कारण है कि 21 करोड़ रुपये की फीस लेने वालीं करीना कपूर अपने घर के बाहर चौकीदार नहीं रख पा रही हैं। जब आप उन्हें 100 करोड़ रुपये देंगे तब शायद वो चौकीदार और ड्राइवर रखेंगी। इसके बाद आकाशदीप हंसने लगे। हंसते-हंसते आकाशदीप बोले, ऑटो! हा हा हा हा। याद दिला दें, हमले के बाद सैफ अपने बेटे तैमूर के साथ ऑटो में हॉस्पिटल गए थे। आकाशदीप ने बताया, मैंने टीवी में जो डिबेट होती हैं, उनमें सैफ और करीना का साइड लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### फिटजी पर एक्शन, संचालकों के करोड़ों के खाते सीज



**नई दिल्ली, जेएनएन।** नोएडा में प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान FIIT-JEE (फिटजी) के कई सेंटर्स बंद होने के बाद छात्रों और शिक्षकों के हंगामे के बीच नोएडा पुलिस ने संस्थान के संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और अब बैंक खातों को सीज करने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। जांच के दौरान पुलिस को अलग-अलग बैंकों में फिटजी के सैकड़ों खाते मिले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक्सिस बैंक में 172, आईसीआईसीआई बैंक में 205 और एचडीएफसी बैंक में 5 खाते पाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि अब तक 60 लाख रुपये सीज किए जा चुके हैं, और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। संस्थान के कई शिक्षकों को लंबे समय से वेतन नहीं मिला था, जिससे नाराज होकर उन्होंने एक साथ इस्तीफा दे दिया। शिक्षकों के इस्तीफे के कारण कई कोचिंग सेंटर्स बंद हो गए हैं। हालांकि, फिटजी प्रबंधन का कहना है कि उन्होंने किसी भी सेंटर को बंद नहीं किया है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में लगाए जायेंगे एयर कर्टन



**नई दिल्ली, जेएनएन।** रेलवे को आधुनिक सुविधाओं से लैस बनाने की दिशा में लगातार काम जारी है। इसी कड़ी में भारतीय रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में एयर कर्टन लगाने का फैसला लिया है। इससे यात्रा और ज्यादा आरामदायक होगी। साथ ही, रेलगाड़ी की सुंदरता भी बढ़ेगी। उत्तर रेलवे ने पहल करते हुए नई दिल्ली-खजुराहो रूट पर एयर कर्टन लगाने शुरू कर दिए हैं। इसे जम्मू-श्रीनगर खंड सहित देश भर में दूसरी प्रमुख ट्रेनों में भी स्थापित करने की तैयारी है। इससे नेशनल ट्रांसपोर्टर की विश्व स्तरीय यात्रा मानकों के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत मिलती है। भारतीय रेलवे फिलहाल देश के अन्य हिस्सों से कश्मीर तक ट्रेनें चलाने की दिशा में काम कर रहा है। इसमें चुनौती यह है कि पारंपरिक वातानुकूलित डिब्बे घाटी में मौजूद अत्यधिक ठंड की स्थिति में यात्रा के लिए सही नहीं होंगे। इसलिए रेलवे जम्मू-श्रीनगर खंड को गर्म डिब्बों के साथ चालू करेगा जो घाटी में भी कारगर साबित होंगे। गौरतलब है कि सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रेलवे को 2.52 लाख करोड़ रुपये के बजट आवंटन को मंजूरी दी है। यह 2024-25 में आवंटित की गई राशि के लगभग बराबर है।

### राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास को ब्रेन हैमरेज



**लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें लखनऊ के संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसजीपीजीआई) में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है, हालत नाजुक है। रविवार देर रात आचार्य सत्येंद्र दास की तबीयत बिगड़ने पर पहले उन्हें अयोध्या के सिटी न्यूरो केयर हॉस्पिटल ले जाया गया। उनकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। यहां एसजीपीजीआई के न्यूरोलॉजी विभाग की इमरजेंसी यूनिट में भर्ती किया गया। आचार्य सत्येंद्र दास के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए डॉक्टरों की टीम लगाई गई है। अभी तक ऑपरेशन की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। आचार्य सत्येंद्र दास के साथ राम जन्मभूमि मंदिर के सहायक पुजारी प्रदीप दास मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि आचार्य जी की तबीयत अचानक बिगड़ी थी। मंदिर के पुजारियों और भक्तों ने आचार्य सत्येंद्र दास के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए हवन और प्रार्थना शुरू कर दी है।

### महाकुंभ में भगदड़ पर चर्चा कराने को लेकर संसद में विपक्ष का हंगामा

# सरकार मौत के सही आंकड़े दे तो मैं माफी मांग लूंगा: खरगे

### सभापति जगदीप धनखड़ ने बयान वापस लेने को कहा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि महाकुंभ में पिछले दिनों भगदड़ के दौरान हजारों लोगों की मौत हो गई। इससे पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे ने तुरंत कहा कि यह मेरा अनुमान है (और) अगर यह सही नहीं है तो आपको (सरकार को) बताना चाहिए कि सही संख्या क्या है। उन्होंने आगे कहा, मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए हजारों नहीं कहा। लेकिन कितने लोग मारे गए, कम से कम यह जानकारी तो दें। अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा। उन्होंने कहा कि सरकार को आंकड़ा देना चाहिए कि कितने लोग मारे गए, कितने लापता हैं। इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे बयान वापस लेने को कहा।



### सदन में भारी हंगामा

महाकुंभ में कथित 'कुप्रबंधन' के मुद्दे पर तत्काल चर्चा कराए जाने की मांग को लेकर विपक्षी दलों ने सोमवार को राज्यसभा में भारी हंगामा किया। आसन की ओर से उनकी मांग खारिज किए जाने के बाद उन्होंने पहले शून्यकाल और फिर प्रश्नकाल के दौरान सदन से वाकआउट कर दिया।

### हादसे में 30 लोगों की मौत

उल्लेखनीय है कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के मौके पर स्नान के दौरान भगदड़ मच गई थी। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, इस हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई। खरगे ने कहा, मैं महाकुंभ में मारे गए लोगों को अपनी श्रद्धांजलि देता हूं।



### सोनिया को विशेषाधिकार हनन का नोटिस



भाजपा ने राज्यसभा के सभापति को संबोधित नोटिस में कहा कि हम हाल ही में भारत के राष्ट्रपति के खिलाफ राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की तरफ से की गई कुछ असंसदीय, अपमानजनक और अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में बहुत निराशा के साथ लिख रहे हैं, जो गंभीर विचार और अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग करती हैं। संबंधित टिप्पणी, जैसा कि सार्वजनिक रूप से उद्धृत किया गया है, ये थी बेचारी महिला, राष्ट्रपति, अंत तक बहुत थक गई थीं... वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी।

### देश में सबसे गंदा पानी कुंभ में : जया

इस बीच समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने विवादित बयान दिया है। सपा सांसद ने संसद परिसर में पत्रकारों के बात करते कुंभ के पानी को सबसे ज्यादा गंदा बताया है। जया बच्चन ने कहा सदन में इस समय जलशक्ति विभाग गंदे पानी पर चर्चा कर रहा है। इस समय पानी सबसे ज्यादा प्रदूषित कहां है? यह कुंभ में है। भगदड़ में मरने वालों के शव नदी में फेंके गए हैं।



### सरकारी आंकड़े झूठे

सांसद ने कहा कुंभ में आने वाले आम लोगों को कोई विशेष सुविधा नहीं मिल रही है, उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है। बच्चन ने सरकार द्वारा जारी किए जा रहे उन आंकड़ों को भी झूठा बताया जिसमें दावा किया जा रहा है कि अब तक करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है। बच्चन ने कहा- वे (सरकार) झूठ बोल रहे हैं कि करोड़ों लोग उस स्थान पर आए हैं।

### वीआईपी को स्पेशल ट्रीटमेंट

सांसद ने कहा कि वीआईपी लोग चले जाते हैं कुंभ में स्नान करते हैं, उनको स्पेशल ट्रीटमेंट मिलता है, उनकी तस्वीरें आती हैं। जो गरीब लोग हैं, जो आम लोग हैं। उनके लिए कोई सहायता नहीं है, कोई व्यवस्था नहीं है। कंटेमिनेटिड पानी सबसे दूषित पानी है जिस पर आप मांग कर रहे हैं। अरे सच बताओ, लोगों को बताओ कि कुंभ में क्या हुआ? सदन में बोलना चाहिए। कृपया देश के लोगों को महाकुंभ में हुई घटना के बारे में सच्चाई बताएं। जो जांच चल रही है, वह होती रहेगी।

### इधर, भगदड़ पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गाइडलाइंस जारी करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने यूपी सरकार की इस दलील पर संज्ञान लिया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका पहले ही दायर की जा चुकी है। दरअसल, कुंभ में भगदड़ को लेकर सुप्रीम कोर्ट के वकील विशाल तिवारी ने जनहित याचिका दाखिल की थी। इसमें देशभर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश देने और नियमों का पालन कराने की मांग की गई थी।

### महिला कानूनों के दुरुपयोग वाली याचिका खारिज

# सुप्रीम कोर्ट बोला-ये मुद्दे संसद में जाकर उठाएं

### अपील में पुरुषों के लिए मांगा था संरक्षण



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महिला-केंद्रित कानूनों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए उसे खारिज कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप संसद में जाकर इन आधारों को उठा सकते हैं। याचिकाकर्ता रूपशी सिंह ने कानूनों के दुरुपयोग का आरोप लगाया था, साथ ही मांग की थी कि दहेज निषेध, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण और भारतीय दंड संहिता में महिलाओं के प्रति क्रूरता से जुड़े प्रावधानों से पुरुषों को भी संरक्षण दिया जाए।

### याचिका में ये मांगें की गईं

कानून में दुर्भावना, आरोपित प्रावधानों में निहित अतार्किकता और उनमें समानता न होने को उजागर किया गया है। महिलाओं के झूठी शिकायतें दर्ज कराने और कानूनों के दुरुपयोग से पुरुषों पर होने वाले अत्याचारों से पुरुषों को संरक्षण देने की मांग की है। दहेज निषेध अधिनियम 1961 धर्म के आधार पर भेदभाव करता है। घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के प्रावधान महिला-केंद्रित और पुरुषों के खिलाफ हैं।

### महिलाओं के प्रमुख कानून

**दहेज निषेध अधिनियम, 1961**
**मकसद:** दहेज प्रथा को रोकना और दोषियों को सजा दिलाना है। कई मामलों में महिलाएं दहेज उत्पीड़न का झूठा आरोप लगाकर पति और ससुरालवालों को परेशान करती हैं। आईपीसी की धारा 498ए का मकसद दहेज उत्पीड़न और मानसिक/शारीरिक प्रताड़ना से बचाना।
**दुरुपयोग:** इस धारा के तहत गिरफ्तारी तत्काल होती थी। कई मामलों में पुरुषों और उनके परिवार को बिना जांच के ही परेशान किया जाता है।

**घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005**
**मकसद:** महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और यौन हिंसा से सुरक्षा देना।
**दुरुपयोग:** महिलाएं झूठे केस करके पति से आर्थिक लाभ लेने के लिए दुरुपयोग करती हैं।

**कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, 2013**
**मकसद:** कानून का उद्देश्य महिलाओं को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से बचाना है।
**दुरुपयोग:** कुछ मामलों में महिलाएं अपने सहकर्मियों या बॉस पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें ब्लैकमेल करती हैं।

**बलात्कार से संबंधित कानून**
**मकसद:** महिलाओं की सुरक्षा और यौन अपराधों को रोकने के लिए बनाए गए हैं।
**दुरुपयोग:** कुछ मामलों में बदले की भावना से या व्यक्तिगत लाभ के लिए झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

**हिंदू विवाह अधिनियम, 1955**
**मकसद:** तलाक के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को भरण-पोषण देने की व्यवस्था।
**दुरुपयोग:** कई बार महिलाएं झूठे आरोप लगाकर ज्यादा पैसा लेने की कोशिश करती हैं।

# दिल्ली में थम गया चुनाव प्रचार कल मतदान, आठ को परिणाम

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार सोमवार शाम छह बजे थम गया। अब कोई चुनावी रैलियां व जनसभाएं नहीं होंगी। पांच फरवरी को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। दिल्ली के एक करोड़ 56 लाख 14 हजार मतदाता भाजपा, आम आदमी पार्टी व कांग्रेस के प्रत्याशियों समेत कुल 699 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे विधानसभा चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में बीजेपी, आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत बीजेपी के कई वरिष्ठ नेताओं ने कई जनसभाओं को संबोधित किया और रोड शो किए। वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत कई नेताओं ने रोड शो और जनसभाएं कीं। तीनों पार्टियां चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी प्रचार किया। सोमवार यानी आज को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। आखिरी दिन भी तीनों पार्टियां चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। इसके बाद शाम छह बजे विधानसभा चुनाव प्रचार का शोर थम गया। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 5 फरवरी को सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे तक चलेगा।

### ऐसा कौन सा पद ऑफर किया कि आपने दिल्ली को दांव पर लगाया



**मुख्य चुनाव आयुक्त पर हमलावर हुए केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर हमलावर हैं। इसी के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से पूछा है कि बीजेपी ने उन्हें ऐसा कौन सा पद ऑफर किया है कि उन्होंने दिल्ली को दांव पर लगा दिया। उन्होंने राजीव कुमार पर बीजेपी के सामने हथियार डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, राजीव कुमार इस महीने के आखिर में रिटायर हो रहे हैं। राजीव कुमार ने रिटायरमेंट के बाद पद के लालच में देश के लोकतंत्र को गिरवी रख दिया है। केजरीवाल ने आगे कहा, स्वतंत्रता सेनानियों ने जिन जनतंत्र के लिए कुर्बानी दी, अगर आपको उसको दांव पर लगा दो, मेरी नजर में ऐसा कोई पद नहीं है। उन्होंने कहा, मैं हाथ जोड़कर राजीव कुमार से विनती करता हूं कि आप अपनी ड्यूटी कीजिए और पद की लालसा छोड़ दीजिए।

### अब यूपीआई से पांच लाख तक इन्वेस्टमेंट



**नई दिल्ली।** अगर आप यूपीआई के जरिए इनवेस्ट करते हैं, तो आपके लिए एक अच्छी खबर है। मार्केट रेगुलेटर संस्था भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कैपिटल मार्केट ट्रांजेक्शन के लिए यूपीआई के जरिए होने वाले लेनदेन की सीमा को बढ़ाने का फैसला किया है। अब यह लिमिट 2 लाख से बढ़कर 5 लाख रुपए कर दी जाएगी। हालांकि, यह बदलाव फिलहाल सेबी के परामर्श पत्र का हिस्सा है और इसे एनपीसीआई के साथ मिलकर आगे मूल्यांकन किया जाएगा। सेबी ने बदलाव के पीछे निवेशकों की बढ़ती जरूरतों और डिजिटल भुगतान के सुरक्षित और कुशल उपाय बताया है। सेबी ने यह निर्णय लेने से पहले टॉप ब्रोकर्स के क्लाइंट्स के ट्रांजेक्शंस को स्टडी किया। इसमें पाया गया कि 92.9 फीसदी ट्रांजेक्शन 1 लाख से कम के होते हैं। 1 लाख से 2 लाख रुपए के बीच के ट्रांजेक्शन 3.9 फीसदी हैं। 2 लाख से 3 लाख रुपए के बीच के ट्रांजेक्शन 1.3 फीसदी हैं। इसी आधार पर सेबी ने 5 लाख रुपए तक की सीमा तय करने का प्रस्ताव दिया है।

### सीएम योगी ने किया भूटान नरेश का स्वागत



**लखनऊ, जेएनएन।** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांग्चुक सोमवार को लखनऊ पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भूटान नरेश को पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका कुशलक्षेम जाना। भूटान नरेश ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभिवादन किया। वहीं एयरपोर्ट पर कलाकारों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप विभिन्न प्रस्तुतियों से उनका स्वागत किया। वांग्चुक ने भी कलाकारों की हौसलाअफजाई की। भूटान नरेश मंगलवार को प्रयागराज महाकुम्भ जाएंगे। वे यहां संगम पर पावन त्रिवेणी स्नान व दर्शन-पूजन आदि करेंगे। स्वागत करने वालों में महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी आदि ने एयरपोर्ट पर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

### मेक्सिको पर नरम पड़े ट्रंप कनाडा-चीन को राहत नहीं



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको पर लगाए गए योजनाबद्ध शुल्क को एक महीने के लिए रोक दिया है। मेक्सिको के राष्ट्रपति क्लॉडिया शिनबाम ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। व्हाइट हाउस ने भी एक बयान में इसकी पुष्टि की है। दूसरी ओर कनाडा और चीन के खिलाफ ट्रंप द्वारा घोषित शुल्क मंगलवार से लागू होने वाले हैं। ऐसे में वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है कि क्या शुल्क एक व्यापक व्यापार युद्ध में बदल सकता है। ट्रंप ने आने वाले समय में और अधिक आयात कर लगाने का वादा किया है। शिनबाम ने एक्स पर पोस्ट किया, मेक्सिको तुरंत नेशनल गार्ड के 10,000 सदस्यों को तैनाती के साथ उत्तरी सीमा को मजबूत करेगा, ताकि मेक्सिको से अमेरिका में फेंटेनाइल सहित मादक पदार्थों की तस्करी को रोका जा सके। मेक्सिको की राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा और व्यापार पर बातचीत करेंगे।

## गुरु भेंट के लिए पैसे भी उधार लिए: ममता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आशिक आवारा, वक्त हमारा है, क्रांतिवीर, करण अर्जुन और सबसे बड़ा खिलाड़ी जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी को महाकुंभ 2025 में किन्नर अखाड़े ने महामंडलेश्वर की उपाधि दी थी, लेकिन एक हफ्ते के अंदर ही उनको इस पद से हटा दिया गया, जिसके पीछे की वजह उनसे जुड़े विवाद हैं। हाल ही में उन्होंने अपने एक इंटरव्यू के दौरान खुद पर लगे आरोपों के साथ-साथ इस महामंडलेश्वर पद को लेकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन पर लगे एक बड़े आरोप के बारे में पूछा गया कि क्या महामंडलेश्वर बनने के लिए उन्होंने किन्नर अखाड़े को 10 करोड़ रुपये दिए? इस सवाल के जवाब में ममता ने कहा कि 10 करोड़ तो दूर की बात उनके पास 1 करोड़ भी नहीं है। ममता ने बताया कि उनके जितने भी बैंक अकाउंट हैं, सभी को सरकार ने सीज कर दिया है। उनका कहना था कि उनके अकाउंट में 1 करोड़ रुपये भी नहीं हैं। उन्होंने ये भी बताया कि गुरु को भेंट देने के लिए उन्होंने सिर्फ 2 लाख रुपये भी उधार लिए थे।



## एकनाथ को सता रहा फोन टैपिंग का डर: राउत



**नई दिल्ली, जेएनएन।** संजय राउत ने कहा कि एकनाथ शिंदे को डर है कि उनके फोनों की टैपिंग होने के साथ ही दिल्ली की एजेंसियां उनकी हर मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं। राउत ने कहा कि मुझे विधायक ने कहा, अमित शाह ने चुनाव से पहले एकनाथ शिंदे को सीएम बनाने का वादा किया था, लेकिन नतीजा आने के बाद पलट गए। उद्धव गुट के संजय राउत ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना के विधायक ने मुझे बताया है कि उनका दिल टूट गया है। राउत ने कहा कि शिंदे गुट के विधायक ने कहा कि वह सीएम ही बनना चाहते थे और जब से भाजपा ने उन्हें मौका नहीं दिया, तब से वह बहुत निराश हैं।

### सीएम की बैठक में फिर नहीं पहुंचे शिंदे

महाराष्ट्र की एनडीए सरकार में सबकुछ ठीक नहीं चलता दिख रहा है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे एक बार फिर अहम बैठक में नहीं पहुंचे। पहले तो वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा बुलाई गई कैबिनेट मीटिंग से दूर रहे और अब एक अन्य अहम बैठक में उन्होंने शिरकत नहीं की। सीएम फडणवीस ने कुछ अहम प्रोजेक्ट्स पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई थी, जिसमें अजित पवार तो पहुंचे, लेकिन एकनाथ शिंदे नदारद रहे।

**रैंकिंग** | फोर्ब्स की सूची में भारत को 12वें स्थान पर रखने पर उठे सवाल

# दुनिया के टॉप-10 पॉवरफुल देशों से भारत बाहर

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** 2025 में दुनिया के शीर्ष 10 शक्तिशाली देशों की सूची जारी हो गई है। सूची से भारत को बाहर रखा गया है। सूची को प्रकाशित करने वाले फोर्ब्स के अपने तर्क हैं कि वह दावेदार देशों को कई पैरामीटर पर परखता है। हालांकि, विशेषज्ञों का तर्क है कि भारत जैसे सबसे बड़ी आबादी, चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति और 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश को बाहर रखना समझ से परे है। बड़ी बात है कि फोर्ब्स ने जिन पैरामीटर्स का जिक्र किया है, उनमें से अधिकतर में भारत शीर्ष के देशों में शुमार है। दुनिया के शीर्ष 10 शक्तिशाली देशों की सूची में भारत 12वें स्थान पर है। फोर्ब्स का कहना है कि रैंकिंग आर्थिक स्थितियों, मजबूत अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों और सैन्य शक्ति अन्य कारकों पर आधारित है। भारत दुनिया की जीडीपी रैंकिंग में अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद 5वें स्थान पर है।

Forbes




### रैंकिंग का प्रभाव

किसी देश का नेतृत्व उसकी शक्ति रैंकिंग को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। प्रभावी नेतृत्व आर्थिक विकास को बढ़ावा दे सकता है, मजबूत अंतराष्ट्रीय संबंधों को बढ़ावा दे सकता है और सैन्य क्षमताओं को बढ़ा सकता है। वैश्विक मंच पर सम्मान पाने वाले नेता देश की स्थिति और शक्ति को बढ़ा सकते हैं। किसी देश की आबादी उसकी शक्ति रैंकिंग को प्रभावित कर सकती है। बड़ी आबादी का मतलब है बड़ा कार्यबल, जो आर्थिक विकास के साथ जनसंख्या की पूंजी, शिक्षा और कौशल भी देश की शक्ति में योगदान करते हैं।

### ये थे पैरामीटर

फोर्ब्स ने बताया कि यूएस न्यूज की ओर से पावर सब-रैंकिंग पांच विशेष विशेषताओं से 'इक्वली वेटेड एवरेज ऑफ स्कोर' पर आधारित है जो किसी देश की शक्ति को दर्शाती हैं। इनमें निम्नलिखित प्वॉइंट हैं।

- देश का नेता
- देश का आर्थिक प्रभाव
- देश का राजनीतिक प्रभाव
- देश का मजबूत अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन
- देश की मजबूत सेना

### भारत कहां खड़ा होता है?

फोर्ब्स के एक-एक पैरामीटर को देखें तो भारत हर एक में शीर्ष के देशों में शामिल है। जैसे-भारत के पास नरेंद्र मोदी जैसा दुनिया का सबसे प्रभावशाली नेता है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार भी है। भारत का राजनीतिक प्रभाव भी बहुत ज्यादा है। आज रूस-यूक्रेन युद्ध हो या फिर इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध, पूरी दुनिया में सिर्फ भारत ही ऐसा देश है, जिस पर दोनों पक्ष आंख मूंदकर यकीन कर सकते हैं। भारत ब्रिक्स, एससीओ, जी-20 जैसे दुनिया के सबसे शक्तिशाली समूहों में शामिल है। यही नहीं, भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना भी है।

## महिला लोको पायलट आत्महत्या केस में सहायक स्टेशन मास्टर गिरफ्तार

**जागरण, रतलाम।** महिला लोको पायलट आत्महत्या केस में पुलिस ने रतलाम के सहायक स्टेशन मास्टर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। 11 महीने बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की तलाश में पुलिस कई बार रतलाम और राजस्थान में उसके ठिकाने में छापामार कार्रवाई कर चुकी थी, लेकिन आरोपी पुलिस के आने की भनक लगते ही वह अपने ठिकाने से गायब हो जाता था।

**11 महीने बाद आरोपी आया पुलिस गिरफ्त में**

11 माह बाद आरोपी आशाराम मीणा को रतलाम स्थित उसके शासकीय आवास से गिरफ्तार कर पुलिस शहडोल लेकर पहुंची। पुलिस ने बताया कि शहडोल में पदस्थ सहायक लोको पायलट आरती सनोरिया 29 मार्च 2024 की रात अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के कमरे से कोतवाली पुलिस ने सुसाइड नोट के साथ ही पैसों के लेने देने के दस्तावेज एवं मोबाइल जब्त किए थे। वहीं मृतिका के परिजनों ने रतलाम में पदस्थ एएसएम आशाराम मीणा पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। सीडीआर व सुसाइड नोट के साथ अन्य साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज किया था। कोतवाली थाना प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई बार उसके ठिकाने पर दबिश दी थी। आरोपी मूलतः राजस्थान के दौसा जिला ग्राम पगड़ी का निवासी था। पुलिस ने राजस्थान में भी उसे गिरफ्तार करने दबिश दी थी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई चल रही थी। इसी बीच पुलिस ने उसे रतलाम से गिरफ्तार कर लिया।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

77,186

-319

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Bajaj Finance | 8,439.30 | 5.32% |
| M&M | 3,187.95 | 3.14% |
| Wipro | 314.00 | 2.89% |
| Shriram Finance | 558.00 | 2.70% |
| Bajaj Finserv | 1,805.00 | 2.33% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Larsen | 3,270.00 | -4.59% |
| ONGC | 244.85 | -3.32% |
| TATA Cons. Prod | 1,033.65 | -3.14% |
| Coal India | 366.50 | -2.93% |
| Bharat Elec | 263.30 | -2.71% |


**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| डॉलर | 87.19 |
| यूरो | 89.19 |
| येन | 05.62 |
| पौंड | 107.17 |

# भारत पर भारी भरकम कर्ज का भार मूडीज का साख बढ़ाने से इनकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि भारत राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने इस बात को तवज्जो नहीं दी कि मूडीज जैसी एजेंसियां इन सबके बावजूद भारत की साख को नहीं बढ़ाया है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के अपने बजट में राजकोषीय सूझबूझ के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देने के बीच बेहतर संतुलन साधा है। उन्होंने न केवल मध्यम वर्ग को बड़ी कर राहत दी है, बल्कि अगले साल राजकोषीय घाटे को कम करने तथा 2031 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत रूप में कर्ज में कमी लाने का खाका भी पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक चुनौतियों, आपूर्ति व्यवस्था के स्तर पर समस्याओं और दुनिया में संघर्षों के बीच अर्थव्यवस्था की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए महामारी के दौरान अधिक कर्ज लेना पड़ा।

**अपनी बातों को पालन कर रहे: वित्त मंत्री:** एक न्यूज एजेंसी दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, इन सबके बावजूद हमने प्रतिबद्धता दिखाई है और राजकोषीय घाटे के संबंध में हम अपनी कही बातों का पालन कर रहे हैं। एक भी साल ऐसा नहीं है, जब हम अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहे हों। मूडीज रेटिंग्स ने शनिवार को सरकार द्वारा अपने वित्त को विवेकपूर्ण ढंग से प्रबंधित करने के प्रयासों के




बावजूद भारत की साख को तत्काल बढ़ाने की बात से इनकार किया था। मूडीज ने फिलहाल भारत की रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ बीएए3 पर बरकरार रखा है। यह निवेश के लिहाज से निम्न स्तर की रेटिंग है।

**मूडीज ने रेटिंग सुधारने से किया इनकार:** भारत राजकोषीय अनुशासन और मुद्रास्फीति नियंत्रण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, लेकिन मूडीज का कहना है कि साख बढ़ाने के लिए ऋण के बोझ में पर्याप्त कमी और अधिक महत्वपूर्ण राजस्व उत्पन्न करने वाले उपाय आवश्यक हैं। हाल के सुधारों के बावजूद, राजकोषीय घाटा और कर्ज-जीडीपी अनुपात महामारी-पूर्व के स्तर की तुलना में व्यापक बना हुआ है। कर्ज पर ब्याज अदायगी की लागत बजट में सबसे बड़ा हिस्सा बनी हुई है। सीतारमण ने शनिवार को संसद में पेश अपने आठवें बजट में कहा कि पिछले साल किये गये वादे के अनुसार चालू वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.8 प्रतिशत होगा इसे वित्त वर्ष 2025-26 तक घटाकर 4.4 प्रतिशत पर लाया जाएगा।

### फिच ने कर्ज घटाने की धीमी रफ्तार को भारत की साख पर खतरा बताया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फिच रेटिंग्स ने सोमवार को कहा है कि भारत की कर्ज घटाने की रफ्तार धीमी है, जिससे बड़े आर्थिक झटके की स्थिति में सरकार की साख में गिरावट का जोखिम बना हुआ है। हालांकि, रेटिंग एजेंसी ने मध्यम अवधि में भारत के राजकोषीय रूपरेखा पर टिके रहने की क्षमता पर भरोसा जताया, जिसका मकसद कर्ज को कम करना और समय के साथ इसे नीचे लाना है। फिच रेटिंग्स के भारत में निदेशक और प्राथमिक सॉवरेन विश्लेषक जेरेमी जूक ने आम बजट 2025-26 पर टिप्पणी करते हुए कहा, इस बात पर भरोसा बढ़ रहा है कि सरकार मध्यम अवधि में राजकोषीय रूपरेखा का पालन कर सकती है और कर्ज को नीचे की ओर रख सकती है. यह समय के साथ सरकारी साख के लिए सकारात्मक होगा। जेरेमी जूक ने कहा कि फिर भी, कर्ज में कमी की रफ्तार धीमी है, जो बड़े आर्थिक झटके से जोखिम की गुंजाइश बनाती है। फिच ने स्थिर दृष्टिकोण के साथ भारत की सरकारी साख को बीबीबी पर रखा है।

# मौसमी घटनाओं की वजह से देश में बढ़ रही खाद्य महंगाई: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में लगातार बढ़ रही खाद्य महंगाई पर केंद्र सरकार ने कहा है कि एक्स्ट्रीम वेदर यानी चरम मौसम की घटनाओं इसकी प्रमुख वजह रही है. केंद्र ने अपने लेटेस्ट आर्थिक सर्वेक्षण में कहा है कि भारत में खाद्य महंगाई की दर पिछले दो वर्षों से वैश्विक प्रवृत्ति के उलट स्थिर बनी हुई है। इसका एक कारण बार-बार होने वाली चरम मौसम संबंधी घटनाएं हैं।

शुक्रवार को संसद में पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दो वर्षों में प्याज और टमाटर के उत्पादन में गिरावट का आंशिक कारण अन्य क्षेत्रों की तुलना में प्रमुख उत्पादक राज्यों में चरम मौसम संबंधी घटनाएं रही होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 में चरम मौसम की घटनाओं ने प्रमुख बागवानी उत्पादक राज्यों में फसलों को नुकसान पहुंचाया, जिससे बागवानी फसलों पर मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ा। इकोनॉमिक सर्वे रिपोर्ट में आगे कहा गया है, पिछले दो वर्षों में भारत की खाद्य मुद्रास्फीति दर स्थिर बनी हुई है,



जो स्थिर या घटती खाद्य मुद्रास्फीति के वैश्विक रुझानों से अलग है। इसके लिए चरम मौसम की घटनाओं से आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पड़ना और कुछ खाद्य पदार्थों की कम पैदावार जैसे कारक को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए, रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में खराब मौसम की वजह से नुकसान का सामना करने वाला कुल फसल क्षेत्र पिछले दो सालों की तुलना में ज्यादा है। सरकार ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों का भी हवाला दिया, जो चरम मौसम की घटनाओं, खासकर लू की आवृत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है।

### भू-राजनीतिक संघर्ष भी अहम वजह

आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि भू-राजनीतिक संघर्षों और चरम मौसम जैसे कारकों के चलते कीमतों में उतार-चढ़ाव हुआ है, लेकिन अब उनका प्रभाव कम हो गया है, जिससे कीमतों में अधिक बदलाव आया है। रिपोर्ट में दीर्घकालिक मूल्य स्थिरता के लिए जलवायु-प्रतिरोधी फसलें विकसित करने, कीमतों की निगरानी के लिए डेटा सिस्टम को मजबूत करने, फसल की क्षति घटाने और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने का सुझाव दिया गया है. शनिवार को, सरकार ने दलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए छह साल के मिशन की घोषणा की, जिसका लक्ष्य तुअर, उड़द और मसूर के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना है।

# भारत के बजट से अमेरिका को फायदा, ट्रंप अब टैरिफ पर बदलेंगे नजरिया?




**नई दिल्ली, जेएनएन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट की घोषणाएं कर दी है. बजट घोषणाओं के साथ ही वित्त मंत्री से लेकर कारोबार करने वाले लोगों को खुश कर दिया. मिडिल क्लास को इनकम टैक्स में राहत दी तो वहीं कस्टम ड्यूटी में कटौती कर कई चीजों की कीमतों को घटा दिया। बजट में कुछ कच्चे माल पर शुल्क में कटौती से निर्यात, विनिर्माण बढ़ेगा। इसका फायदा अमेरिका को भी होने वाला है। वित्त मंत्री ने बजट में ऐसा ऐलान किया, जिससे डोनाल्ड ट्रंप को काफी खुश हो सकते हैं। कस्टम ड्यूटी कम करने के फैसले से अमेरिका से होने वाले निर्यात पर असर पड़ेगा। कस्टम ड्यूटी का फायदा अमेरिका को बड़ा फायदा मिलेगा, शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव के मुताबिक मोटरसाइकिल और स्वाद बढ़ाने वाले आर्टिफिशियल एलीमेंट्स जैसे उत्पादों पर बजट में घोषित सीमा शुल्क कटौती से अमेरिकी निर्यात को फायदा मिलने वाला है।

# बजट के बाद अब ब्याज पर बाजार का फोकस

### सात फरवरी को हो सकता है बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बजट के बाद अब निवेशकों का फोकस 7 फरवरी को आने वाले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले पर होगा। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। अनुमानों के मुताबिक, आरबीआई एमपीसी बाजार में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है। नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के आने के बाद यह पहली एमपीसी बैठक है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) की रिपोर्ट के अनुसार, आम बजट 2025-26 पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) से उपभोग और बचत पर ध्यान केंद्रित करने का संकेत देता है।

हालांकि, अभी भी राजकोषीय घाटे के समेकन को प्राथमिकता दी गई है। पिछले वर्षों से अलग हटकर, बजट में केवल पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय उपभोग और बचत को प्रोत्साहित करने का विकल्प चुना गया। इसकी वजह खपत का कमजोर होना




और अर्थव्यवस्था का धीमा होना था.रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकलुभावन उपायों का सहारा लिए बिना उपभोग को बढ़ावा देने के लिए राजकोषीय रुख को समायोजित करने में लचीलापन दिखाया है।

बजट में राजकोषीय अनुशासन भी बनाए रखा गया है, जिसके तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 4.4 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि बजट घोषणाओं के बाद अब बाजार का ध्यान पुनः आय तथा 7 फरवरी को होने वाली आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की आगामी बैठक पर होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, आय धीमी गति से बढ़ने की उम्मीद है।

### बजट के बाद इस फुटवियर कंपनी के शेयरों में 7 प्रतिशत से अधिक उछाल

**मुंबई, जेएनएन।** मेट्रो ब्रांड लिमिटेड के शेयरों आज 7 प्रतिशत से अधिक की उछाल दर्ज की गई। यह सात महीनों में इनकी सबसे बड़ी एक दिन में होने वाली बढ़त है। फुटवियर बनाने वाली कंपनी के शेयरों में यह उछाल बजट की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें फुटवियर इंडस्ट्री के लिए प्रोत्साहन और मिडिल क्लास के लिए इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव शामिल हैं। पिछले एक साल में मेट्रो ब्रांड के शेयरों में 25 फीसद की तेजी दरज् की गई। इस साल अब तक इस फुटवियर कंपनी के शेयर ने 6 फीसद से अधिक का रिटर्न दिया है। इसका 52 हफ्ते का हाई 1430 और लो 990.05 रुपये है। इस महीने की शुरुआत में मेट्रो ब्रांड ने अपने तिमाही रिजल्ट की घोषणा की थी। दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी ने नेट सेल में 11.59 प्रतिशत की वृद्धि देखी, जो दिसंबर 2023 में 616.39 करोड़ रुपये से बढ़कर 687.86 करोड़ रुपये हो गई। हालांकि, कंपनी के नेट प्रॉफिट में 15.36 प्रतिशत की गिरावट आई, जो पिछले वर्ष के 111.20 करोड़ रुपये से घटकर 94.12 करोड़ रुपये रह गया। जबकि, EBITDA में 9.22 प्रतिशत का सुधार हुआ, जो 246.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। प्रति शेयर आय पिछले वर्ष की समान अवधि में 4.09 रुपये से घटकर 3.46 रुपये हो गई।

### एक्सप्रेस वे पर अभी कॉनवाय लगाकर वाहनों को छोड़ा जा रहा

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस पर बढ़ी पथराव व लूट की घटनाएं, ड्रोन रखेगा नजर

**जागरण, रतलाम।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पथराव और लूट की घटनाओं में बढ़ोतरी के बाद पुलिस अब सुरक्षा को लेकर अलर्ट हो गई है। जिले के रावटी और शिवगढ़ थाना क्षेत्र में बदमाश वाहनों पर पथराव कर लूटपाट करते हैं। इसे मद्देनजर रखते हुए पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। एक्सप्रेस-वे पर जल्द ही ड्रोन से निगरानी शुरू की जाएगी। अभी पुलिस यहां कानवाय लगाकर वाहनों को छोड़ रही है। मालूम हो कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के रतलाम जिले की सीमा में रावटी व शिवगढ़ थाना क्षेत्र के करीब 15 किलोमीटर क्षेत्र में आए दिन वाहनों पर पथराव व लूट की वारदातें होती रहती हैं। दो दिन पहले भी लुटेरों ने एक वाहन में सवार लोगों को लूटने का प्रयास किया था। वाहन एक्सप्रेस-वे के गश्ती दल का होने से लुटेरे वारदात नहीं कर पाए। इसके पहले कई बार वाहनों पर पथराव की घटनाएं हो



व लूट की वारदातें हो चुकी है। यात्रियों के सुरक्षा देने के लिए एनएचएआई के दल गश्त करते हैं। वहीं पुलिस भी गश्त करती है। गश्ती दल के आने के पहले या गश्त कर चुकी हैं। पुलिस ने हाईवे पर गश्त बढ़ा दी है। वहीं पथराव व लूट की वारदातों पर अंकुश लगाने तथा बदमाशों को पकड़ने के लिए ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जाएगी।

### पुलिस गश्त बेअसर

हाईवे पर कई बार वाहनों पर पथराव जाने के बाद बदमाश वाहनों पर पथराव कर वारदातें करते हैं। अंधेरे में वारदात कर बदमाश भाग जाते हैं। हर जगह सीसीटीवी कैमरे नहीं होने से कई बार बदमाशों की पहचान भी नहीं हो पाती है, इसलिए अब बदमाशों को पकड़ने ड्रोन की मदद ली जाएगी।

### रावटी-शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बीच हो रहीं वारदातें

एक्सप्रेस-वे में रतलाम जिले का करीब 90 किलोमीटर का एरिया आता है। मंदसौर व रतलाम एरिया का काम लगभग पूरा होने के साथ ही करीब डेढ़ वर्ष पहले इस पर आवागमन भी शुरू कर दिया है। जिले में रावटी व शिवगढ़ थाना क्षेत्र के करीब 15 किमी के एरिया में बदमाश पथराव व लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं।

### एनएच- 52 और 47 के मार्गों पर सबसे ज्यादा अतिक्रमण मिले

# चार एनएच पर एआई-ड्रोन से चिह्नित एक हजार अतिक्रमण, अब हटाएंगे

**जागरण, इंदौर ।** एनएच (राष्ट्रीय राजमार्ग) पर यातायात को सुरक्षित और सुगम बनाने में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को हटाने के लिए पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। इंदौर संभाग में चार प्रमुख एनएच पर एक हजार से अधिक अतिक्रमण चिह्नित किए हैं। एनएचआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ) ने एआई-ड्रोन की मदद से सर्वे कर अतिक्रमण चिह्नित किए हैं। ड्रोन की हाई-डेफिनिशन कैमरा तकनीक से एक हजार अतिक्रमणों की पहचान की है। अब जल्द ही एनएचएआई स्थानीय प्रशासन की मदद से इन अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई करने जा रहा है। मालूम हो कि इंदौर संभाग के 360 किलोमीटर में आने वाले चार प्रमुख एनएच का सर्वे किया है। इसमें एक हजार से अधिक अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। खास बात यह है कि एआई ड्रोन ने सरकारी विभाग के कुछ भवनों को भी अतिक्रमण में चिह्नित किया था। हालांकि एनएचएआई ने इन भवन को बाधकों की सूची से भौतिक सत्यापन करने के बाद हटा दिया। एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक एनएच 52 और एनएच 47 जैसे प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में अवैध अतिक्रमण सामने आए हैं। इंदौर-देवास एनएच 52 के 45 किमी लंबे हिस्से पर 47 अतिक्रमण मिले। वहीं, इंदौर-गुजरात एनएच 47 पर 155 किमी में 448 अतिक्रमण और इंदौर-खलघाट और खलघाट-महाराष्ट्र एनएच 52 के 82 किमी क्षेत्र में 480 अतिक्रमण हैं।



### स्थाई और अस्थाई दोनों तरह के अतिक्रमण

यह सर्वे बीते साल अगस्त से नवंबर 2024 के बीच ड्रोन से किया गया। ड्रोन की हाई-डेफिनिशन कैमरा तकनीक अतिक्रमणों की पहचान करती है। इन अतिक्रमणों में स्थायी और अस्थायी दोनों प्रकार की संरचनाएं शामिल होती हैं। इसमें सड़क किनारे खड़े ट्रक, निर्माण सामग्री, अस्थायी दुकानें और अन्य रुकावटें शामिल हैं। बाद में इन तस्वीरों और वीडियों को एआई टूर में अपलोड किया जाता है, जो बाधक और अतिक्रमण की पहचान करता है। डेटा मिलने के बाद भौतिक सर्वे भी किया जाता है।

### भौतिक सर्वे के बाद बुलाएंगे आपत्तियां

एनएचएआई और जिला प्रशासन मिलकर अतिक्रमण व बाधकों का भौतिक सर्वे करेगा। कार्रवाई से पहले लोगों से आपत्तियां भी बुलाएंगे। इसके बाद बाधकों को हटाया जाएगा ताकि विरोध को रोका जा सके। नई तकनीक ने न केवल एनएचएआई के काम को तेज और आसान किया है, बल्कि कार्य में भी सटीकता आई है।

### भौतिक सर्वे की रिपोर्ट आना बाकी

कई प्रोजेक्ट में ड्रोन सर्वे का इस्तेमाल किया है। हवाई सर्वे से मिले डेटा की पुष्टि के बाद वास्तविक अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया करेंगे। ड्रोन तकनीक से सटीकता बढ़ी है। चार प्रमुख राजमार्ग में कुछ ऐसे भी बाधक को चिह्नित किया है, जो अस्थायी हैं। सर्वे में सड़क किनारें खड़े ट्रक या अन्य अस्थायी वस्तुएं भी अतिक्रमण के रूप में चिह्नित किया है, इसलिए इनका अंतिम सत्यापन किया जाएगा। भौतिक सर्वे की रिपोर्ट आना बाकी है। **- सुमेश बांझल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई**

# रागिनी को वीरगाथा परियोजना में मिला 10 हजार का इनाम

**जागरण, शिवपुरी।** जिले के बदरवास की छात्रा रागिनी जाटव ने वीरगाथा प्रोजेक्ट में राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। शासकीय प्राथमिक विद्यालय टपरिया, देहरदगनेश की कक्षा 5 की छात्रा रागिनी इस परियोजना में चयनित होने वाली प्रदेश की एकमात्र प्रतिभागी है। केंद्र सरकार की ओर से साल 2020-21 में शुरू की गई वीरगाथा परियोजना में प्रतिभागियों को वीरता पुरस्कार विजेताओं पर अपनी कला और लेखन के माध्यम से प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। रागिनी ने इस प्रतियोगिता में ड्राइंग और पेंटिंग के जरिए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की। 25 जनवरी को दिल्ली में आयोजित रक्षा मंत्रालय के सम्मान समारोह में रागिनी को 10,000 रुपए की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के बाद सोमवार को रागिनी ने अपने परिवार के साथ कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान बीईओ बदरवास अंगद तोमर ने रागिनी की उपलब्धि की जानकारी साझा की। कलेक्टर चौधरी ने रागिनी की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएं जिले और प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करती हैं। उन्होंने रागिनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# मानसिक दिव्यांग मूकबधिर से दुष्कर्म जंगल में मिली पीड़िता, भोपाल रेफर

**जागरण, ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में रेस्ट हाउस के पीछे मानसिक दिव्यांग मूकबधिर बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बालिका झोपड़ी से गायब होने के बाद जंगल में मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका को अस्पताल में भर्ती किया। यहां मेडिकल और प्राथमिक उपचार के बाद पीड़िता को भोपाल रेफर किया गया। वहीं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अस्पताल में डॉक्टरों ने बताया कि पीड़िता मूकबधिर है, वह ना बोल पाती है न सुन पा रही है, उसकी हालत नाजुक है। उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। वहीं सूचना के बाद एसपी आदित्य मिश्रा नरसिंहगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने मामले की पड़ताल करने के साथ थाना प्रभारी व जांच अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### विश्रामगृह के पीछे वारदात

वारदात विश्रामगृह के पीछे जंगल में हुई है। परिजनों के मुताबिक शनिवार रात्रि को पीड़िता झोपड़ी में न मिलने पर परिवार जनों द्वारा आसपास ढूंढा गया। रविवार की सुबह पीड़िता विश्रामगृह के पीछे स्थित जंगल में मिली, जिसे घर लाया गया। सोमवार को पुलिस ने नरसिंहगढ़ सिविल मेहताब हॉस्पिटल में भर्ती कराया। यहां महिला डॉ मोनिका गर्ग ने प्राथमिक उपचार किया। पीड़िता की हालत देखते हुए भोपाल रेफर किया। कुरावर थाना प्रभारी संगीता शर्मा सहित महिला पुलिस बल पीड़िता की देखरेख में लगे हैं।

# लांजी के जंगल में मिला विस्फोटक बनाने का सामान, प्रिंटिंग मशीन और साहित्य भी बरामद

**जागरण, बालाघाट।** एंटी नक्सल अभियान में बालाघाट में पुलिस को जंगल में विस्फोटक आईईडी बनाने की सामग्री मिली है। लांजी थाना क्षेत्र के बिलालकसा के अलीटोला माहुरदल्ली जंगल में हॉकफोर्स और बीडीडीएस टीम को सर्चिंग के दौरान सोमवार को नक्सलियों का डंप मिला। इसमें नक्सलियों के प्रचार से जुड़ी चीजें भी मिली हैं। एसपी नगेन्द्रसिंह ने बताया कि यह सामग्री प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की मलाजखंड टांडा संयुक्त एरिया कमेटी की है। नक्सलियों का इरादा मुखबिरों की हत्या और पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने का था। सर्चिंग के दौरान जमीन से उठे एक हिस्सा



पुलिस को संदिग्ध नजर आया, इस हिस्से की जांच करने पर पुलिस को इसके अंदर प्लास्टिक के ड्रम में प्रिंटिंग मशीन, इंक, प्रिंटिंग पेज, बैटरी, डाटा केबल और नक्सली साहित्य बरामद हुआ।

पुलिस के मुताबिक, नक्सली इस सामग्री का उपयोग सरकार की नीतियों के खिलाफ नकारात्मक प्रचार और माओवादी विचारधारा को फैलाने के लिए करना चाहते थे। स्थानीय लोगों को भड़काने की भी उनकी योजना थी। लांजी थाने में एरिया कमेटी के नक्सलियों के खिलाफ केस दर्ज कर सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है।

# बसंत पंचमी : धार्मिक स्थलों में लगे मेले

## साइबर फ्रॉड से बचने लोगों को किया जागरूक



**आंचलिक डेस्क।** बसंतोत्सव का पर्व अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों में मेले के आयोजन किये गये। यहां स्थानीयजनों के साथ आसपास के गावों से आए लोगों की बड़ी तादाद मौजूद रही। परिवारजनों के साथ आए लोगों ने मंदिरों में पूजन अर्चना के पश्चात मेले का लुत्फ उठाया।

**गोविंदगढ़ नि. प्र।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर क्षेत्र में धार्मिक स्थलों में मेले के आयोजन किये। सुप्रसिद्ध अमचुहा हनुमान मंदिर के साथ डीही छिरहरा आदि के भगवान शिव मंदिर के मेलों में नगर निरीक्षक थाना प्रभारी संतोष तिवारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड ठगी से बचने हेतु जागरूक किया गया साथ ही श्री तिवारी द्वारा इस बात की शपथ दिलाई गई की वह किसी लालच में पड़कर या किसी झूठी बातों में पड़कर मोबाइल नंबर में कोई व्यक्तिगत या बैंकिंग संबंधी जानकारी सांझा न करे । ऐसे कॉल आपका खाता खाली कर सकते हैं। जैसे किसी अजनबी व्यक्ति द्वारा आपसे कॉल पर किसी ओटीपी के बारे में जानकारी मांगी जाए तो कभी भी बिना जानकारी के ओटीपी ना दें। थाना प्रभारी द्वारा यह भी बताया गया कि पुलिस कभी भी किसी को डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। ऐसी धमकी देने वालों से निडर और सावधान रहें। ठगी का शिकार ना बनें, फ्रॉड कॉल की सूचना तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर या थाना में दें। आए दिन हो रहे साइबर फ्रॉड जिसमें अच्छे-अच्छे पढ़े लिखे लोग डिजिटल अरेस्ट के डर से बदमाश की मांग पर उनके द्वारा मनचाही रकम भेज देते हैं। साथ ही अक्सर ग्रामीण क्षेत्र के साथ शहरी क्षेत्र में भी लॉटरी लगने या किसी नजदीकी के दुर्घटना होने पर रकम भेजने की बात करते हैं, उनसे सावधान रहें। जागरुकता कार्यक्रम में थाना गोविंदगढ़ के स्टाफ कर्मी एएसआई इंद्रभान सिंह, लोकनाथ बागरी, कांस्टेबल अमित पाण्डेय, सैनिक विनीत शुक्ला व पुलिस लाइन से आई दो महिला आरक्षक पिंकी कुशवाहा, शकुन कुशवाहा मौजूद रहीं।

# सरस्वती पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न



**चाकघाट।** सरस्वती शिशु मंदिर चाकघाट में सोमवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर माता सरस्वती की पूजा, हवन एवं 3 से 6 वर्ष की आयु के शिशुओं की जिह्वा पर ऊं लिखकर विद्यारंभ संस्कार कराया गया। 42 नव प्रवेशी भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार किया गया जिसमें से 07 भैया बहनों ने शुभ मुहूर्त में विद्यालय में प्रवेश कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएँ, उपस्थित रहीं। आचार्य परिवार एवं समिति परिवार द्वारा सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी गईं। प्राचार्य राजेश मिश्रा द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# सीएम राइज स्कूल में बस परिवहन सेवा का शुभारम्भ



**रायपुर कर्चुलियान।** बसंत पंचमी को सी एम राइज विद्यालय रायपुर कर्चुलियान में मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित बस परिवहन सेवा का गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह द्वारा माता सरस्वती का पूजन अर्चन के पश्चात हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा स्काउट गाइड के विद्यार्थियों द्वारा जनरल सेल्यूट तथा बैंड की ध्वनि के साथ विधायक श्री सिंह का स्वागत किया गया। बस परिवहन सेवा का कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व एवं विद्यालय के शिक्षकों के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# कुंभ मेला यात्रियों के लिए की गई व्यापक व्यवस्था




**चाकघाट।** तीर्थराज प्रयाग महाकुंभ के तीसरे गंगा स्नान के विशेष पर्व बसंत पंचमी पर गंगा स्नान के लिए मध्य प्रदेश की ओर से जाने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधा एवं व्यवस्था हेतु चाकघाट में मध्य प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्था की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अब तक यहां (चाकघाट) से प्रयागराज के लिए जाने वाले यात्रियों एवं गंगा स्नान के बाद वापस लौटने वाले सभी यात्री कुशल, सुरक्षित एवं प्रसन्न चित्र दिखाई दे रहे हैं। नगर परिषद चाकघाट जो कि प्रयागराज की सीमा से लगी हुई है , यहां पर नगर परिषद एवं प्रशासन की ओर से अस्थाई रैन बसेरा बनाया गया है, जहां यात्रियों को ठहरने भोजन एवं स्वास्थ्य की सुविधा दी जा रही है। त्योंथर क्षेत्र के तहसीलदार निलेश सिंह एवं अन्य कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी यहां की व्यवस्था पर निगरानी बनाए हुए हैं। तहसीलदार निलेश सिंह ने बताया कि जिला कलेक्टर एवं त्योंथर क्षेत्र के एसडीएम संजय जैन के मार्गदर्शन में चाकघाट में तीर्थ यात्रियों की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से चाकघाट थाना पुलिस एवं अन्य पुलिस बल तैनात हैं। चाकघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ हरि सिंह के अनुसार यहां पर स्वास्थ्य सुविधा के लिए मेडिकल टीम, एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था की गई है। चाकघाट से प्रयागराज जाने के लिए तीर्थ यात्रियों को निःशुल्क बस की सुविधा उत्तर प्रदेश रोडवेज विभाग द्वारा की गई है। एक प्रकार से देखा जाए कुंभ मेला तीर्थ यात्रियों के लिए व्यापक स्तर पर इंतजाम चाकघाट में किया गया है। हालांकि मौनी अमावस्या स्नान के लिए जिस ढंग से श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई थी, वैसी स्थिति अब नहीं है। फिर भी जो यात्री गंगा स्नान के लिए जा रहे हैं, उनकी पूर्ण व्यवस्था चाकघाट में की जा रही है।

# क्रेडिट प्लान पुस्तक का कलेक्टर मऊगंज ने किया विमोचन



**मऊगंज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं को दिशा देने के उद्देश्य से मुद्रित प्लान पुस्तक का गत दिनों कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने विमोचन किया। पुस्तक में आगामी वित्तीय वर्ष में किये जाने वाली क्रेडिट योजनाओं की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की गई है। कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में विमोचन अवसर पर कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से वित्तीय समावेश को बढ़ावा मिलने के साथ ही किसानों, उद्यमियों तथा स्वरोजगार को सशक्त बनाने में सहायता मिलेगी। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड सरोज कुमार जेना ने बताया कि इस क्रेडिट प्लान से जिले की वित्तीय गतिविधियों को सशक्त किया जा सकेगा और विभिन्न सेक्टर में ऋण प्रवाह को सही दिशा मिलेगी। पुस्तक विमोचन अवसर पर एलडीएम ज्योत्सना अग्रवाल भी उपस्थित रहीं।

# विवाह बंधन में बंधे 411 नवयुगल, दाम्पत्य जीवन की करेंगे शुरुआत




मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना


**हनुमना।** हनुमना नगर के नवीन कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत कुल 411 जोड़ों का विवाह एवं निकाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष गोविंद नारायण तिवारी नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष गुप्ता सोनू उपाध्यक्ष श्रीमती शरद गुप्ता आदि ने सभी जोड़ों को बधाई एवं आशीर्वाद दिये और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एसडीएम हनुमना कमलेश पुरी तहसीलदार कुंवारे लाल पनिका नायब तहसीलदार बीआर प्रजापति राजस्व निरीक्षक एवं सीएमओ अरुण कुमार त्यागी उपयंत्री अनिल मिश्रा बाल विकास विभाग हनुमना से परियोजना अधिकारी सविता श्याम परस्ते एवं सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस विभाग यातायात विभाग आदि सभी के सहयोग से वाहन पार्किंग, पंजीयन का कार्य विवाह का कार्यक्रम भोजन वितरण आदि सभी कार्य बहुत ही अच्छे ढंग से संपन्न हुए। नगर परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत यह आयोजन खासतौर पर गरीब और असहाय परिवारों की बेटियों के लिए है जिससे उन्हें आर्थिक सहायता के साथ-साथ प्रोत्साहन किया जाता है। सभी ने इस पहल को समाज में एक नई उम्मीद और खुशहाली का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत इस प्रकार के आयोजन प्रदेश भर में किए जा रहे हैं, जो न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं बल्कि समाज में बेटियों के सम्मान को बढ़ावा भी देते हैं। इस विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोग इस पहल के महत्व और उसकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहे थे। इस आयोजन ने हनुमना क्षेत्र में खुशियों की लहर दौड़ा दी और स्थानीय समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया कि समाज के कमजोर वर्ग के लिए राज्य सरकार हमेशा तत्पर है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य एवं दवा वितरण शिविर सम्पन्न



**गुढ़ (नि.प्र)।** इंजी.स्व. संजय गुप्ता की याद में गठित समिति संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ द्वारा माह की प्रत्येक तीन तारीख को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपलब्ध दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया जाता है। जिसके क्रियान्वयन में 03 फरवरी सोमवार को चौदहवां निःशुल्क शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानंद क्लीनिक में किया गया जिसमें 97 मरीजो का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण डॉ.बृजेश कुमार गुप्ता एवं डॉ.आरती गुप्ता,डॉ. आकांक्षा गुप्ता एवं डॉ.साक्षी गुप्ता द्वारा किया गया। शिविर में निःशुल्क ब्लड शुगर,ब्लड प्रेशर की जांचें भी निःशुल्क की गईं। ज्ञात हो कि उक्त स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक माह की तीन तारीख को नियमित रूप से आयोजित किया जाता है व निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती हैं। अगला शिविर तीन मार्च सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

# 8 माह से जमीन का सीमांकन कराने तहसील का चक्कर लगा रहा किसान




**जवा ब्यूरो ।** जवा तहसील राजस्व निरीक्षक सर्किल डभौरा पटवारी हल्का छतैनी ग्राम लोनी 520 निवासी अशोक सिंह जो पेशे से किसान है व अपनी अंसरा गांव की आराजी न.80/14/1रकवा 0.344भूमि पट्टे की जमीन का सीमांकन कराने के लिए 8माह से जवा तहसील का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। पीड़ित किसान ने एसडीएम जवा को सौंपे ज्ञापन में शीर्घ सीमांकन कराये जाने की मांग है। इस संबंध में कृषक अशोक सिंह का कहना है कि तहसीलदार जवा द्वारा 25/6/2024को आर आई सर्किल डभौरा एवं पटवारी हल्का छतैनी को आदेशित कर शीघ्र सीमांकन कराने के आदेश दिया गया था। उसके बावजूद आज तक पटवारी हल्का छतैनी द्वारा जमीन का सीमांकन नही किया जा रहा है। कहते हैं कि मेरे द्वारा सीमांकन नहीं किया जायेगा, जो करना है कर लो। पीड़ित किसान ने आर आई सर्किल डभौरा एवं पटवारी हल्का छतैनी पर पक्षपात एवं विरोधियों से मिली भगत आरोप लगाते लगाते हुए एसडीएम जवा को आवेदन देकर शीघ्र सीमांकन कराने की गुहार लगाते कहा है कि सीमांकन ना होने पर तहसीलदार कार्यालय जवा के सामने आमरण अनशन शुरू करूंगा।

# मोह समस्त व्याधियों का मूल : डॉ.बीएन ओझा



**जवा ब्यूरो ।** संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन ग्राम कटांगी में वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रीवा रमाशंकर मिश्र के यहां आयोजित की जा रही है। श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य अनंत श्री विभूषित डॉक्टर बी.एन ओझा ने कहा कि मोह समस्त व्याधियों का मूल है अतः मोह से हमेशा बचना चाहिए उन्होंने कहा कि महाराज भारत अत्यंत ज्ञानी थे किंतु मृग के मोह में फंस गए इसके कारण उन्हें मृग योनि में जन्म लेना पड़ा जब उनका अगला जन्म ब्राह्मण कुल में हुआ तब जाकर वे मुक्ति पद को प्राप्त किये,इसी प्रकार से अजामिल का व्यामोह उसे भी पतन की ओर ले गया किन्तु भगवान नाम कीर्तन के कारण उसे भी सद्गति प्राप्त हुई तात्पर्य है कि मोह समस्त व्याधियों का मूल है अतः इसे हर संभव बचना चाहिए और यह एक दिन में नहीं होगा इसके लिए सतत प्रयास करना पड़ेगा रस-रस सूख सरित सर पानी, ममता त्याग करें जिम ज्ञानी। अर्थात जैसे धीरे-धीरे नदी और तालाब का पानी सूखता है उसी प्रकार धीरे-धीरे मोह का परित्याग करके सद्गति प्राप्त करने का उपाय करना चाहिए, क्योंकि मनुष्य का शरीर उत्तम लोक प्राप्ति के लिए ही है छुद्र कार्यों में इसे संलिप्त करने के लिए नही मिला है, अतः हम सभी को सावधान होकर व्यामोह से मुक्ति प्राप्त करना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा का समापन एवं बटुक चि.आदित्य का उपनयन संस्कार एवं भंडारा 7फरवरी को होगा। मुख्य यजमान रमाशंकर मिश्र,सत्यरूपा मिश्रा सहित उमाशंकर मिश्र, रोहणी प्रसाद मिश्र देवेन्द्र तिवारी जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा तिवारी, संतोष मिश्र, डॉ.नीलम मिश्रा, डॉ.सपना मिश्रा,आशीष द्विवेदी अमित आरती तिवारी ने समस्त क्षेत्रीय धर्मानुरागी भक्त जनों से श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने की अपील की है।

# निःशुल्क सर्विस कैंप संपन्न




**चाकघाट ।** बघेड़ी चाकघाट में स्थित एसआरएल. होंडा एजेंसी में होंडा कंपनी के समस्त टू व्हीलरों के लिए निःशुल्क सर्विस कैंप का आयोजन किया । त्योंथर तहसील एवं क्षेत्र के समस्त होंडा (बाइक) धारकों को भरपूर सुविधा देकर उनके मोटरसाइकिल की फ्री सर्विसिंग की गई। इस अवसर पर सर्विस एडवाइजर सत्यम केसरवानी, सर्विस टेक्निशियन मिस्टर स्टीफन आनंद के सुपरविजन में कुल 52 मोटरसाइकिलों की फ्री सर्विस की गई। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य एवं कंपनी के कर्मचारी व उनके शुभचिंतक भी उपस्थित रहे, जिसमें अवनीश केसरवानी, सत्येंद्र अग्रहरि, अविनाश गुप्ता, रितेश, रत्नेश, अभिषेक, अनूप कुमार, उज्जवल केसरवानी, सुरेश गुप्ता, आयुष इत्यादि शामिल हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा महाज्ञान यज्ञ का समापन

## भंडारे में हजारों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद



**लालगांव।** बूढ़ी माता मंदिर परिसर बेलवा बडगैयन लालगांव में फणीन्द्र शुक्ल द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महाज्ञान यज्ञ के समापन अवसर पर भारी संख्या मे आसपास के श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ मे आहुति डाली फिर प्रसाद पाने का पुण्य कमाया। कन्याभोज के साथ महाप्रसाद का आयोजन किया गया। डॉ विशुद्धानंद ब्रह्मचारी जी महराज के सानिध्य में आयोजित सात दिवसीय कथा में लोगों ने रसाच्छादन किया। भंडारे में ब्राह्मण, साधु संतों को भोजन कराने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण कराया गया। भंडारे के महाप्रसाद के पूर्व कथावाचक डॉक्टर विशुद्धानंद ब्रह्मचारी जी महराज ने श्रीमद्भागवत कथा की महिमा के साथ भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। भगवत ज्ञान महायज्ञ समापन के उपरांत महराज श्री डॉ.विशुद्धानंद ब्रह्मचारी जी का अगली यात्रा के लिए रवाना होने के पहले यजमान के साथ सभा परिवारजन व श्रद्धालओं ने रूंधे गले से विदाई कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

भंडारे के दिन मथुरा-वृंदावन से आये गीत संगीत के साथियो द्वारा भगवान की लीलाओं का सुंदर सजीव चित्रण कर बूढ़ी माता मंदिर परिसर के श्रद्धालुगणों को भक्ति भाव लीन कर भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी जी के साथ फूलो को होली खेली तथा मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की झांकी का सभी दर्शकों ने आरती उतार कर पूरे कार्यक्रम को एक उत्सव के रूप मे मनाया। भागवत महापुराण कथा समापन के महाप्रसाद अवसर पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज, पूर्व विधायक द्वय रामलखन शर्मा, के.पी. त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्त,जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर संगीता शर्मा, पत्रकार विनोद शर्मा,प्रमोद त्रिपाठी ए.यन.तिवारी रिटायर्ड कमिश्नर, राजेन्द्र शर्मा, कविता पाण्डेय, परमजीत सिंह डंग, अमिताभ मिश्र, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, प्रमोद सोहगौरा नीरज तिवारी ,मयंक शुक्ल, लेखराम दिवेदी, कार्यपालन अभियंता नरेंद्र मिश्र,धनंजय तिवारी ,सुशील चतुर्वेदी, अमित तिवारी रिंकू, कौशलेस मिश्र,शंखू भाई, अनिल कुशवाहा,अमित सोहगौरा, सुनील सिह बदरिका मोटर्स, शिवशंकर कुशवाहा, सोमेश शर्मा शंकर कछवाह, रूपेश गुप्त, शैलू भाई, राम पाण्डेय, अतुल पाण्डेय आदी स्वजन मौजूद रहे। भागवत कथा के यजमान सरोज फणीद्र शुक्ल तथा कथा आयोजक आशा- आशुतोष, प्रज्ञा- चंद्रमौलि, पूनम-अंशुमान, वाचस्पति,डा. शांतिभूषण, डॉ. चन्द्रभूषण, डॉ. विद्याभूषण संतोष, ऊँकार, रामलला हनुमान,पवन,बबलू डब्लू, प्रिन्स शेफाली,श्वेता, अमन सहित सभी पिछौरा शुक्ल परिवारजनों ने कथा श्रवण, हवन और भंडारे के महाप्रसाद में सम्मिलित होने आए श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# मित्र धर्म बड़े धर्मों में एक है : आचार्य राजेंद्र प्रसाद शुक्ला

## अंचल में बह रही है श्रीमद् भागवत कथा की रसधारा



**बड़ी हरदी ।** समदरिया परिवार में चल रही साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा सुदामा जी भगवान कृष्ण के परम भक्त व मित्र थे। गुरुकुल में एक साथ शिक्षा ग्रहण कर आगे अपने कर्ममार्ग के लिए चले गए जहां भगवान कृष्ण राजा थे वहीं सुदामा भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते । गरीबी के बावजूद हमेशा भगवान कृष्ण के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला गरीबी दरिद्रता से तंग हो कर सुदामा जी से बार बार आग्रह करती और कहती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। पर सुदामा भक्ति और संकोच में अपनी नियति समझ पत्नी को समझाते पर बार बार कहने पर एक दिन सुदामा द्वारका पहुंचते हैं, द्वार पर ही संत्रियो को बताते है की हम कृष्ण के मित्र है तो संतरी उनका हंसी मजाक उड़ाते हैं। आखिर उनके अनुनय विनय के बाद कृष्ण तक संदेश पहुंचाने एक द्वारपाल जाता है, जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है जो अपने आपको मित्र बता रहा है किंतु उसकी भेष भूषा अति दयनीय है, कहीं से भी आपके मित्र होने जैसा नही लग रहा। कृष्ण इतना सुनते ही नंगे पैर ही मुख्य दरवाजे की ओर दौड़ पड़े । जैसे ही सुदामा को देखते हैं, उसी पल मित्र-मित्र कह कर अपने गले से लगा लेते हैं । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंहासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। तंदूल में छुपाए चावल की पोटली खोल कर दो मुट्ठी चावल खाते ही दो लोकों का सुख वैभव दे देते हैं, वो तो मां लक्ष्मी ने रोक लिया वरना कृष्ण अपने मित्र और परम भक्त को संपूर्ण लोकों का सुख वैभव दे देने पर आतुर थे। आखिर सुदामा की विदाई हो गई पर खाली हाथ सुदामा सोच में पड़े रहे, क्या पाया क्या नहीं पाया। यही सोच भगवान का भजन करते अपने गांव लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। अगले प्रसंग में महाराज जी ने राजा परीक्षित का प्रसंग सुनाया जिसमें बताया की शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। आयोजित कथा के मुख्य यजमान प्रेमवती द्विवेदी और गजाधर प्रसाद द्विवेदी के साथ दीक्षा यजमान कृष्ण कुमार द्विवेदी,संगीता द्विवेदी,राजेंद्र द्विवेदी,प्रभा द्विवेदी,देवेंद्र द्विवेदी, पुष्पा द्विवेदी,पुष्पेंद्र द्विवेदी,अनामिका द्विवेदी कथा श्रवण कर रहे है श्रीमद्भागवत कथा में अमरेश पाण्डेय, भीमनारायण मिश्रा, राजेश मिश्रा, गंगा द्विवेदी ,रत्नेश द्विवेदी, अंबुज द्विवेदी,देवेश द्विवेदी,शिवेश द्विवेदी, संस्कार द्विवेदी,सूरज मिश्र, अनिल त्रिपाठी,जयप्रकाश शुक्ला सहित श्रोता भक्त मौजूद रहे।



# अभिषेक टी-20 के सितारे बनकर उभरे, शमी ने साबित की फिटनेस, सूर्यकुमार के खराब फॉर्म से भारतीय टीम चिंतित

## इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीत के साथ टीम मैनेजमेंट को मिले कई सवालों के जवाब

**जेएनएन, मुंबई**

भारतीय क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज के आखिरी टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को करारी शिकस्त देकर सीरीज 4-1 से अपने नाम की। पांचवें टी-20 में भारत ने इंग्लैंड को 150 रन के बड़े अंतर से हराया। भारत की यह जीत अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय में रनों के अंतर से उसकी दूसरी सबसे बड़ी जीत है। टीम ने इससे पहले 2023 में न्यूजीलैंड को 168 रनों से हराया था। इस सीरीज में भारतीय टीम प्रबंधन ने प्लेइंग इलेवन में कई बदलाव किए, लेकिन उससे टीम के प्रदर्शन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। इस सीरीज में अभिषेक शर्मा भारतीय टीम के नए सितारे बनकर उभरे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भी अभिषेक की जमकर तारीफ की। वहीं मोहम्मद शमी ने अपनी फिटनेस साबित की। इस मैच के प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक और सीरीज के प्लेयर ऑफ द सीरीज वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन भारत के लिए इस सीरीज की सबसे सकारात्मक चीजों में से एक रहा। वरुण ने इस सीरीज में 9.85 की औसत से 14 विकेट लिए, जबकि अभिषेक ने कुल 279 रन बनाए। भारत अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप के बारे में सोचना शुरू कर चुका है, और इन दोनों खिलाड़ियों ने कई मुश्किल सवालों के जवाब दे दिए होंगे। हालांकि, सूर्यकुमार यादव के खराब फॉर्म ने भारतीय टीम को थोड़ी चिंता में जरूर डाल दिया होगा।

### अभिषेक दमदार ओपनर

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में संजू सैमसन तो नहीं चले, लेकिन उनके जोड़ीदार अभिषेक शर्मा ने सीरीज में 279 रन बनाए हैं। वो सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। रिकार्ड शतक और एक फिफ्टी लगाकर उन्होंने खूब सारे रन बनाए। अन्य पारियों में भी उन्हें शुरुआत मिली थी, लेकिन उसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए थे। इस प्रदर्शन ने साबित कर दिया है कि अभिषेक थोड़ा और अनुभव हासिल करके टीम इंडिया के भरोसेमंद और दमदार ओपनिंग बल्लेबाज बन सकते हैं। अभिषेक के खेल में युवराज सिंह की झलक दिखाई देती है जो इस युवा क्रिकेटर के मार्गदर्शक भी रहे हैं।

### वरुण लीड स्पिनर

वरुण चक्रवर्ती ने 2024 में भारत की टी-20 टीम में वापसी के बाद कहर बरपाना जारी रखा है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में 12 विकेट चटकाए थे। अब इंग्लैंड के खिलाफ भी उन्होंने अपनी फिरकी से कहर बरपाते हुए कुल 14 विकेट चटका डाले हैं। इस फॉर्म को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि वरुण अब भारतीय टीम के लीड स्पिन गेंदबाज बन गए हैं। वे प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे।

### अभिषेक शर्मा की पारी 'क्लीन हिटिंग' का बेहतरीन उदाहरण

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने अभिषेक की जमकर तारीफ करते हुए 54 गेंद पर 135 रन की तूफानी पारी को 'क्लीन हिटिंग' का बेहतरीन उदाहरण बताया। बटलर ने कहा कि निश्चित रूप से हम इस तरह के परिणाम से बहुत निराश हैं। भारत ने शानदार बल्लेबाजी की। मुझे लगता है कि इसका श्रेय अभिषेक को जाता है। उनकी यह पारी 'क्लीन हिटिंग' के सर्वश्रेष्ठ उदाहरणों में से एक है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा इस पर विचार करते हैं कि हम क्या कर सकते हैं।



### शमी की वापसी अच्छी खबर



मोहम्मद शमी ने तीसरे टी-20 मैच में भारतीय टीम में वापसी की थी, जहां वो कोई विकेट नहीं ले पाए थे। मगर सीरीज के अंतिम मैच में उनकी गेंदबाजी में धार देखने को मिली। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में 2.3 ओवर गेंदबाजी करके कुल 3 विकेट चटकाए। शमी धीरे-धीरे लय पकड़ रहे हैं और असल मायनों में देखें तो उनके जैसे अनुभवी प्लेयर का प्लेइंग इलेवन में होना ही पूरी टीम के लिए मनोबल बढ़ाने के समान होता है।

### तिलक वर्मा अगले भरोसेमंद बल्लेबाज

क्रिकेट का फॉर्मेट कोई भी हो, बल्लेबाजी में तीसरा क्रम किसी भी टीम के लिए बहुत अधिक महत्व रखता है। पिछले कुछ मैचों में तीसरे क्रम का भार तिलक वर्मा को सौंपा गया है। नंबर-3 पर खेलते हुए अब तक तिलक ने 13 पारियों में 55.38 के शानदार औसत से 443 रन बनाए हैं। ये आंकड़े सबूत हैं कि तिलक नंबर-3 पर रहकर टीम इंडिया के अगले भरोसेमंद बल्लेबाज बन सकते हैं।

### सूर्यकुमार का शर्मनाक रिकॉर्ड

सूर्यकुमार यादव ने बतौर कप्तान सीरीज 4-1 से जीती, लेकिन बल्लेबाज के तौर पर वे पूरी तरह फेल रहे। पांच मैचों में सूर्यकुमार ने सिर्फ 28 रन बनाए, जो एक सीरीज में भारतीय कप्तान का सबसे खराब प्रदर्शन है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले साल तीन पारियों में वे 26 रन बना पाए थे। उनका औसत इस सीरीज में 5.60 का रहा। इससे पहले भी कप्तान के तौर पर सबसे कम औसत एक टी-20 सीरीज में सूर्यकुमार यादव का ही था। वे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले साल 8.66 के औसत से रन बना सके थे। रोहित शर्मा इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 14.33 के औसत से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2022 में 43 रन बनाए थे। रिषभ पंत ने भी उस साल कप्तानी की थी और उनका औसत एक बल्लेबाज के तौर पर 14.50 का था।



# ट्रेविस हेड को एलेन बॉर्डर पदक सदरलैंड को बेलिंडा क्लार्क सम्मान



**मेलबर्न, जेएनएन।** स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कारों में सोमवार को शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेटर के लिए प्रतिष्ठित एलेन बॉर्डर पदक के लिए चुना गया, जबकि युवा ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को सर्वश्रेष्ठ ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर के लिए बेलिंडा क्लार्क पदक से सम्मानित किया गया। पिछले साल तीनों प्रारूपों में 1,427 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन करने वाले हेड ने 208 वोट के साथ यह शीर्ष सम्मान हासिल किया। उन्होंने जोश हेजलवुड (158 वोट) और पैट कमिंस (147 वोट) को पछाड़ा। इस 31 वर्षीय बल्लेबाज को साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष वनडे क्रिकेटर भी चुना गया, जबकि वह साल के सर्वश्रेष्ठ टी-20 और टेस्ट खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में दूसरे स्थान पर रहे। किडनी रोग के बारे में जागरूकता के प्रयासों के लिए कैमरून ग्रीन को कम्युनिटी इम्पैक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह में माइकल क्लार्क, माइकल बेवन और क्रिस्टीना मैथ्यूज को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।



### सदरलैंड का पहला अवॉर्ड

सदरलैंड के लिए यह पहला ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कार था, जो उन्हें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अपने पहले टेस्ट शतक के कुछ ही दिनों बाद मिला। वह एमसीजी पर शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनीं। इस 23 वर्षीय ऑलराउंडर ने 12 महीने की वोटिंग अवधि की शुरुआत वाका में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 210 रनों की प्रभावशाली पारी के साथ की और फिर एशेज में 163 रन की पारी खेली। सदरलैंड को 168 वोट मिले। उन्होंने एशले गार्डनर (143 वोट) और बेथ मूनी (115 वोट) को पीछे छोड़ते हुए बेलिंडा क्लार्क पदक जीता।

### मूनी तीसरी बार साल की सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर

तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर जबकि युवा सैम कोन्सटास को साल का सर्वश्रेष्ठ युवा टेस्ट क्रिकेटर चुना गया। एशलेग गार्डनर को साल की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर, जबकि बेथ मूनी को तीसरी बार साल की सर्वश्रेष्ठ महिला टी-20 क्रिकेटर चुना गया। लेग स्पिनर एडम जंपा सर्वश्रेष्ठ टी-20 पुरुष क्रिकेटर बने।



# प्रज्ञाननंदा ने वर्ल्ड चैंपियन गुकेश को हराकर जीता टाटा शतरंज का खिताब

**जेएनएन, विज्क आन जी (नीदरलैंड)**

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन और वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को हराकर पहली बार टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। प्रज्ञाननंदा की इस जीत से भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज में अपना दबदबा भी कायम रखा। वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद गुकेश का यह पहला टूर्नामेंट था। भारतीय शतरंज का गढ़ बन चुके शहर चेन्नई के 19 वर्षीय प्रज्ञाननंदा ने रविवार को टाईब्रेकर में विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश को 2-1 से हराया। विजेता का चयन करने के लिए टाईब्रेकर का सहारा इसलिए लेना पड़ा, क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपने 13वें दौर के मुकाबले हार गए थे, जिसके बाद वे 8.5 अंक लेकर बराबरी करते। जहां गुकेश को अपने साथी भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना, पड़ा वहीं प्रज्ञाननंदा जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए।





प्रज्ञाननंद से मैच हारने के बाद गुकेश निराश हो गए थे।

■ प्रज्ञाननंदा टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने यह ट्रॉफी पांच बार जीती है।

"यह कितना रोमांच से भरा दिन था। मेरे पास इसको व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे वास्तव में जीत की उम्मीद नहीं थी, लेकिन चीजें मेरे अनुकूल होती रही। मेरे लिए यह दिन खास है, क्योंकि मैंने टूर्नामेंट जीता है। लेकिन निश्चित तौर पर यह तनाव से भरा दिन था। विंसेंट के खिलाफ मैं उस स्तर के आसपास भी नहीं खेल पाया, जिस स्तर पर मैं यहां खेल रहा था। मैं जीत का लक्ष्य लेकर यहां आया था, लेकिन चुनौती काफी कड़ी थी। मैं वास्तव में कल तक इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा था। मैं काफी थक चुका हूं और अब थोड़ा विश्राम करना चाहता हूं।

**- प्रज्ञाननंदा**

### लगातार दूसरे साल डी गुकेश टाईब्रेकर में हारे

प्रज्ञाननंदा ने केवल दो साल की उम्र से चेस खेलना शुरू कर दिया था। फाइनल के टाईब्रेकर मुकाबले में गुकेश ने पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई, लेकिन प्रज्ञाननंदा ने इसके बाद शानदार वापसी करके अगली दोनों बाजियां जीत कर खिताब अपने नाम किया। गुकेश को लगातार दूसरे वर्ष टाईब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा। पिछली बार वह चीन के चीनी वेई यी से हार गए थे।

# आईसीसी टीम ऑफ टूर्नामेंट में तृषा कमलिनी, आयुषी व वैष्णवी शामिल

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** भारत ने महिला अंडर-19 विश्व कप में चैंपियन बनने के बाद इस टूर्नामेंट की टीम में भी अपना दबदबा बनाया तथा जी तृषा सहित उसकी चार खिलाड़ियों को इसमें जगह मिली है। भारत ने रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर अपने खिताब का बचाव किया, जो उसने 2023 में पहली बार जीता था। आईसीसी के अनुसार टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई तृषा, उनकी सलामी जोड़ीदार जी कमलिनी के साथ-साथ वैष्णवी शर्मा और आयुषी शुक्ला की बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी ने टीम में जगह बनाई है। दक्षिण अफ्रीका की जेम्मा बोथा, इंग्लैंड की डेविना पेरिन और ऑस्ट्रेलिया की काओइमहे ब्रे को भी टीम में जगह मिली है। दक्षिण अफ्रीका की कायला रेनेके को टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है। श्रीलंका की चामोदी प्रबोदा, नेपाल की पूजा महतो और इंग्लैंड की केटी जोन्स टीम की अन्य सदस्य हैं।



# आरपीएसजी समूह ने हंड्रेड फ्रेंचाइजी मैनचेस्टर ओरिजिनल्स में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की

**लंदन, जेएनएन।** आईपीएल टीम लखनऊ सुपरजाएंट्स के मालिक संजीव गोयनका के आरपीएसजी समूह ने द हंड्रेड फ्रेंचाइजी मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के संचालन के लिए लंकाशर के साथ साझेदारी का अधिकार हासिल कर लिया। आरपीएसजी समूह ने फ्रेंचाइजी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई। आरपीएसजी समूह ने इससे पहले शुक्रवार को लंदन स्पिरिट के लिए असफल बोली लगाई थी। इस समूह ने हालांकि कथित तौर पर लगभग 116 मिलियन पाउंड में मैनचेस्टर स्थित द हंड्रेड की फ्रेंचाइजी में हिस्सेदारी हासिल कर ली।

# सैमसन की अंगुली में फ्रेक्चर, पांच से छह सप्ताह तक नहीं खेल पाएंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है, जिसके कारण वह एक महीने से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे और आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे। उन्हें मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टी-20 मैच के दौरान अंगुली में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद लगी थी। पता चला है कि सैमसन तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद ही ट्रेनिंग शुरू करेंगे। प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी से पहले उन्हें एनसीए की मंजूरी की जरूरत होगी। मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, सैमसन की दाहिनी तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है। उन्हें नेट पर अभ्यास शुरू करने में पांच से छह सप्ताह लगेंगे। इसलिए उनके आठ से 12 फरवरी तक पुणे में केरल (जम्मू-कश्मीर के खिलाफ) के लिए रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में खेलने की कोई संभावना नहीं है।



# 1890 के बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड का घरेलू मैदान पर सबसे खराब प्रदर्शन

**लंदन, जेएनएन।** मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर यूनाइटेड का इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और इन दोनों दिग्गज टीमों को अपने-अपने मैच में हार का सामना करना पड़ा। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल के खिलाफ दूसरे मिनट में ही गोल खा लिया था। इसके बाद उसने दूसरे हाफ में चार गोल गंवाए, जिससे उसकी टीम को आर्सेनल से 5-1 से करारी हार मिली। मैनचेस्टर यूनाइटेड का अपने घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह क्रिस्टल पैलेस से 2-0 से हार गया।



### ईपीएल : मैनचेस्टर सिटी और यूनाइटेड की करारी हार

यह मौजूदा सत्र में ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रीमियर लीग के 13 मैच में उसकी सातवीं हार है। यह उसका 1890 के बाद किसी एक सत्र में अपने घरेलू मैदान पर सबसे खराब प्रदर्शन है। आर्सेनल ने मैनचेस्टर सिटी पर जीत से दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके और शीर्ष पर काबिज लिवरपूल के बीच अब केवल छह अंक का अंतर रह गया है। मैनचेस्टर सिटी की लगातार पांचवें प्रीमियर लीग खिताब जीतने की संभावना लगभग खत्म हो गई है, क्योंकि वह लिवरपूल से 15 अंक पीछे है, जबकि अब केवल 14 मैच शेष बचे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

# 38वें नेशनल गेम्स में पलक ने जीता दूसरा गोल्ड राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली आशी चौकसे पदक से चूकीं

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश की पलक शर्मा ने 38वें नेशनल गेम्स के सातवें दिन सोमवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एक मीटर डाइविंग में स्वर्णिम सफलता अर्जित की। उत्तराखंड में खेले जा रहे नेशनल गेम्स में पलक का यह दूसरा स्वर्ण है, जबकि कुल तीसरा पदक है। इस इवेंट का कांस्य तमिलनाडु की मृणालिनी के और कांस्य महाराष्ट्र की शमा बंगेरा ने जीता। वहीं एक दिन पहले 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन महिला निशानेबाजी स्पर्धा में 598 स्कोर के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली आशी चौकसे पदक से चूक गईं। आशी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी, लेकिन वह सातवें स्थान पर रहीं। मध्यप्रदेश पदक तालिका में पांचवें नंबर पर है। मप्र के खिलाड़ियों ने अब तक 10 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कांस्य के साथ कुल 20 पदक हासिल किए। 22 स्वर्ण सहित 42 पदक के साथ कर्नाटक पहले स्थान पर है। इसमें 10 रजत व 10 कांस्य शामिल हैं।

### मध्यप्रदेश 10 स्वर्ण के साथ पदक तालिका में 5वें नंबर पर



पलक शर्मा

**नेशनल गेम्स की पदक तालिका**

| राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कर्नाटक | 22 | 10 | 10 | 42 |
| सर्विस | 19 | 10 | 09 | 38 |
| महाराष्ट्र | 15 | 26 | 20 | 61 |
| मणिपुर | 11 | 10 | 05 | 26 |
| मध्यप्रदेश | 10 | 05 | 05 | 20 |

### बास्केटबॉल टीम फाइनल में



मध्यप्रदेश की पुरुष बास्केटबॉल 3×3 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तेलंगाना और पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। टीम के खिलाड़ी तुशल सिंह, सूर्य सिंह, राकेश शर्मा और ब्रिजेश तिवारी मंगलवार को स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगे। मप्र ने तेलंगाना को 18-14 से और पंजाब को 21-16 से शिकस्त दी। हालांकि, महिला बास्केटबॉल 3×3 टीम को सेमीफाइनल मुकाबले में केरल से हार का सामना करना पड़ा। रोइंग में 11 में से 8 इवेंट्स में मध्य प्रदेश के खिलाड़ी फाइनल में पहुंच चुके हैं। 3 इवेंट्स में रेपेचाज मुकाबले बाकी हैं, जिनमें खिलाड़ियों के फाइनल में पहुंचने की संभावना है।

# डब्ल्यूपीएल: यूपी की टीम में हीली की जगह शिनेल, हीथर-गार्थ आरसीबी में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** यूपी वारियर्स ने 14 फरवरी से बड़ोदरा में शुरू होने वाले विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चोटिल एलिसा हीली के स्थान पर वेस्टइंडीज की शिनेल हेनरी को अपनी टीम में शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान हीली पैर की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के तीसरे सत्र में नहीं खेल पाएंगी। हेनरी ने वेस्टइंडीज की तरफ से अभी तक 62 टी-20 खेले हैं, जिसे उन्होंने 473 रन बनाने के अलावा 22 विकेट लिए हैं। वॉरियर्स ने 30 लाख रुपए के आधार मूल्य पर उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है। इस बीच गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने सोफी डिवाइन और केट क्रॉस की जगह हीथर ग्राहम और किम गार्थ को अपनी टीम में लिया है। डिवाइन और क्रॉस ने व्यक्तिगत कारणों से इस साल डब्ल्यूपीएल से हटने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड की 35 वर्षीय खिलाड़ी डिवाइन ने खेल से अनिश्चितकालीन ब्रेक लिया है। इंग्लैंड की ऑलराउंडर क्रॉस पीठ की चोट से उबर रही हैं। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्राहम ने पांच टी-20 मैच खेले हैं और आठ विकेट लिए हैं। गार्थ ने 56 वनडे और चार टेस्ट के अलावा 59 टी-20 में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है। वह डब्ल्यूपीएल में पहले गुजरात जाएंट्स की तरफ से खेल चुकी है। आरसीबी ने इन दोनों खिलाड़ियों को 30-30 लाख रुपए के आधार मूल्य में टीम से जोड़ा है।



### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिये आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** मनगवां तहसील अन्तर्गत सेवा सहकारी समिति नवागांव समिति की शासकीय उचित मूल्य दुकान हर्दी नं. 2 के संचालन के लिये पात्र संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनगवां से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को शाम 5 बजे तक पात्र संस्थाएँ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

### कृष्णा गौर 9 फरवरी को रीवा होकर प्रयागराज जायेंगी

**रीवा।** पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा 9 फरवरी को प्रातः रीवा पहुंचेगी तथा दोपहर 12 बजे कार द्वारा प्रयागराज रवाना होंगी। गौर 11 फरवरी को अपरान्ह 2 बजे रीवा आकर रात्रि 8 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल रवाना होंगी।

Dr. Juneja's पेट सफा® Natural Laxative GRANULES & TABLETS
कब्ज़ • गैस एसिडिटी
पेट सफा तो हर रोग दफा
24x7 Helpline 91197 88888 www.petsaffa.com Available at all medical & general stores
NO.1 BRAND
दिविसा हर्बल केयर प्रस्तुत करते हैं पेट सफा आयुर्वेदिक ग्रेन्यूल्स एवं टेबलेट्स, जिसे सेवन करना है बिल्कुल आसान, और परिणाम है पहले दिन से
Clinically Tested*
इसकी आदत भी नहीं बनती
Divisa

## फॉलोअर्स बढ़ाने युवक ने कट्टे के साथ डाली रील



**रीवा।** फेसबुक और इंस्टाग्राम में फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक युवक ने अवैध कट्टा के साथ रील बनाकर वायरल की थी जिसे सगरा पुलिस ने गिरफ्तार कर आर्क्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। युवक ने फेसबुक और इंस्टाग्राम में अपने फॉलोवर्स बढ़ाने के लिए अवैध हथियार का प्रदर्शन करते हुए वीडियो वायरल किया था। जैसे ही इस बात की जानकारी पुलिस को हुई तो पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि सगरा थाना क्षेत्र में रहने वाला शुभम सिंह उर्फ लकी ने अपनी फेसबुक और इंस्टाग्राम आईडी बना रखी है, जिसमें वह कई तरह की वीडियो डालता था, लेकिन फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए उसने शॉर्टकट का रास्ता अपनाया और कुछ अलग करने की नीयत से उसने अवैध हथियार का प्रदर्शन कर डाला। जिसके बाद एक्टिव हुई सगरा पुलिस ने युवक के कब्जे से अवैध कट्टा जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी MBBS, MD (Dermatology & STD)
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश) परामर्श शुल्क मात्र 300/-
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.) 9399312433 9981287311

# नहीं काम आया कांग्रेस नेताओं का विरोध प्रदर्शन



### इन पदाधिकारियों को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार



एनएसयूआई. जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में कॉलेज चौराहा में देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) पर लगाए गए प्रतिबंध की ऐतिहासिक घटना को उजागर करने हेतु पोस्टर लगाने का अभियान चलाया जा रहा था। अभियान स्थल पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय एवं उनके साथियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान एनएसयूआई.प्रदेश सह सचिव निकिता शर्मा, अभिराज बौद्ध, अजय सिंह, अर्पित तिवारी, संजीव द्विवेदी, बलराम तिवारी, नितकर्ष मिश्रा, आशु मिश्रा, सानुराग सिंह, वेदनारायण तिवारी, प्रांशु द्विवेदी, अमन द्विवेदी, कुंदन वर्मा, निखिल प्रताप सिंह, मोहित शुक्ला, आशु अग्निहोत्री, शिवम त्रिपाठी, अनिकेत पयासी, अर्पण तिवारी, जितेंद्र गौतम, संजू कुशवाहा सहित अन्या छात्र नेता गिरफ्तार किए गए।

**इन्हें भेजा गया जेल :** पुलिस ने जिन छात्र नेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है उनमें एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रवि सुमित सिंह, जिला उपाध्यक्ष अभिराज बौद्ध व कुंदन साकेत का नाम शामिल है। इन्हें बीएनएसएस की धारा 170 के तहत जेल भेजा गया है।

### आरएसएस विरोधी पोस्टर लगाने पर एनएसयूआई के तीन नेताओं को भेजा जेल

### सैकड़ों छात्रों को किया गया था गिरफ्तार

जागरण, रीवा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विरोध करने और पोस्टर लगाने पर एनएसयूआई के तीन नेताओं को जेल भेज दिया गया। हलांकि इस मामले में सैकड़ों छात्रों की हुई गिरफ्तारी की गई थी। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित कई नेता विरोध प्रदर्शन करने भी पहुंचे लेकिन इस असर नहीं हुआ। तीन छात्राओं को मुख्य आरोपी बनाते हुए जेल भेज दिया। हालांकि कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने पुलिस को सीधे तौर पर अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 1 घंटे के भीतर अगर छात्रों की रिहाई नहीं हुई तो वह उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा ने छात्रों की गिरफ्तारी को पूरी तरह से गलत और असंवैधानिक बताया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश का कानून देश के सभी नागरिकों को अपनी बात रखने की अभिव्यक्ति की आजादी देता है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी सत्ता का दुरुपयोग करते हुए विरोध करने वालों की आवाज को दबाने और कुचलने का प्रयास करती है। जानकारी के मुताबिक एनएसयूआई छात्र संगठन द्वारा आरएसएस के विरोध में रीवा में बीते दो दिनों से विरोध प्रदर्शन करते हुए शहर के चौराहों और बाजारों में पोस्टर लगाए जा रहे थे। एनएसयूआई द्वारा पोस्टर के माध्यम से यह बताया जा रहा था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महात्मा गांधी के हत्यारे गोडसे की विचारधारा को बढ़ावा दे रही है, जिस पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाना चाहिए। सोमवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर जब एनएसयूआई छात्र एक बार फिर आरएसएस विरोधी पोस्टर लगा रहे थे तभी पुलिस के द्वारा दर्जन भर से अधिक छात्रों की गिरफ्तारी कर उन्हें पुलिस कंट्रोल रूम ले जाया गया। पुलिस ने उपद्रव करने पर छात्रों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के बाद कुछ को छोड़ दिया है।

## खड़े ट्रक में पीछे से टकराया ट्रेलर, चालक घायल

**जागरण, रीवा।** बनारस नेशनल हाईवे में देवतालाब स्थिति तमरी ओवर ब्रिज के पास सोमवार की सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा रहा ट्रेलर टकरा गया। घटना में ट्रेलर का चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है जबकि खलासी मौके से फरार हो गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए मऊगंज जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मऊगंज जिले के रीवा बनारस नेशनल हाईवे में लौर थाना क्षेत्र के तमरी ओवर ब्रिज के ऊपर सड़क किनारे खड़े ट्रक में मनगवां से मऊगंज की ओर जा रहा ट्रेलर टकरा गया। इस सड़क हादसे में जहां दोनों वाहन के परखच्चे उड़ गए वहीं एक ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जबकि खलासी मौके से फरार हो गया है। घायल चालक को उपचार के लिए मऊगंज जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है।

## शातिर बदमाश राहुल रसिया गिरफ्तार

### अपहरण व मारपीट के मामले में पुलिस कर रही थी तलाश

**जागरण, रीवा।** अमहिया पुलिस ने लंबे समय से अपहरण व मारपीट मामले में फरार चल रहे शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी राहुल रसिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायालय द्वारा उसे जेल भेज दिया गया हैं। बताया गया है कि आरोपी राहुल रसिया 29 दिसंबर 2024 को बृजेश विश्वकर्मा निवासी ग्राम भटनवारा थाना उचेहरा जिला सतना हाल निवासी पुष्पराजनगर से रात करीब 10 बजे अपने तीन अन्य साथियों के साथ उठा ले गया था और मारपीट करने के बाद छोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी राहुल रसिया, टिंकू खान व शेखू अंसारी ओर राशिद अंसारी जे विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की थी। घटना में शामिल दो आरोपी पूर्व में पकड़े गए थे जबकि राहुल रजक उर्फ राहुल रसिया पिता हरीश रजक 27 वर्ष निवासी रसिया मोहल्ला फरार था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## बीहर उन्नत पुल से नीचे गिरा बाइक सवार, मौके पर मौत

### सिविल लाइन पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी



**जागरण, रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत बीहर उन्नत पुल के पास बीती रात हुए दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक छोटी पुल के पास टर्निंग में बाइक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार बाइक सहित पुल के नीचे जा गिरा और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसा रात करीब 11.50 बजे के आसपास का बताया गया है। घटना में राजबहादुर कुशवाहा पिता जयराम कुशवाहा 46 वर्ष निवासी नयागांव थाना सभापुर जिला सतना की मौत हो गई। सोमवार को पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी दी गई कि बाइक सवार काम से वापस घर लौट रहा था, तभी छोटी पुल के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। देर रात हुए इस हादसे की सूचना परिजनों को सिविल लाइन पुलिस ने दी थी। घटना के बाद पुलिस ने मामले को जांच में लेकर दुर्घटना कारित करने वाले वाहन की पता तलाश शुरू कर दी है। घटना के संबंध में अस्पताल पहुंचे परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि नयागांव निवासी राजबहादुर कुशवाहा पेशे से टाइल्स लगाने का काम करता था, जो शहर के ही ढेकहा मोहल्ले में किराए का कमरा लेकर निवास करता था। बताया गया कि बीती रात युवक नया बस स्टैंड के समीप से काम कर वापस घर लौट रहा था, तभी छोटी पुल के समीप किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सिविल लाइन पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

## संदिग्ध अवस्था में मिली युवक की लाश




**रीवा।** मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवा पैकान में हाईवे के किनारे एक युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। जिस स्थान पर युवक की लाश मिली है, वहां पर बिजली का खंभा है, जिससे आशंका है कि करंट से युवक की मौत हुई है। मृतक की शिनाख्त खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्तगी का प्रयास शुरू कर दिया है।

आवश्यकता है
ओंकारेश्वर महादेवालय (दैनिक जागरण) रीवा में 50 वर्ष से अधिक आयु के एक योग्य सहयोगी पुजारी की आवश्यकता है, जिसे संस्कृत भाषा में पूजा पाठ का ज्ञान हो
वेतन- योग्यतानुसार, रहने की सुविधा
इच्छुक पुजारी सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच संपर्क करें।
मो.: 9425056230

स्कूल बस बेचना है
मॉडल नं.: 2007
गाड़ी नं.: MP17P0219
शीघ्र संपर्क करें
प्रमोद शर्मा
बिरला केबल लिमिटेड
उद्योग विहार चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
7869966273

## महाकुंभ के श्रद्धालुओं की व्यवस्था की लिए तीन सोहागी पहाड़ में डटे आईजी

### कैंप लगाकर सहयोगियों को दे रहे दिशा निर्देश



जागरण, रीवा। प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रीवा पुलिस मुस्तैद है। प्रभारी आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय स्वयं पिछले तीन दिनों से सोहागी पहाड़ में डेरा जमा लिया है। उन्होंने सोमवार को सोहागी में बनाए गए प्वाइंट का निरीक्षण किया साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बतादें कि सोहागी में वाहनों की चेकिंग के लिए विशेष प्वाइंट बनाया गया है। सोहागी में सड़क दुर्घटनाओं का रोकने पुलिस ने विशेष अभियान चलाया था। शराब के नशे में ड्राइविंग करते पकड़े गए वाहन चालकों पर पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई भी की थी। प्रभारी आईजी साकेत पाण्डेय ने बताया कि बसंत पंचमी में प्रयागराज महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रीवा से चाकघाट तक वाहनों की भीड़ को कंट्रोल करने रीवा बॉर्डर पर पुलिस ने विशेष व्यवस्था बनाई गयी है जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। इस दौरान उन्होंने सोहागी घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए भी पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि श्री पांडेय ने पूर्व में आईजी महेंद्र सिंह सिकरवार के साथ मिलकर मेडिकल नशा को रोकने विशेष रणनीति बनायी थी जिसका सकारात्मक लाभ मिला। कई बड़े गिरोह का पर्दाफॉश व उनके खिलाफ कार्रवाई हुई।

## बीड़ी पैकेट में भगवान के चित्र का विरोध, मामला दर्ज

### विश्व हिंदू संगठन बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने की शिकायत

जागरण, रीवा। बीड़ी के पैकेट में भगवान के चित्र दिखने के बाद विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर मामले की शिकायत रायपुर कर्चुलियान थाना में दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता रवि यादव पिता अभिमन्यु यादव 25 वर्ष निवासी मढ़ी सुरसा ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि कान्हा गोल्ड फिल्टर बीड़ी के उत्पादक तस्लीम आरिफ द्वारा नशीले पदार्थ बीड़ी के पैकेट में हिंदू देवी देवताओं का चित्र का उपयोग कर धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाई जा रही है। पुलिस ने शिकायती आवेदन की जांच के बाद मामले में धारा 299 बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल जिला गौ रक्षा प्रमुख के कार्यकर्ताओं ने बताया कि बीड़ी उत्पादक कंपनी मऊगंज के टडहर में स्थित है, जिसके बाहरी हिस्से में कंपनी के मालिक का नाम तस्लीम आरिफ लिखा हुआ है, साथ ही पैकेट में भगवान श्रीकृष्ण की फोटो का चित्र छपवाकर बाजार में बेचा जा रहा है, जिससे हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। फिलहाल अब पुलिस मामला पंजीबद्ध कर कंपनी संचालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

## अवैध उत्खनन से तंग ग्रामीणों ने खनन माफिया के खिलाफ खोला मोर्चा

**रीवा।** रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत पहड़िया में लगातार बिना लीज के शासकीय खदानों में दबंगों का कब्जा है, साथ ही अवैध ब्लास्टिंग से घर की दीवारें भी टूट रही हैं, जिससे ग्रामीण अब अवैध उत्खनन से परेशान होकर खनन माफिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिए हैं। बताया गया कि जिस स्थान पर खनन किया जा रहा है उससे महज 200 मीटर की दूरी पर स्कूल भी है। पत्थर से ओवर लोडिंग वाहन बस्तियों से हो कर जाते हैं जिससे पत्थर गिरने से 1 व्यक्ति घायल भी हुआ है, लगातार हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर ग्रामीण अब सड़क पर उतर आए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत पहड़िया गांव में एपीएस कंपनी की पहाड़ियों में माइनिंग कंपनियों द्वारा अवैध खनन करते हुए अवैध रूप से जल दोहन किया जा रहा है। जमीन से करीब 300 फीट नीचे तक ब्लास्टिंग करके खुदाई करते हुए जल दोहन के चलते गांव व आसपास के डार्क जोन में खेती के साथ पीने का पानी भी खराब हो गया है। इसका असर आसपास के कई गांवों में पहुंच गया है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर ऐसे ही हालात रहे तो आने वाले समय में करीब 5 गांवों में जमीनी पानी पर असर पड़ेगा। इस मामले में ठोस कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा अवैध उत्खनन रोकने के लिए खुद सड़क पर उतर आए। ग्रामीण श्रीकांत तिवारी ने बताया की कई बार शिकायतों के बावजूद भी अधिकारियों की नाक के नीचे अवैध ब्लास्टिंग धड़ल्ले से चल रही है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से सुरक्षा के साथ-साथ कार्रवाई की मांग की है।

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
9302496943
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गायेल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रेनू यादव
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपतियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
• IUI, IVF, ICSI
• फ्रोजन एम्ब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
• एग फ्रीजिंग
• एम्ब्रियो फ्रीजिंग
• स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फेलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन
एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

द हार्ट क्लीनिक
डॉ. शिरीष मिश्रा
M.D. मेडिसिन, .D.N.B. कार्डियोलॉजी,
कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व कंसलटेन्ट - मैक्स हॉस्पिटल & B.L कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली
प्रतिदिन रहेंगे उपलब्ध
परामर्श- हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, दिल की धड़कन अनियमित होना, चक्कर आना, स्टेंट, पेसमेकर, वॉल्व बायपास इत्यादि के मरीजों का फालो-अप, जन्मजात हृदय रोग।
जांच सुविधाएं- इकोकार्डियोग्राफी, टी एम टी, ई सी जी, होल्टर, ए बी पी एम, अत्याधुनिक पैथोलॉजी (खून एवं मूत्र जांच)
स्थान- आराध्या मेडिकल स्टोर
समदड़िया गोल्ड मॉल, शॉप नं. 27 मी एण्ड मोम्स के बगल में, बाल भारती स्कूल के सामने, सिरमौर चौक, रीवा (म.प्र.)
फोन न.- 07662 454917 मोबाइल न.: 9752244218
सभी दवाईयों पर 10% की विशेष छूट
व्यवस्थापक :- राहुल तिवारी निरंजन मेडिकल

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुंहासे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.- 7223850184, 7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com